www.tamsasanket.com
वर्षः 29 || अंक 343 || अम्बेडकरनगर
गुरुवार
12 मार्च 2026 || पृष्ठः 08 || मूल्यः ₹2
आज़ादी का अमृत महोत्सव
समूह संपादक- डॉ. ओ.पी. मिश्रा
https://epaper.tamsasanket.com

दैनिक
# तमसा संकेत
अम्बेडकर नगर व लखनऊ से एक साथ प्रकाशित
डॉ. लोहिया की जन्म भूमि से सर्वप्रथम प्रकाशित समाचार पत्र

मौसम
सूर्योदयः 06:20
सूर्यास्तः 06:13
अधिकतमः 39°00
न्यूनतमः 19°00



पेज 07

विशेष समाचार आपूर्ति श्रृंखला पर दबाव के ... >>पेज 04 | गुरुग्राम के भीमसेना प्रमुख... >>पेज 06 | 'एक दिन' का ट्रेलर रिलीज...

# स्पीकर बिरला के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव खारिज

## शाह बोले- आंख मारने वाले स्पीकर पर सवाल उठा रहे, विपक्ष ने माफी मांगो के नारे लगाए

शाह की स्पीच के दौरान विपक्षी सांसदों ने सदन में नारेबाजी की। विपक्षी सांसदों ने अमित शाह माफी मांगो के नारे लगाए।

**चर्चा**

तमसा संकेत, एजेंसी

नई दिल्ली । लोकसभा में बुधवार को स्पीकर ओम बिरला को पद से हटाने वाला अविश्वास प्रस्ताव ध्वनिमत से खारिज हो गया। गृह मंत्री अमित शाह ने 56 मिनट तक प्रस्ताव पर सरकार की तरफ से जवाब दिया। इस दौरान उन्होंने राहुल गांधी और कांग्रेस पर जमकर हमला बोला। शाह ने कहा कि 18वीं लोकसभा में कांग्रेस सांसदों को बोलने के लिए भाजपा से दो गुना ज्यादा समय मिला।

>> (शेष पेज 06 पर)

**भाजपा सांसद मनन कुमार मिश्रा ने कहा- राहुल गांधी की आदत है कि वो एक प्रस्ताव पेश करेंगे और जब चर्चा का समय आएगा, उसके बाद वो भाग जाएंगे। राहुल गांधी पार्लियामेंट का समय बर्बाद करना चाहते हैं, पार्लियामेंट को बाधित करना चाहते हैं, यही उनका काम है।**



### बिरला ने प्रस्ताव के निपटारे तक सदन नहीं जाने का फैसला लिया था

लोकसभा स्पीकर ओम बिरला अविश्वास प्रस्ताव के बाद से लोकसभा की कार्यवाही की अध्यक्षता में शामिल नहीं हुए। करीब 119 विपक्षी सांसदों ने आरोप लगाया कि स्पीकर सदन चलाते समय पक्षपात कर रहे हैं और विपक्ष को बोलने का पर्याप्त मौका नहीं दिया जा रहा। प्रस्ताव लंबित रहने के दौरान ओम बिरला ने संसदीय परंपरा का हवाला देते हुए नैतिक आधार पर कार्यवाही की अध्यक्षता न करने का फैसला लिया। इस दौरान सदन की कार्यवाही पैनल ऑफ चेयरपर्सन के सदस्य चलाते रहे। अब प्रस्ताव खारिज होने के बाद बिरला सदन की कार्वयाही की फिर से अध्यक्षता कर सकते हैं।

### शाह ने बताया- विपक्ष के नोटिस में कई गलतियां, स्पीकर ने ठीक कराईं

अमित शाह ने कहा, स्पीकर के खिलाफ प्रस्ताव के नोटिस में 2026 की जगह 2025 लिखा था। जब विपक्ष के ध्यान में लाया गया तो उन्होंने नोटिस वापस ले लिया। दूसरे नोटिस में सिर्फ गौरव गोगई के रियल साइन थे। सभी विपक्षी सांसदों को जेरोक्स साइन थे। ऐसे में नोटिस खारिज हो सकता है। लेकिन इनमें इतनी गंभीरता नहीं है कि नोटिस नियमों के हिसाब से लाएं। फिर भी स्पीकर के ऑफिस ने विपक्ष को मौका दिया कि गलतियां है। सुधार लो। >> (शेष पेज 06 पर)



**विपक्ष के नेता स्पीकर के खिलाफ प्रस्ताव पर भी कुछ नहीं बोलते। फिर प्रस्ताव लाते क्यों है। एक तो बोलना नहीं चाहते हैं। बोलना चाहते लेकिन नियम अनुसार नहीं बोलना चाहते हैं।**
**-अमित शाह, गृह मंत्री**

### शाह ने कहा- 17वीं लोकसभा में राहुल की उपस्थिति 51% थी

विपक्ष के नेता राहुल गांधी अपने अधिकारों की बात करते हैं। 17वीं लोकसभा में उनकी उपस्थिति 51% थी। राष्ट्रीय औसत 67% है।

वेणुगोपाल ने टोका- ये प्रस्ताव स्पीकर के लिए या नेता प्रतिपक्ष के खिलाफ।

शाह ने कहा- एक भी विधेयक पर चर्चा में हिस्सा नहीं लिया। 25वीं केंद्रीय बजट में भी चर्चा में भाग नहीं लिया। उनकी पार्टी 4 दशक के बाद ऐसा प्रस्ताव लेकर आई है, उस पर भी राहुल गांधी ने हिस्सा नहीं लिया। फिर कहते हैं बोलने नहीं दिया जाता। मुझे लगता है वे बोलना ही नहीं चाहते।



### राहुल ने कहा- पीएम कॉम्प्रोमाइज, रविशंकर बोले- नेवर, नेवर

राहुल गांधी ने लोकसभा में कहा कि हम जब भी बोलने को होते हैं हमे रोका-टोका जाता है। उन्होंने कहा कि यह चर्चा लोकतंत्र और स्पीकर की भूमिका पर है। कई मौकों पर मेरा नाम लिया गया। हर समय हमें बोलने से रोका गया। राहुल गांधी ने कहा- यहां कई बार डेमोक्रेटिक प्रोसेस के बारे में चर्चा हुई। कई बार मेरा नाम लिया गया है। >> (शेष पेज 06 पर)

### एनसीईआरटी का विवादित चैप्टर बनाने वाली टीम के खिलाफ निर्देश

नई दिल्ली । सुप्रीम कोर्ट NCERT के कक्षा 8वीं की सोशल साइंस की किताब में 'करप्शन इन द ज्यूडिशियरी' नाम का सब-चैप्टर तैयार करने वाली टीम को हटाने की तैयारी में है।

कोर्ट ने केंद्र सरकार, सभी राज्य सरकारों और पब्लिक फंडेड इंस्टीट्यूशन्स को निर्देश दिया है कि NCERT के सोशल साइंस करिकुलम के चेयरपर्सन प्रोफेसर मिशेल डेनिनो को पाठ्यक्रम से अलग करें।

साथ ही, उनके दो अन्य सहयोगी सदस्यों दिवाकर और आलोक प्रसन्न कुमार को भी किसी भी तरह से पाठ्यक्रम तैयार करने की प्रक्रिया में शामिल न किया जाए। इसके अलावा, तीनों को नेक्स्ट जनरेशन टेक्स्टबुक्स को अंतिम रूप देने की प्रक्रिया से भी अलग किया जाए।

# देशभर में एलपीजी की किल्लत एजेंसी के बाहर लंबी लाइनें

## यूपी-बिहार में पुलिस सुरक्षा में सिलेंडर बंट रहे, अयोध्या में राम रसोई बंद

**हाहाकार**

तमसा संकेत, एजेंसी

नई दिल्ली । अमेरिका-इजराइल की ईरान से जंग की वजह से देशभर में LPG की किल्लत हो रही है। गैस सिलेंडर लेने के लिए एजेंसियों पर लंबी लाइनें लगी हैं।

दिल्ली, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, उत्तर प्रदेश और राजस्थान समेत कई राज्यों ने कॉमर्शियल गैस सिलेंडर की सप्लाई पर रोक से होटलों और रेस्टोरेंट्स में खाना नहीं बन पा रहा है। वहीं, LPG सिलेंडर की किल्लत के चलते अयोध्या में राम रसोई को बंद कर दिया गया है।

>> (शेष पेज 06 पर)



### घरेलू सिलेंडर की डिलीवरी 2.5 दिन में



इस बीच देश में रसोई गैस (LPG) की कमी की खबरों को सरकार ने फेक बताया। जनता से शांत रहने की अपील की और LPG की कमी को लेकर झूठी खबरें न फैलाने को कहा है।

>> (शेष पेज 06 पर)

**देश में ईंधन की कोई कमी नहीं है और लोग घबराकर 'पैनिक बुकिंग' न करें। सप्लाई चेन को दुरुस्त रखने के लिए घरेलू एलपीजी का उत्पादन 25% तक बढ़ा दिया गया है।**

**कुछ जगहों पर गलत जानकारी की वजह से लोग पैनिक बुकिंग और जमाखोरी कर रहे हैं। ग्राहकों को घबराने की जरूरत नहीं है, सप्लाई पूरी तरह सामान्य है।**

## तमिलनाडु में कहा-वेस्ट एशिया मामले ने सबपर असर डाला, पैनिक होने की जरूरत नहीं

# कांग्रेस के युवराज छोटे दायरे में सिमटे : पीएम



पीएम ने तमिलनाडु में 5 नई ट्रेनों को हरी झंडी दिखाई।

**संबोधन**

तमसा संकेत, एजेंसी

चेन्नई/कोच्चि । PM नरेंद्र मोदी बुधवार को केरलम (केरल) दौरे पर हैं। उन्होंने एर्नाकुलम के कोच्चि में 10,800 करोड़ की कई विकास परियोजनाओं का उद्घाटन किया। इसके बाद NDA की एक चुनावी सभा को संबोधित किया। इस दौरान लोकसभा सांसद राहुल गांधी की आलोचना की।

प्रधानमंत्री ने कहा- कांग्रेस के युवराज को यह नहीं पता कि भारत के युवा आज ड्रोन मैन्युफैक्चरिंग में कमाल कर रहे हैं। उन्हें यह भी नहीं पता कि केरल के युवाओं ने ड्रोन विकसित करने के लिए स्टार्टअप शुरू किए हैं। >> (शेष पेज 06 पर)



PM ने एर्नाकुलम जिले के कोच्चि में 300 मीटर लंबे रोड शो के दौरान लोगों का अभिवादन किया।

### केरल को मलयाली नाम मिला, लोगों के चेहरों पर इसकी खुशी : पीएम

NDA की सभा से पहले PM अखिल केरल धीवर सभा के गोल्डन जुबली समारोह में शामिल हुए। यहां उन्होंने कहा- केंद्र सरकार ने केरल का नाम बदलकर 'केरलम' करने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। यह मलयाली लोगों के लिए खुशी का पल है। उनके चेहरे पर खुशी साफ दिख रही है। प्रधानमंत्री मोदी ने कोच्चि में रोड शो भी किया। उन्होंने जवाहरलाल नेहरू इंटरनेशनल स्टेडियम में आयोजित करीब 300 मीटर लंबे रोड शो के दौरान कार की सनरूफ से लोगों का अभिवादन किया।

# मुख्य चुनाव आयुक्त को हटाने का प्रस्ताव तैयार

## आज संसद में पेश किया जा सकता है

तमसा संकेत, एजेंसी

नई दिल्ली । विपक्षी दलों ने मुख्य चुनाव आयुक्त (CEC) ज्ञानेश कुमार को पद से हटाने के लिए प्रस्ताव लाने के लिए सांसदों के दस्तखत जुटा लिए हैं। सूत्रों के अनुसार यह प्रस्ताव गुरुवार या शुक्रवार को संसद के दोनों सदनों (लोकसभा और राज्यसभा) में पेश किया जा सकता है।

एक वरिष्ठ सांसद ने बताया कि हस्ताक्षर जुटाने का काम पूरा हो गया है। अब तक लोकसभा में प्रस्ताव देने के लिए लगभग 120 सांसदों और राज्यसभा में लगभग 60 सांसदों ने इस नोटिस पर दस्तखत किए हैं। लोकसभा में CEC को हटाने के प्रस्ताव के लिए कम से कम 100 सांसदों के हस्ताक्षर जरूरी होते हैं। राज्यसभा में इसके लिए कम से कम 50 सांसदों के हस्ताक्षर जरूरी होते हैं। सूत्रों के मुताबिक यह नोटिस INDIA गठबंधन के सभी दलों के सांसदों ने मिलकर साइन किया है।

>> (शेष पेज 06 पर)





**लोकसभा के 120, राज्यसभा के 60 सांसदों ने दस्तखत किए**

### रायपुर में विंग कमांडर ने किया सुसाइड

रायपुर । रायपुर में एयरफोर्स के विंग कमांडर ने सुसाइड कर लिया है। पुरैना स्थित विधायक कॉलोनी में विंग कमांडर की घर के अंदर फांसी पर लटकती लाश मिली है। पुलिस के मुताबिक, विपुल यादव (39) ने पुरैना विधायक कॉलोनी स्थित बंगला नंबर-79 में घर के कमरे में फांसी लगा ली। विपुल हरियाणा के रहने वाले थे और रायपुर में तैनात थे। छत्तीसगढ़ में एंटी नक्सल ऑपरेशन से जुड़े दायित्व भी संभाल रहे थे। 11 मार्च की सुबह घर में बेडरूम में उनका शव पंखे से लटका मिला। सबसे पहले घर की मेड ने देखा और पुलिस को सूचना दी। कमरे से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला। उस समय दूसरे कमरे में उनके दोनों बच्चे सो रहे थे, जबकि उनकी पत्नी काम के सिलसिले में दिल्ली गई हुई थीं। दोनों की 2014 में लव मैरिज हुई थी। पत्नी पहले एयरफोर्स में काम करती थीं और फिलहाल आईटी सेक्टर में कार्यरत हैं।

## ओमान की नौसेना ने 20 क्रू मेंबर का रेस्क्यू किया, 3 अभी भी लापता

# गुजरात आ रहे थाई जहाज पर होर्मुज स्ट्रेट में हमला

**जंग**

तमसा संकेत, एजेंसी

तेल अवीव/तेहरान । गुजरात आ रहे थाईलैंड के एक कार्गो जहाज पर होर्मुज स्ट्रेट में हमला हुआ है। ओमान के पास चल रहे इस जहाज को प्रोजेक्टाइल से निशाना बनाया गया। थाईलैंड के परिवहन मंत्रालय ने बताया कि जहाज पर मौजूद 23 में से 20 क्रू सदस्यों को सुरक्षित बचा लिया गया है।

थाई झंडे वाला यह बल्क कैरियर मयूरी नारी संयुक्त अरब अमीरात (UAE) से रवाना हुआ था। होर्मुज स्ट्रेट से गुजरते समय जहाज के पिछले हिस्से पर हमला हुआ, जिससे इंजन रूम में आग लग गई।

>> (शेष पेज 06 पर)

**ट्रम्प बोले- ईरान के साथ जंग जल्द खत्म होगी, हमने सब तबाह कर दिया, वहां हमला करने के लिए कुछ भी नहीं बचा है**





### ईरान बोला- कुवैत और बहरीन में अमेरिकी ठिकानों पर मिसाइल-ड्रोन दागे

ईरान की इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स (IRGC) ने दावा किया है कि उसने कुवैत और बहरीन में मौजूद अमेरिकी सैन्य ठिकानों को निशाना बनाया है। संगठन के मुताबिक इन ठिकानों पर मिसाइल और ड्रोन से हमले किए गए।

### ईरानी प्रोफेसर बोले- होर्मुज स्ट्रेट कई महीने बंद रह सकता है

ईरान के तेहरान विश्वविद्यालय के प्रोफेसर फोआद इजादी ने कहा है कि होर्मुज स्ट्रेट कई महीनों तक बंद रह सकता है। उनका कहना है कि जब तक ईरान को युद्ध से हुए आर्थिक नुकसान की भरपाई नहीं मिलती, तब तक यह जलमार्ग बंद रह सकता है। इजादी ने कहा कि होर्मुज स्ट्रेट वैश्विक ऊर्जा सप्लाई के लिए बेहद अहम है और दुनिया के करीब 20% तेल का ट्रांसपोर्ट इसी समुद्री मार्ग से होता है। उनके मुताबिक इस जलमार्ग को बंद करना युद्ध में ईरान के सबसे शक्तिशाली हथियारों में से एक हो सकता है।

उन्होंने कहा कि पिछले 12 दिनों में ईरान को अरबों डॉलर का आर्थिक नुकसान हुआ है और इसकी कीमत चुकानी होगी। इजादी ने चेतावनी दी कि अगर इस नुकसान की भरपाई नहीं होती, तो होर्मुज स्ट्रेट कई महीनों तक बंद रह सकता है।

### मेलोनी ने ईरान में स्कूल पर मिसाइल हमले की निंदा की

इटली की प्रधानमंत्री जॉर्जिया मेलोनी ने ईरान के मीनाब शहर में प्राथमिक स्कूल पर हुए मिसाइल हमले की कड़ी निंदा की है। इस हमले में कम से कम 170 लोगों की मौत हुई, जिनमें ज्यादातर 7 से 12 साल की छात्राएं थीं।

इटली की सीनेट में बोलते हुए मेलोनी ने कहा कि वह मीनाब के स्कूल में लड़कियों के नरसंहार की कड़ी निंदा करती हैं। मेलोनी ने कहा कि इस त्रासदी के लिए जिम्मेदार लोगों की पहचान जल्द से जल्द की जानी चाहिए और उनकी जवाबदेही तय होनी चाहिए।

### ईरान ने इराक के कुर्द इलाके में ड्रोन हमला किया

ईरान ने इराक के कुर्द इलाके में ड्रोन हमला किया है। सुलैमानीया के पास कुर्द विपक्षी संगठन कोमाला पार्टी के ठिकानों को निशाना बनाया गया, जिसमें एक लड़ाके की मौत हो गई और दो अन्य घायल हो गए। कोमाला पार्टी ऑफ ईरानियन कुर्दिस्तान के मुताबिक बुधवार को सुलैमानीया शहर के पास जरगवेजाला इलाके में उसके ठिकानों पर कई ड्रोन से हमला किया गया। पार्टी अधिकारियों के अनुसार इस हमले में संगठन का एक सदस्य मारा गया और दो अन्य घायल हो गए।

>> (शेष पेज 06 पर)

### ईरान में करीब 20 हजार इमारतों को नुकसान

अमेरिका-इजराइल और ईरान के बीच जारी युद्ध में देश के नागरिक ढांचे को भारी नुकसान हुआ है। ईरान की रेड क्रेसेंट सोसाइटी के मुताबिक अब तक करीब 19,734 नागरिक इमारतें हमलों में क्षतिग्रस्त हो चुकी हैं। संस्था के शुरुआती आकलन के अनुसार हमलों में 77 मेडिकल सेंटर और 65 शैक्षणिक संस्थान भी प्रभावित हुए हैं। रेड क्रेसेंट ने बताया कि उसके 16 राहत केंद्र भी हमलों की चपेट में आए हैं। इन केंद्रों का इस्तेमाल मानवीय सहायता और राहत कार्यों के लिए किया जाता है।

**थाईलैंड के अधिकारियों के मुताबिक रॉयल थाई नेवी स्थिति पर नजर रखे हुए है और बचाव अभियान के लिए अंतरराष्ट्रीय एजेंसियों के साथ मिलकर काम कर रही है।**





# सुप्रीम कोर्ट ने पहली बार इच्छामृत्यु की इजाजत दी

## 13 साल से कोमा में है बेटा, माता-पिता ने लगाई थी गुहार

**फैसला**

तमसा संकेत, एजेंसी

नई दिल्ली । सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को इच्छामृत्यु मामले में एक ऐतिहासिक फैसला सुनाया। कोर्ट ने 13 साल से कोमा में रह रहे 31 साल के युवक हरीश राणा को इच्छामृत्यु (पैसिव यूथेनेशिया) की मंजूरी दे दी। गाजियाबाद के रहने वाले हरीश लाइफ सपोर्ट सिस्टम पर हैं। देश में इस तरह का यह पहला मामला है। जस्टिस जेबी पारदीवाला और जस्टिस केवी विश्वनाथन की बेंच ने एम्स (AIIMS) को निर्देश दिया कि हरीश के लाइफ सपोर्ट सिस्टम को चरणबद्ध तरीके से हटाया जाए। यह प्रोसेस इस तरह से की जानी चाहिए कि मरीज की गरिमा बनी रहे।

>> (शेष पेज 06 पर)



### हरीश हॉस्टल की चौथी मंजिल से गिरे थे, तब से बिस्तर पर

दिल्ली में जन्मे हरीश राणा चंडीगढ़ की पंजाब यूनिवर्सिटी से बीटेक की पढ़ाई कर रहे थे। 2013 में वह हॉस्टल की चौथी मंजिल से गिर गए। इसकी वजह से उनके पूरे शरीर में लकवा मार गया और वह कोमा में चले गए। वह न कुछ बोल सकते हैं और न ही महसूस कर सकते हैं। डॉक्टर्स ने हरीश को क्वाड्रिप्लेजिया बीमारी से पीड़ित करार दिया। >> (शेष पेज 06 पर)

# ‘भ्रष्टाचार और संसाधनों की लूट चरम पर’

**आरोप**

## खनन से गैस संकट तक अखिलेश यादव का भाजपा सरकार पर बड़ा हमला

- सपा प्रमुख ने अवैध खनन, गैस सिलेंडर की किल्लत और महंगाई को लेकर सरकार को घेरा, कहा- ‘डबल इंजन सरकार के दोनों इंजन फेल’

हेमन्त कृष्ण



तमसा संकेत, लखनऊ । समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने प्रदेश में बढ़ते अवैध खनन और गैस सिलेंडर की किल्लत को लेकर भाजपा सरकार पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने आरोप लगाया कि प्रदेश में अवैध खनन से लेकर अन्य अवैध कारोबार बड़े पैमाने पर हो रहे हैं और सरकार के संरक्षण में संसाधनों की खुली लूट मची हुई है।

सपा अध्यक्ष ने कहा कि प्रदेश की जनता महंगाई और बेरोजगारी से परेशान है। उन्होंने भाजपा की डबल इंजन सरकार पर कटाक्ष करते हुए कहा कि दोनों इंजन अब फेल हो चुके हैं और जनता को इसका खामियाजा भुगतना पड़ रहा है। अखिलेश यादव ने प्रदेश में गैस सिलेंडर की कमी को लेकर भी चिंता जताई। उन्होंने कहा कि कई जगहों पर गैस के लिए लोगों को लंबी-लंबी लाइनों में खड़ा होना पड़ रहा है। होटल और छोटे व्यवसाय गैस की कमी के कारण बंद होने के कगार पर पहुंच गए हैं, जबकि कालाबाजारी भी चरम पर है। उन्होंने कहा कि आम जनता परेशान है, लेकिन भाजपा सरकार के मंत्री और नेता लगातार झूठी दिलासा देने में लगे हुए हैं।

### संसाधनों की खुली लूट का आरोप

अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा सरकार के सत्ता में आने के बाद से प्रदेश के प्राकृतिक और आर्थिक संसाधनों को खुलेआम लूटा जा रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि ऊपर से लेकर नीचे तक सभी स्तरों पर भ्रष्टाचार फैल चुका है। उनके मुताबिक प्रदेश में अवैध खनन के साथ-साथ दवाओं का अवैध कारोबार, जंगलों और पेड़ों की कटाई भी धड़ल्ले से जारी है। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश में संसाधनों की ऐसी लूट पहले कभी नहीं देखी गई।

### अवैध खनन पर सरकार पर साधा निशाना

अखिलेश यादव ने कहा कि उत्तर प्रदेश में भ्रष्टाचार अपने चरम पर पहुंच गया है और भ्रष्टाचार के सारे रिकॉर्ड टूट चुके हैं। उनका आरोप है कि प्रदेश में दिनदहाड़े अवैध खनन हो रहा है, लेकिन सरकार की ओर से कोई ठोस कार्रवाई नहीं की जा रही है। उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि ऐसा लगता है जैसे इस मामले में दिल्ली और लखनऊ के बीच मिलीभगत है। तभी न तो दिल्ली के ड्रोन को यह अवैध खनन दिखाई दे रहा है और न ही दूरबीन से इसे देखने की कोशिश की जा रही है।

सपा प्रमुख के मुताबिक इन हालातों के लिए पूरी तरह भाजपा सरकार जिम्मेदार है। अखिलेश यादव ने कहा कि नफरत की राजनीति करने वाली भाजपा को आम जनता की समस्याओं से कोई सरोकार नहीं है और यही कारण है कि प्रदेश में हालात लगातार खराब होते जा रहे हैं।



> सपा प्रमुख ने कहा कि लखनऊ में बैठे जिम्मेदार लोगों ने जैसे “काला चश्मा” लगा लिया है, ताकि अपराध दिखाई न दे और कार्रवाई से बचा जा सके। उन्होंने यह भी कहा कि जब अवैध खनन के वीडियो सामने आते हैं तो उन्हें एआई जनरेटेड बताकर पल्ला झाड़ने की कोशिश की जाती है।

# केजीएमयू में 30% मरीजों को नहीं मिल रहा खून

## ए-एबी पॉजिटिव ब्लड की कमी, इधर-उधर भटक रहे तीमारदार

तमसा संकेत, एजेंसी




लखनऊ । लखनऊ स्थित केजीएमयू के ब्लड बैंक में इन दिनों A पॉजिटिव और AB पॉजिटिव ब्लड ग्रुप की भारी कमी हो गई है। इसका असर मरीजों के इलाज पर पड़ रहा है। तीमारदारों को खून के लिए इधर-उधर भटकना पड़ रहा है। केजीएमयू के ट्रांसफ्यूजन मेडिसिन विभाग की प्रमुख और ब्लड बैंक प्रभारी डॉ. तूलिका चंद्रा के अनुसार, ब्लड डोनेशन कम होने और बढ़ती जरूरत के कारण यह स्थिति बनी है। बातचीत में उन्होंने ब्लड की कमी के कारणों और इसे दूर करने के लिए किए जा रहे प्रयासों के बारे में विस्तार से बताया। डॉ. तूलिका चंद्रा के अनुसार केजीएमयू के ब्लड बैंक में A पॉजिटिव ब्लड ग्रुप का न्यूनतम स्टॉक करीब 200 यूनिट होना चाहिए। लेकिन मौजूदा समय में इसकी भारी कमी है और फिलहाल ब्लड बैंक में इस ग्रुप का महज 40 यूनिट ब्लड ही उपलब्ध है। उन्होंने कहा कि इस कमी का असर साफ तौर पर दिखाई दे रहा है। थैलेसीमिया के मरीजों और इमरजेंसी में आने वाले गंभीर मरीजों को प्राथमिकता के आधार पर बिना देरी के खून उपलब्ध कराया जा रहा है। ऐसे में जिन मरीजों की इलेक्टिव सर्जरी तय है और जिन्हें इसी ब्लड ग्रुप की जरूरत है, उन्हें फिलहाल इंतजार करना पड़ रहा है। डॉ. तूलिका चंद्रा बताती हैं कि आमतौर पर KGMU के ब्लड बैंक में A पॉजिटिव ब्लड ग्रुप की रोजाना खपत करीब 50 यूनिट रहती है, जबकि AB पॉजिटिव ब्लड ग्रुप की खपत लगभग 150 यूनिट तक पहुंच जाती है।

**फास्ट न्यूज़**

### एलएलबी छात्र फांसी पर लटका

लखनऊ । लखनऊ में अलग-अलग घटनाओं में 3 लोगों की मौत हो गई। गोमतीनगर थानाक्षेत्र में एलएलबी के छात्र ने फांसी लगा ली। मां कमरे में बुलाने पहुंची तब घटना की जानकारी हुई। तालकटोरा इलाके में डिप्रेशन के शिकार युवक ने आत्महत्या कर ली। बाजारखाला इलाके में 30 फीट से गिरकर मजदूर की मौत हो गई। पुलिस ने तीनों के शवों को पोस्टमॉर्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया है।

### पिकअप ब्रिज पर कार में लगी आग

लखनऊ । लखनऊ के गोमती-नगर स्थित पिकअप ब्रिज पर बुधवार को एक कार में अचानक आग लग गई। बताया जा रहा है कि कार लोहिया पार्क से पॉलिटेक्निक चौराहे की ओर जा रही थी। इसी दौरान अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गई और कुछ ही देर में उसमें आग लग गई। हादसे के बाद कार सवार लोगों ने तुरंत गाड़ी से उतरकर अपनी जान बचाई। देखते ही देखते कार से धुआं और आग की ऊंचीं लपटें निकलने लगीं, जिससे आसपास के लोगों में हड़कंप मच गया। सूचना मिलते ही दमकल विभाग की टीम मौके पर पहुंची। करीब 20 मिनट की मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया।

### घने कोहरे से विजिबिलिटी घटी

सरोजनी नगर, लखनऊ। लखनऊ में बुधवार सुबह अचानक छाए घने कोहरे के कारण विमान संचालन बुरी तरह प्रभावित हुआ। विजिबिलिटी कम होने के चलते 6 फ्लाइट कैंसिल, 3 लेट और 1 डायवर्ट हुई। इसकी वजह से यात्रियों को काफी परेशानी हुई। एयरपोर्ट सूत्रों के अनुसार, सुबह 8:05 बजे हैदराबाद से लखनऊ पहुंचने वाली इंडिगो की उड़ान (6ई 608) कम विजिबिलिटी के कारण लखनऊ एयरपोर्ट पर नहीं उतर सकी।

# 'इंस्टा पर आ रहे कॉल-मैसेज से नाराज परिजनों ने पीटा'

## तीसरे दिन 14 साल की मेड की मौत

तमसा संकेत, एजेंसी



- लखनऊ में रिटायर्ड अफसर के घर मिली थी लाश

लखनऊ । लखनऊ में 14 साल की मेड की मौत के मामले में चौंकाने वाली बात सामने आई है। पुलिस की जांच में पता चला है कि उसके इंस्टाग्राम अकाउंट पर कई लोगों के कॉल-मैसेज आते थे। मकान मालिक के बेटे ने इसको लेकर उसको फटकार लगाई थी। उसके परिजनों को इसकी जानकारी दी थी। परिजनों ने उसकी पिटाई की थी। पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट में रेप और हत्या की पुष्टि नहीं हुई है। पुलिस को आत्महत्या के साक्ष्य मिले हैं। उनके आधार पर मकान मालिक के बेटे को जेल भेज दिया है। पुलिस मान रही है कि इंस्टा को लेकर हुए विवाद के बाद किशोरी ने सुसाइड किया है। हालांकि, परिजन अब भी मकान मालिक के बेटे पर रेप का विरोध करने पर हत्या करने का आरोप लगा रहे हैं। परिजनों का कहना है कि यदि किशोरी ने फांसी लगाई थी तो मकान मालिक ने पुलिस को सूचना क्यों नहीं दी? उसका शव फंदे से नीचे क्यों उतार लिया? उसे अस्पताल क्यों नहीं पहुंचाया? पुलिस का कहना है कि इस संबंध में कोई सबूत नहीं मिला है। रिपोर्टर ने मामले को लेकर पीड़ित परिवार और पुलिस से बात की आरोपी के घर गया लेकिन वहां कोई नहीं मिला।

## ट्रम्प-सऊदी प्रिंस की तस्वीरें रौंदी, लखनऊ में 21वें रमजान में जुलूस निकाला, ताबूत चूमने की मची होड़

# शियाओं का नंगे पांव मातम

तमसा संकेत, एजेंसी

लखनऊ । लखनऊ में आज 21वें रमजान का जुलूस निकाला गया। नम आंखों के साथ शिया समुदाय के लोग हजरत अली के ताबूत की जियारत किया। ईरान-इजराइल जंग के विरोध में जुलूस के रास्ते में सऊदी अरब के क्राउन प्रिंस शेख मोहम्मद बिन सलमान और अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की तस्वीरें सड़क पर चिपकाई गईं।

जुलूस में शामिल अकीदतमंद ‘या अली मौला’ और ‘हैदर मौला’ के नारे लगाते हुए इन तस्वीरों को पैरों से रौंदते हुए गुजरे। नंगे पांव और काले कपड़े पहने महिला-पुरुष, बुजुर्ग और बच्चों में ताबूत को छूने और चूमने की होड़ मची हुई है।

जुलूस नजफ इमामबाड़ा, सआदतगंज से शुरू होकर कर्बला, तालकटोरा पर समाप्त हुआ। इस दौरान हैदरगंज में परंपरा के मुताबिक कुएं के पास कुछ देर के लिए ताबूत को रोका गया और उस पर काली चादर चढ़ाई गई। करीब 6 किलोमीटर लंबे जुलूस में लगभग 50 हजार लोग शामिल हुए। जुलूस सुबह 5 बजे निकला और 11:30 बजे समाप्त हुआ। बाहर से फोर्स बुलवाई गई है। 10 एडिशनल एसपी और 30 डिप्टी एसपी तैनात किए गए हैं। 500 पुलिसकर्मी बाहर से लगाए गए हैं। 12 कंपनी पीएसी, 2 कंपनी RAF और CRPF तैनात है। 91 जगह पर रूफटॉप ड्यूटी लगी है, जहां छत के ऊपर से निगरानी हो रही है। 52 संवेदनशील स्थानों पर सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं । ड्रोन कैमरे से निगरानी हो रही है। महत्वपूर्ण चौराहों पर इंस्पेक्टर और एसीपी को तैनात को किया गया है। पुलिस डिपार्टमेंट के अलावा नगर निगम, लेसा, जिला प्रशासन के कर्मचारी भी तैनात हैं।सिविल डिफेंस के लोग भी सेवाएं दे रहे हैं।



### ज्वाइंट सीपी बबलू कुमार पहुंचे

जुलूस में बढ़ती भीड़ को देखते हुए पुलिस प्रशासन और अलर्ट हो गया। ज्वाइंट सीपी बबलू कुमार मौके पर पहुंचे। उन्होंने डीसीपी से स्थिति की जानकारी ली। पुलिस अफसरों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिया।

### 10 एडिशनल एसपी और 30 डिप्टी एसपी तैनात

डीसीपी पश्चिम विश्वजीत श्रीवास्तव ने बताया- जुलूस लगभग 6 किलोमीटर लंबा है। हजारों लोग एक साथ चल रहे हैं। यह शिया समुदाय का बेहद महत्वपूर्ण जुलूस है। पुलिस की तरफ से सख्त सुरक्षा के इंतजाम किए गए हैं।

> जुलूस में बच्चे भी काले कपड़े पहनकर नंगे पांव शामिल हो रहे हैं। महिला-पुरूष और बच्चे ईरान के सुप्रीम लीडर अयातुल्ला अली खामेनेई की तस्वीर लेकर चल रहे हैं।
> जुलूस में लगातार लोगों की भीड़ बढ़ रही है। ताबूत के इर्द-गिर्द हजारों लोग मौजूद हैं। सभी ताबूत को छूना और चूमना चाह रहे हैं।

### हजरत अली की शहादत में निकलता है जुलूस

शिया समुदाय का मानना है कि 19वीं रमजान को हजरत अली जब नमाज के लिए मस्जिद पहुंचे तो उनके ऊपर तलवार से हमला हुआ था। इसके बाद 21वें रमजान को हजरत अली शहीद हो गए थे। उसी घटना को याद करते हुए जुलूस निकाला जाता है।

## शादियों में लकड़ी के चूल्हे पर बन रहा खाना, दुकानदार ने बनाई पक्की भट्टी

# गैस सिलेंडर के लिए मची अफरातफरी

तमसा संकेत, एजेंसी



लखनऊ । लखनऊ में गैस सिलेंडर की किल्लत बढ़ गई है। आम लोगों से लेकर होटल, ढाबा और कैटरिंग कारोबारियों तक सभी मुश्किल में हैं। गैस एजेंसियों पर सुबह से ही उपभोक्ताओं की लंबी लाइनें लगी हुई हैं। कमर्शियल सिलेंडर न मिलने के कारण लोग गैस की जगह लकड़ी के चूल्हे पर खाना बना रहे हैं। चाय की दुकानों पर पक्की भट्टी बना ली गई हैं।

लोगों का कहना है कि एक सप्ताह पहले बुकिंग कराने के बावजूद सिलेंडर नहीं मिल रहा है। कमर्शियल सिलेंडर की सप्लाई प्रभावित होने से कालाबाजारी की शिकायतें भी सामने आ रही हैं। लोगों का आरोप है कि सिलेंडर 3500 रुपए तक में ब्लैक में बेचे जा रहे हैं।

इस बीच मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सभी जिलाधिकारियों और पुलिस कप्तानों को निर्देश दिए हैं कि गैस और पेट्रोलियम उत्पादों की कालाबाजारी किसी भी हाल में बर्दाश्त नहीं की जाएगी। साथ ही सोशल मीडिया पर अफवाह फैलाने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई के निर्देश भी दिए गए हैं। बताया जा रहा है कि 6 मार्च के बाद से कमर्शियल सिलेंडर की सप्लाई प्रभावित हो गई है। इसके चलते होटल, रेस्टोरेंट और कैटरिंग कारोबारियों के सामने बड़ा संकट खड़ा हो गया है।




### अफवाह फैलाने वालों की खैर नहीं

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने साफ कहा है कि प्रदेश में गैस और पेट्रोलियम उत्पादों की आपूर्ति को लेकर गलत जानकारी फैलाने वालों को बख्शा नहीं जाएगा। उन्होंने पुलिस मुख्यालय और सभी जिलों की पुलिस को सोशल मीडिया पर कड़ी निगरानी रखने के निर्देश दिए हैं।

सभी जिलाधिकारियों और पुलिस अधिकारियों को पेट्रोल पंपों और गैस एजेंसियों के आसपास की स्थिति पर लगातार नजर रखने को कहा गया है।

### गैस एजेंसियों के चक्कर काट रहे उपभोक्ता

बुधवार सुबह से ही शहर के अलग-अलग इलाकों में लोग घरेलू गैस सिलेंडर की तलाश में एजेंसियों के चक्कर लगाते नजर आए। कई उपभोक्ताओं का कहना है कि उन्होंने एक सप्ताह पहले बुकिंग कराई थी, लेकिन अब तक सिलेंडर नहीं मिला है।

कुछ एजेंसियों पर सर्वर ठप होने की भी बात सामने आई, जिससे बुकिंग और डिलीवरी की प्रक्रिया प्रभावित हो रही है। एजेंसी संचालकों का कहना है कि उपभोक्ताओं को सिलेंडर देने के लिए ओटीपी और बुकिंग का प्रमाण दिखाना जरूरी है।

इंदिरा नगर गैस सर्विस पर पहुंचे श्यामू अवस्थी ने बताया, “सुबह 6 बजे से लाइन में लगे हैं, लेकिन अभी तक सिलेंडर नहीं मिला है।

## 13 मार्च को नहीं होगा लखनऊ नगर निगम का सदन

लखनऊ । लखनऊ नगर निगम के बजट का सदन अब 13 मार्च को नहीं होगा। संसद बजट सत्र का दूसरा चरण 9 मार्च से शुरू होकर 2 अप्रैल तक चलेगा। इसके चलते इस बीच में बजट नहीं होने की संभावना है। हालांकि, इसमें सार्वजनिक अवकाश के दिन बजट के लिए सदन की बैठक करने पर विचार किया जा रहा। दरअसल, विधानसभा या संसद का सत्र होने के दौरान नगर निगम का सदन नहीं होता है। इसके कारण बजट के अब 2 अप्रैल के बाद होने की संभावना है। नगर आयुक्त गौरव कुमार ने बताया कि संसद में बजट सत्र होने के चलते अभी नगर निगम का सदन नहीं हो सकता है। वहीं, अभी सदन के लिए नई डेट की घोषणा नहीं की गई है। लखनऊ नगर निगम में वित्त वर्ष 2026-27 में 4692.71 करोड़ रुपए से विकास कार्य किए जाने हैं। 487 करोड़ रुपए से जलकल विभाग के सीवर और पानी से जुड़े काम होंगे।

# कांशीराम जयंती पर कांग्रेस का महाशंखनाद

## इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में 13 मार्च को बड़ा कार्यक्रम

तमसा संकेत, एजेंसी




लखनऊ । कांशीराम की जयंती के अवसर पर उत्तर प्रदेश कांग्रेस बड़े कार्यक्रम की तैयारी में जुट गई है। इसी क्रम में बुधवार को प्रदेश कांग्रेस कार्यालय में एक अहम बैठक आयोजित की गई, जिसमें 13 मार्च 2026 को लखनऊ के इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान के ज्यूपिटर हॉल में होने वाले जयंती समारोह की तैयारियों को अंतिम रूप दिया गया। पार्टी नेताओं के मुताबिक इस कार्यक्रम में लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी की भी उपस्थिति प्रस्तावित है।

प्रदेश कांग्रेस कार्यालय में आयोजित इस बैठक में पार्टी के कई वरिष्ठ नेता और पदाधिकारी शामिल हुए। बैठक में कार्यक्रम की रूपरेखा, आयोजन की तैयारियों और कार्यकर्ताओं की भागीदारी को लेकर विस्तार से चर्चा की गई।

पार्टी नेताओं ने कहा- कांशीराम जयंती के अवसर पर आयोजित यह कार्यक्रम सामाजिक न्याय और समानता के मुद्दों को मजबूत करने का मंच बनेगा। कांग्रेस नेताओं के अनुसार, 13 मार्च को इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी को शामिल करने की तैयारी की जा रही है। पार्टी का मानना है कि इस कार्यक्रम के जरिए सामाजिक न्याय और बहुजन समाज से जुड़े मुद्दों को प्रमुखता से उठाया जाएगा और प्रदेश में संगठन को मजबूत करने का संदेश भी दिया जाएगा।

**वारदात :** ट्रॉमा सेंटर में चल रहा इलाज, हालत गंभीर, नशे के लिए रुपए देने से मना किया था

# बेटे ने पिता को बांके से काट डाला

तमसा संकेत, एजेंसी

लखनऊ । लखनऊ में शराब के लिए रुपए नहीं देने पर बेटे ने पिता को बांके से काट डाला। गंभीर घायल व्यक्ति को परिजनों ने नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया, जहां से डॉक्टरों ने ट्रॉमा सेंटर रेफर कर दिया। पुलिस आरोपी बेटे की तलाश कर रही है। घटना सरोजनी-नगर थाना क्षेत्र के ग्राम बेहसा में बुधवार को हुई।

पड़ोसी राहुल चौरसिया ने बताया कि दोपहर बाद करीब 3:00 बजे नीरज जब अपने पिता पर बांके से हमला कर रहा था, तो संतलाल जोर-जोर से चिल्लाने लगे। उनकी आवाज सुनकर जब पड़ोसी राहुल कमरे पर पहुंचा तो नीरज हाथ में बांका लिए हुए अपने पिता पर हमला कर रहा था। यह देख राहुल ने शोर मचाया तो आरोपी कमरे से बाहर निकाला और वहां से भागने लगा। कुछ दूर तक राहुल ने उसका पीछा भी किया। पड़ोसी राहुल चौरसिया ने बताया कि दोपहर बाद करीब 3:00 बजे नीरज जब अपने पिता पर बांके से हमला कर रहा था, तो संतलाल जोर-जोर से चिल्लाने लगे। पड़ोसी राहुल चौरसिया ने बताया कि दोपहर बाद करीब 3:00 बजे नीरज जब अपने पिता पर बांके से हमला कर रहा था, तो संतलाल जोर-जोर से चिल्लाने लगे। आरोपी नीरज 2022 में अपनी दादी चंपावती की ईंटों से सिर कूच कर हत्या कर चुका है। इस मामले में वह जेल गया था। करीब साल भर पहले उसके पिता संतलाल ने उसे जमानत पर छुड़ाया था। आरोपी नीरज नशेड़ी है।



लखनऊ में शराब के लिए रुपए नहीं देने पर बेटे ने पिता को बांके से काट डाला।

- घायल की पहचान सरोजनी नगर के बेहसा गांव के रहने वाले संतलाल रावत (60) के रूप में हुई। सरोजनीनगर पुलिस को दोपहर करीब 3:20 बजे कंट्रोल रूम के माध्यम से घटना की सूचना मिली। पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची और एंबुलेंस की मदद से संतराम लोकबंधु अस्पताल भेजा गया।

### डॉक्टरों ने ट्रॉमा सेंटर रेफर किया

लोकबंधु अस्पताल में प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने संतलाल की गंभीर स्थिति को देखते हुए उन्हें केजीएमयू ट्रॉमा सेंटर रेफर कर दिया। उनकी हालत नाजुक बताई जा रही है। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि संतलाल रावत का बेटा नीरज रावत (35) नशे का आदी है। वह शराब पीने के लिए अपने पिता से पैसे मांग रहा था। पैसे देने से मना करने पर पिता-पुत्र के बीच कहासुनी हुई, जो विवाद में बदल गई।



### गुस्से में आकर हमला किया

गुस्से में आकर नीरज ने पास में रखा बांका उठाकर अपने पिता संतलाल पर कई वार कर दिए। हमले में संतलाल गंभीर रूप से घायल होकर जमीन पर गिर पड़े। घटना की जानकारी मिलते ही संतलाल की बेटियां भी अस्पताल पहुंच गईं। आरोपी नीरज रावत घटना के बाद से फरार है। सरोजनीनगर पुलिस की टीमें संभावित स्थानों पर उसकी तलाश कर रही हैं और मामले में आवश्यक विधिक कार्रवाई की जा रही है।

# सिलेंडर न मिलने से चटोरी गली में 40 दुकानें बंद

## लखनऊ में दुकानदार बोले- हालात नहीं बदले तो सड़क पर आ जाएंगे

तमसा संकेत, एजेंसी



लखनऊ । गोमतीनगर 1090 चौराहा स्थित चटोरी गली में कामर्सियल सिलेंडर के अभाव में मंगलवार रात करीब 40 दुकानें बंद रहीं। चटोरी गली एसोसिएशन के उपाध्यक्ष अविनाश ने बताया कि बंदी की वजह से लगभग 1 लाख रुपये से अधिक का कारोबार प्रभावित हुआ।

उपाध्यक्ष अविनाश ने कहा कि ईरान और इजरायल के बीच हो रहे युद्ध की वजह से व्यापारियों और दुकानदारों के सामने अचानक बहुत बड़ा संकट आ गया। सिलेंडर न होने की वजह से दुकान बंद करना पड़ रहा है। दुकानदारों पर आर्थिक बोझ भी बढ़ गया है। यहां पर जितने भी दुकानदार हैं उनका व्यापार रोज के कारोबार पर आधारित है। इसी से उनके खर्चे पूरे होते हैं और कर्मचारियों को वेतन दिया जाता है।

एसोसियशन के उपाध्यक्ष अविनाश कुमार ने कहा कि काम करने वाले कर्मचारियों के लिए बिना सिलेंडर के एक एक दिन भारी है। अगर स्थिति ऐसी ही रही तो एक दो दिन में सभी दुकानें बंद हो जाएंगी। उन्होंने बताया कि यहां एक दिन में एक दुकान से 2000 से 3500 रुपये तक का करोबार होता है। उनमें व्यवस्था और साफ सफाई कर्मी का वेतन और दूसरे खर्चे शामिल है। दुकानें बंद रहेंगी तो सभी प्रभावित होंगे।

### 140 में से 40 दुकानें हुईं बंद

चटोरी गली हॉकर एसोसियशन के अध्यक्ष विक्रम सिंह ने बताया कि पूरे चटोरी गली में 140 दुकानें रजिस्टर्ड हैं। मंगलवार को कामर्सियल सिलेंडर की सप्लाई न होने की वजह से लगभग 40 दुकानें बंद रहीं। कुछ दुकानें जुगाड से संचालित की गईं, जिससे जो माल तैयार था उसे खराब होने से बचा लिया जाए।

### स्वयं सहायता समूह और एसवीईपी योजना से मिली मदद, मासिक कारोबार 1.5 से 1.8 लाख तक पहुंचा

# गुंजन देवी बनीं बेकरी व्यवसाय से आत्मनिर्भर

**मिसाल**

बृजेंद्र वीर सिंह

तमसा संकेत, अम्बेडकरनगर। जिले के ग्राम सिकरोहर की गुंजन देवी ने बेकरी व्यवसाय शुरू कर आत्मनिर्भरता की मिसाल पेश की है। राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत संचालित योजनाओं की मदद से उन्होंने अपने परिवार की आर्थिक स्थिति मजबूत की है। आज उनका कारोबार लाखों रुपये तक पहुंच चुका है।

कोविड-19 महामारी के दौरान गुंजन देवी के परिवार को आर्थिक संकट का सामना करना पड़ा। उनके पति की नौकरी चली गई थी। ऐसे समय में उन्होंने स्वयं सहायता समूह



से जुड़कर स्वरोजगार की दिशा में कदम बढ़ाया। गुंजन देवी तुलसी महिला स्वयं सहायता समूह की सदस्य हैं। यह समूह गगन महिला ग्राम संगठन और संस्कृति प्रेरणा महिला संकुल समिति के अंतर्गत कार्य करता है। समूह से जुड़ने के बाद उन्हें विभिन्न योजनाओं और प्रशिक्षण की जानकारी मिली।

व्यवसाय शुरू करने के बाद गुंजन देवी ने कच्चे माल की खरीद, उत्पाद तैयार करने और विपणन की प्रक्रिया को समझा। पति के सहयोग से उन्होंने आसपास के दुकानदारों से संपर्क बनाया और अपने उत्पादों की आपूर्ति शुरू की।

समय के साथ उनके बेकरी उत्पादों की मांग बढ़ती गई। स्थानीय बाजार में तैयार किए गए उत्पादों की नियमित आपूर्ति होने लगी, जिससे उनका ग्राहक आधार मजबूत हुआ।

वर्तमान में गुंजन देवी का मासिक कारोबार करीब 1.50 लाख से 1.80 लाख रुपये के बीच पहुंच गया है। इसमें से उन्हें लगभग 15 से 20 हजार रुपये तक का मासिक लाभ हो रहा है।



**एसवीईपी योजना से मिला आर्थिक सहयोग**

राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत संचालित स्टार्ट-अप विलेज एंटरप्रेन्योरशिप प्रोग्राम (एसवीईपी) के माध्यम से गुंजन देवी को व्यवसाय शुरू करने का अवसर मिला। बीआरसी में सीआरपी-ईपी के रूप में कार्यरत सरिता देवी के मार्गदर्शन में उन्हें 40 हजार रुपये का ऋण स्वीकृत हुआ। गुंजन देवी ने इसमें 20 हजार रुपये स्वयं जोड़े और अपनी बचत से एक लाख रुपये निवेश कर दिसंबर 2022 में बेकरी व्यवसाय शुरू किया। शुरुआत में सीमित संसाधनों के साथ काम शुरू हुआ, लेकिन धीरे-धीरे कारोबार बढ़ने लगा।

उन्होंने एसवीईपी योजना के तहत लिया गया करीब 80 प्रतिशत ऋण भी चुका दिया है।

हाल ही में उनके इस कार्य के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा उन्हें सम्मानित भी किया गया। गुंजन देवी का कहना है कि आने वाले समय में वह अपने बेकरी व्यवसाय का विस्तार करना चाहती हैं। उनका लक्ष्य उत्पादन बढ़ाने के साथ अन्य लोगों को भी रोजगार का अवसर देना है।

**महिलाओं की भागीदारी से मजबूत हो रही ग्रामीण अर्थव्यवस्था**

मुख्य विकास अधिकारी आनंद शुक्ला के अनुसार राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन और एसवीईपी जैसी योजनाएं ग्रामीण महिलाओं को स्वरोजगार के लिए प्रोत्साहित कर रही हैं। उनका कहना है कि महिलाओं की बढ़ती भागीदारी से ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती मिल रही है। गुंजन देवी की पहल इसी दिशा में एक उदाहरण मानी जा रही है।

# अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर हुआ 'स्वच्छता की नायिकाओं' का सम्मान

### नगर पालिका परिषद अकबरपुर में आयोजित हुआ सम्मान समारोह

**■ स्वच्छता और अपशिष्ट प्रबंधन में योगदान देने वाली महिलाओं को मिला प्रशस्ति पत्र**

तमसा संकेत, संवाददाता

अम्बेडकरनगर (अकबरपुर)। नगर पालिका परिषद अकबरपुर के सभागार में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर बुधवार को सम्मान समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम 8 से 14 मार्च तक चल रही महिला दिवस गतिविधियों के तहत हुआ। इसमें स्वच्छता, अपशिष्ट प्रबंधन और पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में कार्य करने वाली महिलाओं और सफाई मित्रों को सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम में प्रभारी अधिशाषी अधिकारी विशाल सारस्वत ने महिलाओं के योगदान की सराहना



की। उन्होंने स्वच्छता अभियान और कचरा प्रबंधन में सक्रिय भूमिका निभाने वाली महिलाओं को प्रशस्ति पत्र और अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया।

नगर पालिका की ट्रेनिंग पार्टनर टीम की महिला सदस्य सरिता, निशा, ममता और सोनाली को उनके योगदान के लिए सम्मानित किया गया। इन महिलाओं ने स्वच्छता जागरूकता और प्रशिक्षण कार्यक्रमों में सक्रिय भूमिका निभाई है।

कार्यक्रम में 'वेस्ट टू वेल्थ' और स्रोत पृथक्करण के क्षेत्र में काम करने वाली महिलाओं को भी सम्मानित किया गया। शिवानी श्रीवास्तव को सोर्स सेग्रीगेशन और होम कंपोस्टिंग में उत्कृष्ट कार्य के लिए प्रशस्ति पत्र दिया गया। शालिनी को उपयोग किए गए फूलों से धूपबत्ती बनाने के नवाचार के लिए सम्मानित किया गया। वहीं इंदु को पुराने कपड़ों और बोरों से पर्स और बैग तैयार करने के लिए प्रशस्ति पत्र और अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया।

शहर की स्वच्छता व्यवस्था में योगदान देने वाली महिला सफाई मित्रों को भी इस अवसर पर सम्मानित किया गया। इनमें नीलम, पुष्पा सहित अन्य महिला कर्मियों को प्रशस्ति पत्र देकर उनका उत्साहवर्धन किया गया।

**फास्ट न्यूज**

### तहसीलदार के स्थानांतरण पर अधिवक्ताओं ने बांटे लड्डू

अम्बेडकरनगर।टांडा तहसील में तहसीलदार निखिलेश कुमार के स्थानांतरण के बाद बुधवार को अधिवक्ताओं ने खुशी जताई। तहसील परिसर में अधिवक्ताओं ने लड्डू बांटकर एक-दूसरे को बधाई दी।

अधिवक्ता संघ के पदाधिकारियों और सदस्यों ने एक-दूसरे को लड्डू खिलाकर खुशी का इजहार किया। इस दौरान अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष शेर बहादुर सिंह और महामंत्री राजेश सिंह भी मौजूद रहे।

### शादी में डीजे विवाद ने दिया हिंसक मोड़, चार लोग घायल

अम्बेडकरनगर। आलापुर थाना क्षेत्र के आरिबपुर सारी गांव में मंगलवार देर रात एक शादी समारोह के दौरान डीजे बंद कराने को लेकर बाराती और घराती पक्ष के बीच विवाद इतना बढ़ गया कि मामला हिंसक झगड़े और धारदार हथियार के हमले तक पहुंच गया। इस घटना में चार लोग घायल हुए।

जानकारी के अनुसार, बारात द्वार पूजा के समय गांव में डीजे बज रहा था। डीजे बंद कराने को लेकर बाराती और घराती पक्ष के लोगों के बीच कहासुनी शुरू हुई, जो देखते ही देखते मारपीट में बदल गई। झगड़े के दौरान कुछ लोगों ने धारदार हथियार से हमला किया।

### उपनिरीक्षक भर्ती परीक्षा को लेकर अधिकारियों की ब्रीफिंग

अम्बेडकरनगर। उपनिरीक्षक नागरिक पुलिस सीधी भर्ती परीक्षा-2025 को लेकर बुधवार को पुलिस लाइन स्थित बहुउद्देशीय हॉल में ब्रीफिंग आयोजित की गई। इसमें परीक्षा ड्यूटी में लगे अधिकारियों और कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

बैठक में अपर जिलाधिकारी और अपर पुलिस अधीक्षक (महिला) ने परीक्षा व्यवस्था से जुड़े विभिन्न पहलुओं पर जानकारी दी।

# पशुपालन विभाग का प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित

तमसा संकेत, संवाददाता

अम्बेडकरनगर। पशुपालन विभाग की ओर से बुधवार को विकास भवन सभागार में एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्रशिक्षण एवं प्रसार योजना के तहत आयोजित इस कार्यक्रम में जनपद के उप मुख्य पशु चिकित्साधिकारी, पशु चिकित्साधिकारी, पशुधन प्रसार अधिकारी और पैरावेट्स ने भाग लिया। कार्यक्रम में मुख्य पशु चिकित्साधिकारी अरविन्द कुमार सिंह ने विभाग की विभिन्न योजनाओं के बारे में जानकारी दी। उन्होंने पशुपालन से जुड़ी योजनाओं के लाभ और उनके क्रियान्वयन की प्रक्रिया पर विस्तार से चर्चा की।

कार्यक्रम के नोडल अधिकारी बद्रीनाथ पाठक ने प्रशिक्षण की रूपरेखा और उसके उद्देश्य की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि प्रशिक्षण का उद्देश्य विभागीय योजनाओं की जानकारी को जमीनी



**■ विकास भवन सभागार में अधिकारियों और पैरावेट्स को दी गई विभागीय योजनाओं की जानकारी**

स्तर तक पहुंचाना है। मास्टर ट्रेनर संजय पाण्डेय और श्रीनिवास यादव ने भी प्रशिक्षण सत्र में भाग लिया। उन्होंने बकरी पालन, भेड़ पालन, सूकर पालन और मुर्गी पालन से जुड़ी योजनाओं के बारे में जानकारी दी। इसके साथ ही सहभागिता योजना, मिनी नंदिनी कृषक समृद्धि योजना, मुख्यमंत्री स्वदेशी गो संवर्धन योजना और मुख्यमंत्री प्रगतिशील प्रोत्साहन योजना के बारे में भी विस्तार से बताया गया।

# आशा बहुओं के बकाया भुगतान पर डीएम सख्त

### 10 दिन में लंबित राशि का ब्योरा देने के निर्देश, लापरवाही पर कार्रवाई की चेतावनी

तमसा संकेत, संवाददाता

अम्बेडकरनगर।जिलाधिकारी अनुपम शुक्ला ने मंगलवार देर शाम आशा कार्यकर्ताओं के लंबित और बकाया भुगतान की स्थिति की समीक्षा की। बैठक में उन्होंने संबंधित अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि आशा बहुओं के सभी बकाया भुगतान की सूची सीएचसी और हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर पर अनिवार्य रूप से चस्पा कराई जाए।

डीएम ने सभी एमओआईसी को निर्देश दिया कि 10 दिन के भीतर बकाया भुगतान की सूची तैयार कर पोर्टल पर फीडिंग कराई जाए। साथ ही अगली बैठक में इसकी हार्ड कॉपी भी प्रस्तुत की जाए।

बैठक के दौरान बसखारी क्षेत्र के



एसटीएस द्वारा आशा भुगतान से जुड़े कार्यों में शिथिलता पाए जाने पर जिलाधिकारी ने नाराजगी जताई। उन्होंने मुख्य चिकित्सा अधिकारी को संबंधित कर्मचारी को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। साथ ही नोटिस के जवाब को अगली जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक में प्रस्तुत करने को कहा। जिलाधिकारी ने सभी स्वास्थ्य अधिकारियों और कर्मचारियों को निर्देश दिया कि वर्ष 2019 से अब तक आशा कार्यकर्ताओं के लंबित भुगतान का पूरा विवरण तैयार किया जाए।

**बैठक में ली भुगतान से जुड़ी जानकारी**

समीक्षा बैठक में जिलाधिकारी ने आशा कार्यकर्ताओं से उनके द्वारा किए गए कार्यों से संबंधित भुगतान की जानकारी ली। इसमें आभा कार्ड, आयुष्मान कार्ड, पोलियो अभियान, डॉट्स और टीकाकरण जैसे कार्यों के भुगतान पर चर्चा हुई। डीएम ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि बैठक में पूरी तैयारी के साथ उपस्थित हों। बिना सूचना अनुपस्थित रहने पर कार्रवाई की चेतावनी भी दी गई।

# रसोई गैस की किल्लत, उपभोक्ताओं की बढ़ी मुश्किलें



तमसा संकेत, संवाददाता

अम्बेडकरनगर। अम्बेडकरनगर जिले में इन दिनों रसोई गैस की किल्लत ने आम जनता की मुश्किलें बढ़ा दी हैं। शहर के साथ-साथ ग्रामीण इलाकों में भी गैस सिलेंडर की आपूर्ति प्रभावित होने से उपभोक्ताओं को तीन से चार दिन तक गैस नहीं मिल पा रही है।

शहर और गांवों में गैस एजेंसियों के बाहर लंबी कतारें लग रही हैं। कई लोग घंटों इंतजार करने को मजबूर हैं। कई उपभोक्ताओं ने शिकायत की है कि ऑनलाइन बुकिंग के बावजूद भी सिलेंडर समय

**■ शहर और ग्रामीण क्षेत्रों में सिलेंडर की कमी, लोग घंटों कतार में खड़े होने को मजबूर**

पर नहीं पहुंच रहा है। एजेंसियों से स्पष्ट जानकारी नहीं मिलने के कारण असंतोष बढ़ा है।

ग्रामीण इलाकों में स्थिति और भी खराब बताई जा रही है। सिलेंडर की कमी के कारण लोग कई दिनों तक इंतजार करते हैं। कई परिवारों को खाना पकाने के लिए मजबूरन लकड़ी या अन्य वैकल्पिक ईंधन का सहारा लेना पड़ रहा है।

### जिले के 10 केंद्रों पर 14 व 15 मार्च को होगी परीक्षा, डीएम ने तैयारियों की समीक्षा की

# पुलिस भर्ती परीक्षा को लेकर प्रशासन अलर्ट

**मजिस्ट्रेट और कार्मिकों की तैनाती**

परीक्षा की निगरानी के लिए 10 सेक्टर मजिस्ट्रेट और 10 स्टैटिक मजिस्ट्रेट की तैनाती की गई है। प्रत्येक परीक्षा केंद्र पर केंद्र व्यवस्थापक, सहायक केंद्र व्यवस्थापक, कक्ष निरीक्षक और सहायक कक्ष निरीक्षक की ड्यूटी लगाई गई है। अधिकारियों को निर्देश दिया गया कि सभी कर्मचारी समय से पहले अपने ड्यूटी स्थल पर पहुंचें और जिम्मेदारी का गंभीरता से पालन करें।

तमसा संकेत, संवाददाता

अम्बेडकरनगर। पुलिस भर्ती परीक्षा–2025 को शांतिपूर्ण और निष्पक्ष तरीके से कराने के लिए प्रशासन ने तैयारियां तेज कर दी हैं। कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी अनुपम शुक्ला की अध्यक्षता में बैठक हुई। इसमें परीक्षा व्यवस्था, सुरक्षा और कार्मिकों की तैनाती की समीक्षा की गई। जिलाधिकारी ने बताया कि उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड के कार्यक्रम के अनुसार जिले के 10 परीक्षा केंद्रों पर परीक्षा आयोजित होगी। इसमें करीब 3600 अभ्यर्थी शामिल होंगे।

जिलाधिकारी ने सभी परीक्षा केंद्रों पर सीसीटीवी निगरानी, अभ्यर्थियों की सघन जांच और



पर्याप्त पुलिस बल की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही पेयजल, शौचालय, बिजली और अन्य आवश्यक सुविधाएं समय से उपलब्ध कराने को कहा। परीक्षा केंद्रों पर मोबाइल फोन, बैग और अन्य सामान रखने के लिए अलग क्लॉक रूम की व्यवस्था करने के भी निर्देश दिए गए। सभी कक्षों में दीवार घड़ी और सीसीटीवी की व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा गया। बैठक में पुलिस अधीक्षक अभिजित आर शंकर, जिला विद्यालय निरीक्षक, सेक्टर और स्टैटिक मजिस्ट्रेट, केंद्र व्यवस्थापक और अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

**अपर जिलाधिकारी न्यायिक ने बताया कि परीक्षा 14 और 15 मार्च को दो-दो पालियों में होगी। पहली पाली सुबह 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक और दूसरी पाली दोपहर 3 बजे से शाम 5 बजे तक आयोजित होगी। अभ्यर्थियों के प्रवेश का समय पहली पाली के लिए सुबह 8 बजे से 9:30 बजे तक और दूसरी पाली के लिए दोपहर 1 बजे से 2:30 बजे तक निर्धारित किया गया है।**

# पीएम किसान सम्मान निधि का भुगतान कल

### तीन लाख 51 हजार किसानों को मिलेगा लाभ अपात्र किसानों को इस बार बाहर रखा गया

तमसा संकेत, संवाददाता

अंबेडकरनगर। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की 22वीं किस्त कल बुधवार को जिले के किसानों के बैंक खातों में पहुंचने जा रही है। पिछले 19 नवंबर को तीन लाख 82 हजार 743 किसानों को लाभ मिला था, लेकिन इस बार अपात्र पाए जाने वाले किसानों के कारण लाभार्थियों की संख्या घटकर तीन लाख 51 हजार 715 रह गई है।

कृषि विभाग के अनुसार, इस बार लगभग 30 हजार किसान अपात्र पाए गए और उन्हें लाभ सूची से बाहर रखा गया। लाभ प्राप्त करने के लिए किसानों की फार्मर रजिस्ट्री, ई-केवाइसी, भूलेख सत्यापन और लंबित एनपीसीआई प्रक्रिया को पूरा करना अनिवार्य है। विभाग ने बताया




कि पोर्टल पर लाभार्थियों की अंतिम सूची लॉक कर दी गई है।

अंबेडकरनगर जिले में कृषि विभाग के पोर्टल पर पंजीकृत किसानों की संख्या अब चार लाख 22 हजार 721 है। इनमें से कुछ किसानों ने ई-केवाइसी प्रक्रिया पूरी नहीं की है और कुछ की फार्मर रजिस्ट्री लंबित है। ऐसे किसानों को इस बार लाभ नहीं मिलेगा।

**कृषि विभाग के कर्मचारी गांवों में जाकर किसानों की फार्मर रजिस्ट्री बनवा रहे हैं। इस प्रक्रिया में ई-केवाइसी, भूमि अंकन, नए किसानों का नाम जोड़ना, मृतक किसानों को सूची से हटाना और छूटे हुए किसानों को शामिल करना शामिल है।**

**नरेन्द्र मोदी असम के गुवाहाटी से किसानों को करेंगे संबोधित**

इस मौके पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी असम के गुवाहाटी से किसानों को संबोधित करेंगे। उनका संबोधन जिले के सभी ब्लॉक सभागार और डीडी कृषि कार्यालय में सजीव प्रसारित किया जाएगा। उपकृषि निदेशक डॉ. अश्विनी कुमार सिंह ने बताया कि किसान जो अभी तक फार्मर रजिस्ट्री पूरी नहीं कर पाए हैं, उन्हें इस बार भी लाभ नहीं मिलेगा। उन्होंने किसानों से अपील की कि वे अपने पंजीकरण और ई-केवाइसी की प्रक्रिया समय रहते पूरी करें ताकि वे इस किस्त का लाभ सुनिश्चित रूप से प्राप्त कर सकें।

### हजरत अली अलैहिस्सलाम की शहादत पर मातमी मजलिस और जुलूस का आयोजन



तमसा संकेत, संवाददाता

अम्बेडकरनगर। जलालपुर क्षेत्र के कटघर मूसा और मछली गांव में मंगलवार रात हजरत अली अलैहिस्सलाम की शहादत की याद में मातमी मजलिस और जुलूस का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम रात 10 बजे से सुबह 8 बजे तक चला। आयोजन का प्रबंध इमामिया मस्जिद में मौलाना सैयद नदीम हैदर द्वारा किया गया। मजलिस में बड़ी संख्या में मोमिन (श्रद्धालु) शामिल हुए। मौलाना शाहिद रजा जलालपुरी ने हजरत इमाम अली के जीवन पर प्रकाश डालते हुए बताया कि उनके शासनकाल में कोई

**■ कटघर मूसा और मछली गांव में रातभर चली मजलिस, इमामिया मस्जिद में मोमिनों ने लिया भाग**

भी व्यक्ति भूखा नहीं रहता था। उन्होंने हजरत अली के जीवन को इंसाफ, इंसानियत और बराबरी का संदेश बताया और लोगों को उनके बताए मार्ग पर चलकर जीवन को बेहतर बनाने का आह्वान किया। मौलाना ने मजलिस के अंत में हजरत अली की शहादत का वर्णन किया, जिसे सुनकर उपस्थित मोमिनों की आंखें नम हो गईं और माहौल गमगीन हो गया।

**आरोप : एक ही फोटो कई मस्टर रोल में अपलोड होने की शिकायत, तीन सदस्यीय जांच टीम गठित**

# मनरेगा कार्य में अनियमितता के आरोप कौरा तालाब खुदाई पर उठे सवाल

तमसा संकेत, संवाददाता

अम्बेडकरनगर। अकबरपुर विकासखंड की ग्राम पंचायत नसीरपुर कैथी में मनरेगा योजना के तहत कराए जा रहे कार्यों में अनियमितता के आरोप सामने आए हैं। ग्रामीणों ने कौरा तालाब की खुदाई में फर्जी मजदूरों के नाम दर्ज कर भुगतान कराने का आरोप लगाया है। मामले में एक ही फोटो को अलग-अलग मस्टर रोल में अपलोड किए जाने की भी शिकायत की गई है।

जानकारी के अनुसार ग्राम पंचायत में 18 फरवरी से मनरेगा के तहत कौरा तालाब की खुदाई का कार्य शुरू हुआ था। मनरेगा पोर्टल पर पांच मस्टर रोल में कुल 42 मजदूरों को कार्यरत दिखाया गया



है। ग्रामीणों का आरोप है कि मजदूरों के सत्यापन में गड़बड़ी की गई है और एक ही व्यक्ति की फोटो को कई मस्टर रोल पर अपलोड किया गया है।

अकबरपुर खंड विकास अधिकारी राजेंद्र प्रसाद तिवारी ने बताया कि मनरेगा पोर्टल पर एक ही फोटो को अलग-अलग मस्टर रोल में अपलोड किए जाने की शिकायत मिली है। मामले की जांच के लिए तीन सदस्यीय टीम गठित की गई है। जांच रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। हौशीला प्रसाद के बारे में ग्रामीणों का कहना है कि वे चलने-फिरने में असमर्थ हैं। इसके बावजूद उनका नाम मजदूरों की सूची में दर्ज बताया जा रहा है। इसी तरह राजू के मुंबई में काम करने, फूलचंद के शहजादपुर की आरा मशीन पर काम करने और सुरेश कुमार के राजमिस्त्री के रूप में बाहर मजदूरी करने की बात सामने आई है।

**ग्रामीणों ने आरोप लगाया है कि मस्टर रोल में मनमाने तरीके से नाम दर्ज कर मजदूरी का भुगतान कराया गया है। इससे मनरेगा कार्य की पारदर्शिता पर सवाल उठ रहे हैं। ग्रामीणों ने पूरे मामले की निष्पक्ष जांच की मांग की है।**

**मस्टर रोल में दर्ज मजदूरों की मौजूदगी पर सवाल**

ग्रामीणों का कहना है कि मस्टर रोल में जिन लोगों के नाम दर्ज हैं, उनमें से कई मजदूर वास्तविक रूप से कार्यस्थल पर मौजूद नहीं रहे। आरोप है कि कुछ लोग दूसरे राज्यों में नौकरी करते हैं, जबकि कुछ लोग गांव में अन्य काम में लगे रहते हैं।

ग्रामीणों के अनुसार बृजेश वर्मा दूसरे राज्य में नौकरी करते हैं। मुंशी रजा के परिवार के लोग भी बाहर रहकर काम करते हैं। इसके अलावा विनोद कुमार को ऑटो चालक बताया गया है, जबकि शिवकुमार के भी दूसरे राज्य में काम करने की बात कही गई है।

# मिशन रोजगार के तहत 26 तकनीकी अनुदेशकों को नियुक्ति पत्र

तमसा संकेत, संवाददाता

अम्बेडकरनगर। प्रदेश सरकार के मिशन रोजगार के तहत बुधवार को जनपद में 26 चयनित तकनीकी अनुदेशकों को नियुक्ति पत्र वितरित किए गए। कार्यक्रम में कटेहरी विधायक धर्मराज निषाद, जिलाधिकारी अनुपम शुक्ला और मुख्य विकास अधिकारी आनंद कुमार शुक्ला ने संयुक्त रूप से नियुक्ति पत्र सौंपे।

कार्यक्रम में अधिकारियों ने नवनियुक्त अनुदेशकों को बधाई देते हुए उनके दायित्वों के बारे में जानकारी दी। बताया गया कि यह पहल विद्यालयों में कौशल आधारित शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए की गई है। अधिकारियों के अनुसार लर्निंग बाई डूइंग कार्यक्रम के माध्यम से विद्यार्थियों को पढ़ाई के साथ व्यावहारिक ज्ञान दिया जाएगा। इससे छात्रों को विज्ञान और गणित विषयों को प्रयोगों के माध्यम से समझने का अवसर मिलेगा।

जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी




**■ लर्निंग बाई डूइंग कार्यक्रम से कक्षा 6 से 8 के विद्यार्थियों को मिलेगा व्यावहारिक ज्ञान**

शैलेष पटेल ने बताया कि नियुक्त तकनीकी अनुदेशक जनपद के विद्यालयों में कक्षा 6 से 8 तक के विद्यार्थियों के लिए गतिविधि आधारित शिक्षण कराएंगे। इसके लिए कक्षावार रोस्टर तैयार किया जाएगा। तकनीकी अनुदेशक विद्यालयों में विज्ञान और गणित से जुड़ी प्रयोगात्मक गतिविधियां संचालित करेंगे। इसके अलावा प्रयोगशाला उपकरणों और सामग्री का रखरखाव भी उनकी जिम्मेदारी होगी।

# सम्पादकीय

## आवश्यक वस्तु अधिनियम लागू



गैस की कमी रोकने के लिए केंद्र सरकार के साथ राज्य सरकारों को भी सचेत रहना होगा। उचित यह होगा कि जैसे केंद्र सरकार ने जमाखोरी-कालाबाजारी पर निगरानी के लिए तीन सदस्यीय समिति गठित की, वैसी ही समितियां राज्य सरकारें भी गठित करें। अमेरिका-इजरायल और ईरान के बीच युद्ध के चलते देश में रसोई गैस के साथ वाहनों में प्रयुक्त होने वाली गैस की किल्लत रोकने के लिए केंद्र सरकार ने आवश्यक वस्तु अधिनियम लागू करने का जो फैसला किया, वह यही बताता है कि गैस की कमी होने की आशंका उभर आई है और सरकार ऐसा नहीं होने देना चाहती। इस अधिनियम के लागू होने के बाद देश की तमाम रिफाइनरियों और पेट्रो केमिकल यूनिट्स को अपने अन्य उत्पादों की तुलना में एलपीजी आपूर्ति को प्राथमिकता देनी होगी। इसके अलावा सरकारी तंत्र को इसके प्रति सतर्क रहना होगा कि गैस की न तो जमाखोरी होने पाए और न ही उसकी कालाबाजारी। यह शुभ संकेत नहीं कि देश के कुछ शहरों में रसोई गैस की कालाबाजारी होने की आशंका उभर आई है। इसके अलावा इसका भी खतरा पैदा हो गया है कि मुनाफाखोर रसोई गैस सिलेंडरों की जमाखोरी कर सकते हैं। सरकारी तंत्र को इसके प्रति सतर्क रहना होगा कि गैस की किल्लत को लेकर अफवाहें न फैलने पाएं, क्योंकि जब ऐसा होता है, तब लोग अनावश्यक रूप से चिंतित हो जाते हैं। इस चिंता के कारण ही कहीं-कहीं गैस सिलेंडरों के लिए लंबी-लंबी कतारें देखी जा रही हैं। स्पष्ट है कि लोगों को भी धैर्य धारण करना होगा और अफवाहों को लेकर सचेत रहना होगा। यह ध्यान रहे कि चंद दिनों पहले पेट्रोल एवं डीजल की कोई कमी न होने के बाद भी कुछ जगह ऐसी अफवाह फैल गई थी कि उनकी कमी होने जा रही है। इस स्थिति से तभी बचा जा सकता है, जब अफवाहों को फैलने से रोका जाए और संबंधित प्रशासन की ओर से आवश्यक सूचनाएं समय पर प्रसारित की जाती रहें। आखिर जब संबंधित मंत्रालय और विभागों की ओर से इसके लिए आशवस्त किया जा रहा है कि फिलहाल गैस की कोई कमी नहीं, तब फिर किसी को बिना जरूरत अतिरिक्त गैस सिलेंडर पाने की चेष्टा नहीं करनी चाहिए। यह सही है कि पश्चिम एशिया से तेल और गैस की आपूर्ति बाधित हो गई है, क्योंकि उनकी आपूर्ति करने वाला होर्मुज जल मार्ग ठप हो गया है, लेकिन इसकी अनदेखी नहीं की जानी चाहिए कि सरकार रूस, कनाडा के अलावा अफ्रीकी देशों से तेल के साथ गैस की आपूर्ति के हरसंभव जतन कर रही है। गैस की कमी रोकने के लिए केंद्र सरकार के साथ राज्य सरकारों को भी सचेत रहना होगा।

# आपूर्ति श्रृंखला पर दबाव के कारण तेल की कीमतों में उछाल आया , उपभोक्ताओं में घबराहट

> मौजूदा अस्थिरता के कारण समुद्री मार्ग प्रभावित हो रहे हैं और व्यापारी सतर्क हो रहे हैं। विश्लेषकों का मानना है कि यदि संघर्ष लंबे समय तक जारी रहता है, तो कच्चे तेल की कीमतें 120-140 डॉलर प्रति बैरल तक पहुंच सकती हैं।

मिडिल ईस्ट में बढ़ते तनाव का असर अब भारत में भी दिखाई देने लगा है। ईरान से जुड़े युद्ध के बीच भले ही सरकार ने तेल और गैस की आपूर्ति सुनिश्चित करने की बात कही है, लेकिन देश के कई हिस्सों में एलपीजी की कमी से लोगों की परेशानी बढ़ रही है। हॉस्पिटैलिटी बॉडी AHAR (Indian Hotel and Restaurant Association) के मुताबिक आर्थिक राजधानी मुंबई में एलपीजी सिलेंडर की आपूर्ति घटने के कारण करीब 20 प्रतिशत रेस्टोरेंट बंद हो चुके हैं और यह आंकड़ा ज्यादा भी हो सकता है ।संगठन का कहना है कि यदि यही स्थिति जारी रहती है तो अगले दो-तीन दिनों में लगभग 50 प्रतिशत तक खाने-पीने की दुकानें बंद हो सकती हैं। रेस्टोरेंट मालिकों का कहना है कि पिछले दो दिनों से कॉमर्शियल एलपीजी सिलेंडर प्राप्त करने में उन्हें काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। इसी तरह की समस्या बेंगलुरु और चेन्नई जैसे शहरों में भी सामने आ रही है। संगठन का कहना है कि यदि गैस की आपूर्ति जल्द सामान्य नहीं होती है तो यहां भी स्थिति गंभीर हो सकती है। बेंगलुरु में होटल मालिकों ने संकेत दिए हैं कि कॉमर्शियल एलपीजी की सप्लाई बाधित होने पर उन्हें अपने संचालन अस्थायी रूप से बंद करने पड़ सकते हैं, क्योंकि उनका काम पूरी तरह एलपीजी पर निर्भर है। चंडीगढ़ में भी एलपीजी सप्लाई को लेकर हालात लगातार खराब होते जा रहे हैं। Indane गैस एजेंसी के गोदाम में बड़ी संख्या में कमर्शियल गैस सिलेंडर जमा पड़े हैं। कर्मचारियों के मुताबिक पिछले चार दिनों से कमर्शियल सिलेंडर की नियमित सप्लाई नहीं मिल रही है, जिसकी वजह से जो सीमित सिलेंडर आ रहे हैं, वे गोदाम में ही इकट्ठा हो रहे हैं। गोदाम में काम करने वाले कर्मचारी सोनू के




अनुसार होटल और रेस्तरां संचालक लगातार सिलेंडर के बारे में पूछताछ कर रहे हैं, लेकिन फिलहाल सिलेंडर उपलब्ध नहीं हैं। इसके अलावा घरेलू गैस की आपूर्ति भी प्रभावित हुई है और कर्मचारियों का कहना है कि घरेलू एलपीजी की सप्लाई लगभग आधी रह गई है। इस स्थिति के कारण शहर में होटल, रेस्तरां और खाने-पीने के कारोबार से जुड़े लोगों की चिंता बढ़ गई है, क्योंकि उनका संचालन पूरी तरह गैस सिलेंडर की उपलब्धता पर निर्भर करता है। भोपाल में भी ईरान से जुड़े युद्ध के बीच गैस की किल्लत का असर साफ दिखाई देने लगा है। यहां कमर्शियल एलपीजी सिलेंडर की सप्लाई रुकने और घरेलू सिलेंडर की बुकिंग के बीच 25 दिन का अंतर अनिवार्य किए जाने से आम लोगों की परेशानी बढ़ गई है। हालात ऐसे हैं कि गैस एजेंसियों के गोदामों के बाहर लोगों की लंबी कतारें लगने लगी हैं। कई लोग सिलेंडर की उपलब्धता को लेकर चिंतित हैं। आम उपभोक्ताओं का कहना है कि सरकार भले ही स्थिति सामान्य होने की बात कर रही हो, लेकिन जमीनी स्तर पर सिलेंडर आसानी से नहीं मिल रहे हैं और कमर्शियल सिलेंडर की सप्लाई अचानक बंद कर दी गई है। लोगों का यह भी आरोप है कि मौजूदा स्थिति का फायदा उठाते हुए कुछ गैस एजेंसियां सिलेंडर की कमी का हवाला देकर उपभोक्ताओं को इंतजार करने के लिए मजबूर कर रही हैं। इससे शहर में गैस सप्लाई को लेकर असमंजस और चिंता का माहौल बन गया है। दूसरी ओर केंद्र सरकार स्थिति पर नजर बनाए हुए है और तेल-गैस की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए कदम उठा रही है। सरकार ने तेल रिफाइनरियों को एलपीजी उत्पादन बढ़ाने के निर्देश दिए हैं ताकि आपूर्ति में किसी तरह की कमी न आए। फिलहाल सरकार की प्राथमिकता घरेलू एलपीजी की उपलब्धता बनाए रखना है। सरकारी अधिकारियों के अनुसार इस कदम का उद्देश्य आवश्यक सेवाओं जैसे- रेस्टोरेंट, अस्पताल और फूड सप्लाई चेन को बाधित होने से बचाना है। इसी बीच डोनाल्ड ट्रम्प ने संकेत दिए हैं कि ईरान से जुड़ा युद्ध जल्द खत्म हो सकता है। साथ ही G7 देशों ने भी रणनीतिक तेल भंडार के इस्तेमाल का फैसला किया है। इन घोषणाओं के बाद वैश्विक बाजार में Crude Oil की कीमतों में कुछ नरमी देखने को मिली है। मध्य पूर्व में बढ़ते तनाव का असर वैश्विक ऊर्जा बाजारों पर भी दिखने लगा है, जिससे कई देश ईंधन की कमी और बढ़ती कीमतों को लेकर चिंतित हैं। संघर्ष के कारण तेल आपूर्ति में लगातार बाधा आ रही है, ऐसे में कई क्षेत्रों की सरकारें ईंधन की खपत को नियंत्रित करने और सीमित आपूर्ति को संभालने के लिए आपातकालीन कदम उठा रही हैं। विश्व के सबसे महत्वपूर्ण ऊर्जा मार्गों में से एक, होर्मुज जलडमरूमध्य के पास व्यवधान उत्पन्न होने के बाद स्थिति और भी गंभीर हो गई है। वैश्विक कच्चे तेल और द्रवीकृत प्राकृतिक गैस का एक महत्वपूर्ण हिस्सा फारस की खाड़ी को अरब सागर से जोड़ने वाले इस संकरे जलमार्ग से होकर गुजरता है। यहां किसी भी प्रकार की गड़बड़ी का असर अंतरराष्ट्रीय ऊर्जा बाजारों पर तुरंत पड़ता है। ऊर्जा विशेषज्ञों का कहना है कि मौजूदा संघर्ष के कारण कच्चे तेल की कीमतें पहले ही बढ़ चुकी हैं। रिपोर्टों से पता चलता है कि वैश्विक कच्चे तेल की कीमतों में लगभग 25 प्रतिशत की वृद्धि हुई है, जिससे व्यापक ऊर्जा संकट की आशंका बढ़ गई है। विश्व के समुद्री मार्ग से होने वाले कच्चे तेल और एलएनजी के कुल परिवहन का लगभग 31 प्रतिशत हिस्सा होर्मुज जलडमरूमध्य से होकर गुजरता है। मौजूदा अस्थिरता के कारण समुद्री मार्ग प्रभावित हो रहे हैं और व्यापारी सतर्क हो रहे हैं। विश्लेषकों का मानना है कि यदि संघर्ष लंबे समय तक जारी रहता है, तो कच्चे तेल की कीमतें 120-140 डॉलर प्रति बैरल तक पहुंच सकती हैं। अनिश्चितता ने वैश्विक वित्तीय बाजारों में भी अस्थिरता पैदा कर दी है।

■ अशोक भाटिया

## मानवाधिकारों के प्रश्न ...

ललित गर्ग

# वैश्विक युद्धोन्माद के बीच विश्व शांति की पुकार

द्वितीय विश्वयुद्ध के बाद विश्व ने एक ऐसी व्यवस्था बनाने की कोशिश की थी जिसमें शक्ति को नियमों और संस्थाओं के माध्यम से नियंत्रित किया जा सके। लगभग आठ दशकों तक यह वैश्विक व्यवस्था अनेक उतार-चढ़ावों के बावजूद किसी-न-किसी रूप में कायम रही। अंतरराष्ट्रीय संस्थाएं, बहुपक्षीय समझौते, कूटनीतिक संवाद और साझा नियम-इन सबका उद्देश्य यही था कि दुनिया 'मत्स्य-न्याय' यानी शक्तिशाली द्वारा कमजोर को निगल जाने की प्रवृत्ति से बची रहे। इसी सोच के तहत युनाइटेट नेशनस्, वर्ल्ड ट्रेड ऑरगेनाइजेशन, वर्ल्ड हेल्थ ऑरगेनाइजेशन, यूनेस्को और अनेक अंतरराष्ट्रीय मंचों की स्थापना हुई। इन संस्थाओं ने विश्व राजनीति को पूरी तरह आदर्श नहीं बनाया, लेकिन उन्होंने कम-से-कम इतना अवश्य सुनिश्चित किया कि शक्ति के साथ नियम और नैतिकता का एक आवरण बना रहे। परंतु आज यह व्यवस्था अभूतपूर्व संकट के दौर से गुजर रही है। विश्व राजनीति में एक नया रुझान तेजी से उभर रहा है जिसमें सहयोग, संवाद और बहुपक्षीयता की जगह एकपक्षीय कार्रवाई, सैन्य शक्ति और त्वरित लाभ की मानसिकता को प्राथमिकता दी जा रही है। विशेष रूप से डोनाल्ड ट्रम्प के नेतृत्व में अमेरिका की नीतियों ने इस प्रवृत्ति को और



तेज कर दिया है। जो देश कभी वैश्विक नियम-आधारित व्यवस्था का प्रमुख निर्माता और संरक्षक था, वही अब अनेक अंतरराष्ट्रीय समझौतों और संस्थाओं से दूरी बनाता दिखाई देता है। ट्रंप के पहले कार्यकाल में ही यह संकेत मिल गया था जब अमेरिका ने पेरिस क्लाइमेंट अग्रीमेंटस्, इरान न्यूक्लियर डील्स्, विश्व स्वास्थ्य संगठन और यूनेस्को जैसी संस्थाओं से खुद को अलग करने की प्रक्रिया शुरू की। इन कदमों का संदेश यह था कि यदि किसी समझौते से तात्कालिक राष्ट्रीय हित प्रभावित होते हैं तो उसे छोड़ देना ही बेहतर है। इससे वैश्विक सहयोग की उस भावना को गहरा आघात पहुंचा, जो दशकों से अंतरराष्ट्रीय व्यवस्था की आधारशिला रही है। आज स्थिति और भी जटिल हो गई है। दुनिया के कई हिस्सों में युद्ध और संघर्ष सामान्य घटनाओं की तरह स्वीकार किए जाने लगे हैं। चार वर्षों से जारी रुस-यूक्रेन युद्ध और दो वर्षों से चल रहा गाजा युद्ध इसका सबसे दुखद एवं विडम्बनापूर्ण उदाहरण हैं। इन संघर्षों ने लाखों लोगों के जीवन को संकट में डाल दिया है, शहरों को खंडहर में बदल दिया है और वैश्विक अर्थव्यवस्था को अस्थिर बना दिया है। युद्ध की सबसे बड़ी विडंबना यही है कि वह किसी स्थायी समाधान की ओर नहीं ले जाता। युद्ध में विजय का दावा करने वाले भी अंततः विनाश और पीड़ा के साथ ही जीते हैं। इतिहास गवाह है कि युद्ध ने कभी भी मानवता को गौरव नहीं दिया; उसने केवल तबाही, भय और अस्थिरता को जन्म दिया है। युद्ध के परिणाम-स्वरूप पर्यावरण का भारी नुकसान होता है, आर्थिक संसाधन नष्ट हो जाते हैं, महंगाई बढ़ती है, रोजगार के अवसर घटते हैं और समाज में असुरक्षा तथा अविश्वास की भावना गहरी हो जाती है। आज विश्व के सामने सबसे बड़ी चिंता यह है कि युद्ध और हिंसा धीरे-धीरे सामान्यीकृत होते जा रहे हैं। अनेक बार युद्ध का उद्देश्य वास्तविक समाधान नहीं बल्कि घरेलू राजनीति में छवि निर्माण, शक्ति प्रदर्शन या आंतरिक संकटों से ध्यान हटाना बन जाता है। ऐसी परिस्थितियों में वैश्विक नैतिकता और अंतरराष्ट्रीय कानून दोनों कमजोर पड़ते हैं। यदि शक्तिशाली देश ही नियमों को तोड़ने लगें तो पूरी व्यवस्था की विश्वसनीयता खतरे में पड़ जाती है। मानवाधिकारों के प्रश्न पर भी दोहरे मानदंड दिखाई देते हैं। किसी एक देश की आलोचना की जाती है, लेकिन उसी तरह के कृत्यों पर दूसरे देशों के संदर्भ में चुप्पी साध ली जाती है। इससे मानवाधिकार एक सार्वभौमिक मूल्य के बजाय भू-राजनीतिक बहस का उपकरण बन जाते हैं। यदि विश्व समुदाय वास्तव में मानवता की रक्षा करना चाहता है तो उसे हर देश के लिए समान मानदंड अपनाने होंगे। इन परिस्थितियों में यह प्रश्न अत्यंत महत्वपूर्ण हो जाता है कि क्या दुनिया फिर से उस दौर की ओर बढ़ रही है जहां "जिसकी लाठी उसकी भैंस" ही अंतरराष्ट्रीय राजनीति का नियम बन जाएगा। यदि ऐसा हुआ तो यह केवल छोटे देशों के लिए ही नहीं बल्कि पूरी मानव सभ्यता के लिए गंभीर खतरा होगा। भारत का ऐतिहासिक दृष्टिकोण इस संदर्भ में अत्यंत महत्वपूर्ण है। स्वतंत्रता के बाद से भारत ने संप्रभुता, गैर-हस्तक्षेप और बहुपक्षीय सहयोग की नीति का समर्थन किया है। भारत का यह विश्वास रहा है कि वैश्विक समस्याओं का समाधान केवल सामूहिक प्रयासों से ही संभव है। यही कारण है कि भारत ने हमेशा शांति, संवाद और कूटनीति को प्राथमिकता दी है।

## वरुण धवन ने...

सुभाष शिरढोनकर

# 'बॉर्डर 2' के बाद बिजी हो रहे हैं वरुण धवन



एक्टर वरुण धवन की फिल्म 'बॉर्डर 2' (2026) ने बॉक्स ऑफिस पर जमकर धमाल मचाया। फिल्म में इंडियन आर्मी के जांबाज अफसर मेजर होशियार सिंह दहिया के किरदार में वरुण की एक्टिंग से दर्शक इतने अधिक इंप्रेस हुए कि उनकी तारीफ करते थक नहीं रहे हैं। मेजर होशियार सिंह साल 1957 में जाट रेजिमेंट का हिस्सा बनने के बाद वो 3-ग्रेनेडियर्स में अफसर बने। उन्होंने 1971 में भारत-पाक के युद्ध में शंकरगढ़ पठार में मोर्चा संभालते हुए 89 दुश्मनों को मौत के घाट उतारते हुए पाकिस्तान के छक्के छुड़ा दिए थे। मरणोपरांत उन्हें परम वीर चक्र से सम्मानित किया गया था। अपने करियर में कई हिट फिल्में देने वाले वरुण धवन पहली बार फिल्म 'बॉर्डर 2' आर्मी अफसर मेजर होशियार सिंह के किरदार में नजर आए और वाकई उन्होंने कमाल की एक्टिंग की है। वरुण धवन ने अपनी हिट फिल्मों का सिलसिला अपने करियर की पहली फिल्म 'स्टूडेंट ऑफ द ईयर' (2012) से ही शुरू कर दिया था। अपने 14 साल के करियर में वरुण धवन ने 27 फिल्में की हैं जिसमें से 15 फिल्में हिट और एवरेज रही हैं जबकि केवल 4 ही फिल्में फ्लॉप साबित रही हैं। बाकी फिल्मों में उनके कैमियो थे। उनकी हिट फिल्मों में 'स्टूडेंट ऑफ द ईयर' (2012), 'हम्प्टी शर्मा की दुल्हनियां' (2014), 'बदलापुर' (2015), 'ढिशूम' (2016), 'बद्रीनाथ की दुल्हनिया' (2017), 'रॉकी और रानी की प्रेम कहानी' (2023) 'सनी संस्कारी की तुलसी कुमारी' (2025) और हाल ही में इस लिस्ट में शामिल फिल्म 'बोर्डर 2' (2026) रही हैं। वरूण की सेमी हिट फिल्मों में 'मैं तेरा हीरो' (2014) 'एबीसीडी 2' (2015), 'जुड़वा 2' (2017) और एवरेज फिल्मों में 'दिलवाले' (2015), 'अक्टूबर' (2018) और 'सुई धागा' (2018) के नाम शामिल हैं। वरुण धवन की फ्लॉप फिल्मों में पहली फिल्म 'कलंक' (2019), उसके बाद 'स्ट्रीट डांसर 3डी' (2020), 'भेड़िया' (2022) और आखिर में 'बेबी जॉन' (2024) है। ये तीनों फिल्में बुरी तरह से फ्लॉप साबित हुई थीं।

# नीतीश कुमार के दिल्ली जाने के मायने



करीब 20 वर्षों तक सतत बिहार के मुख्यमंत्री रहने वाले नीतीश कुमार का राज्यसभा में जाना तय हो गया है। ऐसा माना जाता है कि महीने भर के अन्दर ही वह मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा दे देंगे। इसके पश्चात बिहार में मुख्यमंत्री भाजपा का होगा एवं एक मात्र उप मुख्यंमत्री नीतीश कुमार के इंजीनियर बेटे निशांत कुमार होंगे। मात्र उप मुख्यमंत्री ही नहीं, ऐसी पर्याप्त संभावना है कि गृह जैसा संवेदनशील मंत्रालय भी राजनीति के नये खिलाड़ी निशांत ही संभालेंगे। अब नीतीश के दिल्ली जाने को लेकर और भाजपा के संभावित मुख्यमंत्री होने पर सिर्फ विपक्षी दल राजद में ही नहीं बल्कि नीतीश कुमार की पार्टी जदयू में भी बड़ी नकारात्मक प्रतिक्रिया देखने को मिली है। तेजस्वी यादव तो बिना लाग-लपेट के यह आरोप लगा रहे हैं कि भाजपा ने अपना मुख्यमंत्री बनाने के लिये नीतीश को हाईजैक कर लिया और बिहार की सत्ता पर कब्जा करने का षड़यंत्र किया है। जदयू का एक बड़ा तबका भी इस बात को लेकर चिल्ल-पो मचा रहा है इस सम्बन्ध में एक बात तो बहुत ही स्पष्ट तौर पर समझ लेनी चाहिए कि नीतीश कुमार यदि मुख्यमंत्री का पद छोड़ रहे हैं।

वीरेन्द्र सिंह परिहार

## जरा हटके

## सुप्रीम कोर्ट ने...

सौरभ वार्ष्णेय

# ईरान- भारत का मित्र या शत्रु?

अमेरिका -इजरायल-ईरान के बीच युद्ध चल रहा है। ऐसे में देश के अंदर बहस छिड़ी हुई है कि ईरान का विरोध किया जाए या समर्थन । वहीं देश में ईरान के मृत पूर्व लीडर अली ख़ामेनेई की तस्वीर लेकर एक वर्ग समुदाय अपना दुख प्रगट कर रहा है। ऐसे में भारत ने भी ईरान के दूतावास जाकर कुछ दिन बाद जाकर अपनी श्रद्धांजलि व दुख प्रगट कर आया है। भारत और ईरान के संबंधों को यदि सरल शब्दों में समझा जाए, तो यह कहना अधिक उचित होगा कि ईरान न तो भारत का शत्रु है और न ही पारंपरिक अर्थों में सैन्य सहयोगी मित्र बल्कि दोनों देशों के संबंध हितों, इतिहास और कूटनीति पर आधारित रणनीतिक साझेदारी के रूप में विकसित हुए हैं। ईरान भारत का शत्रु नहीं है, लेकिन पारंपरिक सैन्य मित्र भी नहीं है। वहीं संसद में भी विदेश मंत्री एस जयशंकर ने भी स्पष्ट कर दिया कि हमारी सरकार की प्रत्येक गतिविधियों पर नजर जारी है ताकि वर्तमान हालात पर नियंत्रण रहें लेकिन सरकार अभी तक यह नहीं बता पाई कि इस युद्ध के पनपने वाली मंहगाई से कैसे निपटेगी। वर्तमान में कर्मशियल गैस पर अंकुश लग चुका है। घरेलू गैस पर संकट न आये तो सरकार क्या क्या कार्य कर रही है। अगर हम ऐतिहासिक और सांस्कृतिक संबंध के बारे में पड़ताल करें तो पायेंगे कि भारत और ईरान के संबंध हजारों वर्षों पुराने हैं। प्राचीन काल से ही दोनों क्षेत्रों के बीच व्यापार, संस्कृति और भाषा का आदान-प्रदान होता आया है। फ़ारसी भाषा का प्रभाव भी मध्यकालीन भारत की प्रशासनिक और सांस्कृतिक परंपराओं में भी दिखाई देता है। हमें ईतिहास में जाकर यह भी भूलना न होगा कि संघर्ष भी हुए, जैसे 1739 में ईरानी शासक नाडेर शाह ने भारत पर आक्रमण कर बैटल ऑफ करनाल में मुग़लों को हराया था लेकिन आधुनिक दौर में दोनों



देशों के संबंध मुख्यतः सहयोग और कूटनीति पर आधारित रहे हैं। अगर हम ऊर्जा और व्यापार में साझेदारी की बात करें तो भारत एक बड़ा ऊर्जा उपभोक्ता देश है और ईरान तेल-गैस का बड़ा स्रोत रहा है। भारत की ऊर्जा सुरक्षा के लिए ईरान महत्वपूर्ण माना जाता है। इसी संदर्भ में भारत ने ईरान के चाबाहार पोर्ट के विकास में निवेश किया है, जिससे भारत को अफगानिस्तान और मध्य एशिया तक पहुँच मिलती है और पाकिस्तान को बाईपास करने का रास्ता मिलता है। ज्ञात रहे कि भारत -ईरान का रणनीतिक सहयोग रहा है और भारत और ईरान कई क्षेत्रों में सहयोग करते आये हैं। जैसे कि आतंकवाद और ड्रग तस्करी के खिलाफ सहयोग। अफगानिस्तान की स्थिरता में साझा हित, व्यापार और क्षेत्रीय संपर्क परियोजनाएं सहित अन्य कारणों से ईरान भारत के लिए रणनीतिक रूप से उपयोगी साझेदार माना जाता रहा है। आज की अंतरराष्ट्रीय राजनीति में भारत की नीति स्पष्ट है कि सभी देशों से संबंध रखना। किसी एक गुट में पूरी तरह शामिल न होना। अपने राष्ट्रीय हित को प्राथमिकता देना। इसलिए ईरान-इजऱायल या ईरान-अमेरिका तनाव में भारत अक्सर तटस्थ रुख अपनाता है और शांति की अपील करता है। वहीं पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव और वैश्विक राजनीति के बदलते समीकरणों के बीच यह सवाल बार-बार उठता है कि क्या ईरान भारत का मित्र है या शत्रु। दरअसल अंतरराष्ट्रीय राजनीति में रिश्ते स्थायी दोस्ती या दुश्मनी के आधार पर नहीं बल्कि राष्ट्रीय हितों के आधार पर तय होते हैं। भारत और ईरान के संबंध भी इसी सिद्धांत पर चलते रहे हैं। पश्चिम एशिया की राजनीति में ईरान लंबे समय से एक महत्वपूर्ण और प्रभावशाली देश रहा है। हाल के वर्षों में क्षेत्रीय संघर्ष, प्रतिबंधों और अंतरराष्ट्रीय दबावों के कारण ईरान वैश्विक चर्चा के केंद्र में बना हुआ है। खासकर अमेरिका और इजऱाइल के साथ उसके तनावपूर्ण संबंधों ने पूरे पश्चिम एशिया की स्थिरता पर सवाल खड़े कर दिए हैं। ईरान की विदेश नीति हमेशा से पश्चिमी देशों के प्रभाव का विरोध करने वाली रही है। 1979 की इस्लामी क्रांति के बाद से ही अमेरिका और ईरान के रिश्तों में कड़वाहट बनी हुई है। अमेरिका द्वारा लगाए गए आर्थिक प्रतिबंधों ने ईरान की अर्थव्यवस्था को काफी प्रभावित किया है लेकिन इसके बावजूद ईरान ने अपने परमाणु कार्यक्रम और क्षेत्रीय प्रभाव को बनाए रखने की कोशिश जारी रखी है। इजऱाइल और ईरान के बीच बढ़ता तनाव भी वैश्विक चिंता का विषय बन चुका है। दोनों देशों के बीच सीधे युद्ध की स्थिति न होते हुए भी छद्म युद्ध और सैन्य गतिविधियाँ लगातार जारी हैं। यदि यह तनाव खुली लड़ाई में बदलता है तो इसका असर केवल पश्चिम एशिया तक सीमित नहीं रहेगा बल्कि वैश्विक अर्थव्यवस्था, ऊर्जा बाजार और अंतरराष्ट्रीय सुरक्षा पर भी पड़ेगा। भारत के लिए भी ईरान का महत्व कम नहीं है। भारत और ईरान के बीच ऊर्जा, व्यापार और रणनीतिक सहयोग के संबंध रहे हैं। विशेष रूप से चाबहार बंदरगाह परियोजना भारत के लिए मध्य एशिया और अफगानिस्तान तक पहुंच का एक महत्वपूर्ण मार्ग है। दरअसल अंतरराष्ट्रीय राजनीति में रिश्ते स्थायी दोस्ती या दुश्मनी के आधार पर नहीं बल्कि राष्ट्रीय हितों के आधार पर तय होते हैं। भारत और ईरान के संबंध भी इसी सिद्धांत पर चलते रहे हैं। पश्चिम एशिया की राजनीति में ईरान लंबे समय से एक महत्वपूर्ण और प्रभावशाली देश रहा है।

## एंबुलेंस में गड्ढे के झटके से लौटी सांसें, पीलीभीत में अंतिम संस्कार की चल रही थी तैयारी

# ब्रेन डेड, घर ले जाओ : डॉक्टर

**चमत्कार**

तमसा संकेत, एजेंसी



पीलीभीत। पीलीभीत की एक महिला को बरेली के डॉक्टरों ने ब्रेन डेड घोषित कर दिया। परिजनों से महिला को घर ले जाने के लिए कहा। घर पर भी महिला के अंतिम संस्कार की तैयारी होने लगी। पति महिला को एंबुलेंस से लेकर घर लौटने लगा। बरेली-हरिद्वार नेशनल हाईवे-74 पर अचानक एंबुलेंस के रास्ते में एक गड्ढा आ गया। इसकी वजह से एंबुलेंस में जोरदार धक्का लगा। इसकी वजह महिला के शरीर में हलचल हुई और उसकी सांसें चलने लगीं। यह देखकर घरवाले घबरा गए और उसे तुरंत दूसरे अस्पताल में भर्ती कराया। 13 दिन इलाज कराने के बाद अब महिला स्वस्थ होकर घर लौट आई है। महिला 22 फरवरी को घरेलू काम करते समय अचानक बेहोश हो गई थी। तब उसे बरेली के अस्पताल में ले जाया गया था। वहां दो दिनों तक उसे वेंटिलेटर पर रखा गया। डॉक्टरों ने शरीर में कोई प्रतिक्रिया न मिलने पर उसे ब्रेन डेड घोषित कर दिया था। मामला शहर कोतवाली थाना क्षेत्र का है। कुलदीप शुक्ला (55) शहर कोतवाली में अपने परिवार के साथ रहते हैं। 22 फरवरी की शाम उनकी पत्नी विनीता शुक्ला (50) घर के काम के दौरान अचानक बेहोश होकर गिर पड़ीं। विनीता पीलीभीत कोर्ट में वरिष्ठ सहायक हैं।

### पति बोले- परिवारवालों को अंतिम संस्कार की तैयारी के लिए कह दिया था

कुलदीप ने बताया- मैंने परिवारवालों से अंतिम संस्कार की तैयारी करने के लिए कह दिया था। विनीता की सांसें नहीं चल रही थीं। केवल दिल की धड़कन चल रही थी, वो भी समय के साथ धीमी होती जा रही थी। पत्नी की सांसें लौट आना मेरे लिए किसी चमत्कार से कम नहीं था। सांसें वापस आते ही मैंने परिवारवालों को अंतिम संस्कार की तैयारियों को तुरंत रोकने के लिए कहा।

### ग्लासको कामो स्केल 3 पर पहुंच गया था

*इसके बाद कुलदीप पत्नी विनीता को तुरंत पीलीभीत के न्यूरोसिटी अस्पताल ले गए। न्यूरोसिटी अस्पताल के न्यूरोसर्जन डॉक्टर राकेश सिंह ने सबसे पहले बरेली के अस्पताल से विनीता की मेडिकल हिस्ट्री पता की। फिर उनका इलाज शुरू किया। डॉक्टर राकेश सिंह ने बताया- विनीता के ब्रेनस्टेम रिफ्लेक्स नहीं मिले।*

### विनीता बोलीं- दवा ली थी, उसके बाद कुछ याद नहीं

*विनीता शुक्ला ने बताया- मेरा ब्लड प्रेशर बढ़ गया था। मैंने घर पर रखी दवा खाई थी। उसके बाद क्या हुआ, मुझे कुछ पता नहीं। परिवारवालों ने बताया कि मैं बेहोश हो गई थी। जो कुछ हुआ, मुझे घरवालों से पता चला। अब मैं ठीक महसूस कर रही हूं। वह अपने पैरों पर चलकर घर लौट आई हैं। पति ने कहा- अब वह होश में हैं और हमसे बात भी कर रही हैं।*



पत्नी की सांसें लौटने पर कुलदीप बहुत खुश हैं। विनीता भी अब अपने परिवार के साथ हैं।

**कुलदीप कुमार शुक्ला बताते हैं- 24 फरवरी को हम घर लौट रहे थे। तभी बरेली हरिद्वार नेशनल हाईवे पर अचानक एंबुलेंस में गड्ढे की वजह से झटका लगा। झटका लगते ही विनीता के शरीर में हरकत होने लगी और उनकी सांसें चलने लगीं।**

### 13 दिन बाद घर लौटीं विनीता

इलाज के बाद महज 24 घंटे के भीतर विनीता के शरीर ने प्रतिक्रिया देना शुरू कर दिया। बिना वेंटिलेटर 13 दिनों के इलाज के बाद विनीता अब पूरी तरह स्वस्थ हैं।

## पोस्टमार्टम में सोनू की मौत का कारण स्पष्ट नहीं

### रेलवे स्टेशन के खंडहर में मिला था शव, बिसरा जांच को सुरक्षित

तमसा संकेत, एजेंसी



मुरादाबाद। मुरादाबाद रेलवे स्टेशन के खंडहर में मिले युवक सोनू कश्यप की मौत का कारण अभी तक स्पष्ट नहीं हो पाया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में मौत की वजह साफ न होने के कारण बिसरा जांच के लिए सुरक्षित रख लिया गया है। पुलिस फिलहाल मामले की जांच कर रही है। संभल जिले के मोहल्ला हातिम सराय निवासी 27 वर्षीय सोनू कश्यप का शव सोमवार दोपहर रेलवे स्टेशन परिसर में मिला था। उसका शव केजीके पुल के पास सीनियर सेक्शन इंजीनियर (रेल पथ) कार्यालय के सामने बने खंडहर में पड़ा मिला। सोनू मुरादाबाद रेलवे स्टेशन पर पानी की बोतलें बेचकर गुजारा करता था और पिछले करीब साढ़े तीन महीने से मझोला थाना क्षेत्र के कांशीराम नगर में रह रहा था। मृतक के पिता भागवत सिंह कश्यप और भाइयों ने इसे हत्या बताते हुए आरोप लगाए थे। सूचना मिलने पर जीआरपी और फोरेंसिक टीम मौके पर पहुंची और जांच पड़ताल की। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया था। मंगलवार को पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया, जिसके बाद वे अपने गांव लौट गए। जीआरपी इंस्पेक्टर सुरेंद्र कुमार ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट में मौत का कारण स्पष्ट नहीं हो सका है। इसी वजह से बिसरा को आगे की जांच के लिए सुरक्षित रखा गया है। बिसरा रिपोर्ट आने के बाद ही मौत की सही वजह सामने आ पाएगी।

**फास्ट न्यूज**

### छात्रा ने लगाया कोचिंग संचालक पर छेड़खानी का आरोप

वाराणसी। वाराणसी के लालपुर-पांडेयपुर थाने में एक छात्रा ने कोचिंग संचालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। छात्रा का आरोप है कि कोचिंग संचालक अमित कुमार के यहां वो पढ़ने जाती थी। इस दौरान वह उससे पहले छेड़छाड़ और फिर जबरदस्ती करने लगा। इस दौरान मार-पीटकर मेरी आपत्तिजनक वीडियो बना ली। मैंने वहां पढ़ाई छोड़ी तो अब वह मेरी गंदी वीडियो वायरल करने की धमकी दे रहा है।

### गर्लफ्रेंड के लिए मोबाइल टावर पर चढ़ा बॉयफ्रेंड

आगरा। आगरा में गर्लफ्रेंड के लिए 60 फीट ऊंचे मोबाइल टावर पर युवक चढ़ गया। करीब 40 फीट ऊपर चढ़कर बोला- उसे बुलाकर लाओ। मैं उससे बहुत प्यार करता हूं। इस दौरान काफी संख्या में आसपास के लोगों की भीड़ लग गई।

सूचना पर पुलिस पहुंची। इस दौरान मौके पर परिवार के लोगों को बुलाया गया। इसके बाद करीब 5 घंटे तक समझाने के बाद किसी तरह नीचे ऊतारा। इसके बाद युवक से एसडीएम पूछताछ कर रहे हैं। मामला थाना ट्रांस यमुना के शाहदरा चुंगी की है।

### युवक को पीटने वाले दबंगों का फायरिंग करते हुए वीडियो

प्रयागराज। प्रयागराज में सरेआम युवक की पिटाई करने वाले युवकों का एक और वीडियो सामने आया है। इस वीडियो में एक युवक पिस्टल निकालकर हवा में फायरिंग करते दिखाई दे रहे हैं।

बताया जा रहा है कि यही युवक 1 मार्च की रात सिविल लाइंस इलाके में एक युवक को बीच सड़क पर घेरकर बुरी तरह पिटाई की थी।

## वाराणसी के एसआईआर में तैनात बीएलओ की मौत

### बीमारी के बाद अफसरों से मांगता रहा छुट्टी, इलाज के अभाव में तोड़ा दम

तमसा संकेत, एजेंसी



शेख मोहम्मद असगर अली, मृतक

वाराणसी। वाराणसी के विशेष गहन पुनरीक्षण (SIR) की ड्यूटी में तैनात बीएलओ की बुधवार सुबह बीमारी के चलते मौत हो गई। इलाज के अभाव में उसने तड़प-तड़पकर दम तोड़ दिया। बीमार होने के बावजूद अफसर उसे एसआईआर के काम में लगाए रहे। चौबेपुर थाना क्षेत्र के कौवापुर गांव के रहने वाले शेख मोहम्मद असगर अली प्राथमिक विद्यालय में शिक्षक थे। उन्हें बीएलओ (BLO) का अतिरिक्त कार्यभार सौंपा गया था। शिक्षक असगर लगातार बीएलओ का कार्य करते हुए काफी व्यस्त और तनाव में चल रहे थे। इसी दौरान उनकी तबीयत अचानक खराब हो गई। जांच में उन्हें जॉन्डिस (पीलिया) की शिकायत सामने आई। परिजनों के अनुसार तबीयत खराब होने के बावजूद उन्होंने विभाग से छुट्टी की मांग की थी, लेकिन समय पर छुट्टी न मिलने के कारण वह लगातार काम करते रहे, जिससे उनकी हालत और बिगड़ती चली गई। स्थिति गंभीर होने पर उन्हें उपचार के लिए बीएचयू ट्रॉमा सेंटर सहित अन्य अस्पतालों में भी दिखाया गया, जहां डॉक्टरों द्वारा इलाज किया जा रहा था। इलाज के दौरान ही कल उनकी मृत्यु हो गई। शिक्षक की मौत की खबर मिलते ही विद्यालय के शिक्षकों, ग्रामीणों और क्षेत्र के लोगों में शोक है। परिवार में पत्नी की अलावा तीन लड़के हैं, परिवार में कोहराम मचा है।

## 16 वर्षीय किशोर का संदिग्ध परिस्थितियों लटका मिला शव

तमसा संकेत, संवाददाता



सूरतगंज (बाराबंकी)। थाना रामनगर क्षेत्र के इब्राहिमपुर गांव में गोंडा जनपद के बालपुर गांव निवासी एक 16 वर्षीय किशोर द्वारा फांसी लगाकर आत्महत्या करने का मामला सामने आया है। घटना की जानकारी मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। परिजन आनन-फानन में किशोर को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) रामनगर लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार गोंडा जनपद के बालपुर गांव निवासी यश सोनी (16) पुत्र बिरजू सोनी बाराबंनी जनपद के इब्राहिमपुर में किराए के मकान में रहता था। उसका पिता वही निवास कर करीब चार पांच साल से रहकर सोनार की दुकान चलाता था बताया जा रहा है कि बुधवार को दोपहर बाद वह घर के कमरे में छत में लगे छल्ले में दुपट्टे के सहारे लटका हुआ पाया गया। परिजनों की नजर पड़ते ही हड़कंप मच गया और तुरंत उसे नीचे उतारकर इलाज के लिए सीएचसी रामनगर ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। घटना के बाद मृतक के पिता बिरजू सोनी ने आरोप लगाया है कि मोहल्ले के कुछ लोग उनके बेटे को लगातार प्रताड़ित और धमकी देते थे। उनका कहना है कि इसी मानसिक दबाव के कारण उनके बेटे ने आत्महत्या जैसा कदम उठाया है। उन्होंने मामले की निष्पक्ष जांच कर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। उधर घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है कि परिजनों से तहरीर मिलने के बाद आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। साथ ही पूरे मामले की जांच कर आत्महत्या के कारणों का पता लगाया जा रहा है। किशोर की असमय मौत से पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई है और परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। इस सम्बन्ध में प्रभारी निरीक्षक अनिल पांडेय ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया और पुलिस जांच पड़ताड़ में जुट गई है पोस्टमार्टम के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## प्राण-प्रतिष्ठा महोत्सव में सजी काव्य की महफिल

### देर रात तक गूंजती रहीं तालियां

तमसा संकेत, संवाददाता



सूरतगंज (बाराबंकी)। बसौली स्थित महामृत्युंजेश्वर महादेव धाम में नर्मदेश्वर महादेव और हनुमानजी की प्राण-प्रतिष्ठा महोत्सव के उपलक्ष्य में मंगलवार की रात्रि भव्य कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया। इस अवसर पर दूर-दूर से आए कवियों ने भक्ति, ओज, हास्य और व्यंग्य से भरपूर रचनाओं का पाठ कर श्रद्धालुओं और श्रोताओं को देर रात तक बांधे रखा। कवियों की प्रभावशाली प्रस्तुतियों पर पूरा पंडाल बार-बार तालियों की गड़गड़ाहट से गूंजता रहा। कवि सम्मेलन की शुरुआत मां सरस्वती की वंदना से हुई। लखनऊ से आईं कवयित्री संध्या त्रिपाठी ने अपनी प्रस्तुति "राम को जानिए राम के काम से, सारे संकट कटे राम के नाम से " सुनाकर कार्यक्रम को भक्तिमय माहौल में ढाल दिया। उनकी पंक्तियों पर उपस्थित लोगों ने उत्साह के साथ "जय श्रीराम" के जयकारे लगाए। इसके बाद रामनगर के कवि प्रमोद पंकज ने अपनी व्यंग्यात्मक कविता "खाते में दस हजार बिहार के घर-घर पठायके, मोदीजी वोटवा मांगेला गमछा घुमायके " सुनाकर समसामयिक राजनीति पर चुटीला कटाक्ष किया, जिस पर श्रोताओं ने खूब तालियां बजाईं। कवि शेखर त्रिपाठी ने अपनी भावपूर्ण रचना "जिन्हें दाम प्यारे उन्हें दाम दे दो, मुझे राम प्यारे हैं राम दे दो " सुनाकर भक्ति का संदेश दिया।

## आलू किसानों के लिए बाराबंकी में क्रेता-विक्रेता सम्मेलन

तमसा संकेत, संवाददाता



बाराबंकी। बुधवार को उद्यान मंत्री उ०प्र० सरकार दिनेश प्रताप सिंह की अध्यक्षता में अयोध्या मण्डल, अयोध्या एवं देवीपाटन मण्डल के आलू कृषक व हितधारकों के मध्य क्रेता-विक्रेता का सम्मेलन गांधी सभागार, जिला ग्राम्य विकास अभिकरण बाराबंकी में आयोजित किया गया। बैठक का शुभारम्भ दीप प्रज्जवलन कर उद्यान मंत्री के कर कमलों द्वारा किया गया। तत्पश्चात् बैठक प्रारम्भ हुई , जिसमें मंत्री के द्वारा सरकार द्वारा आलू क्रय-विक्रय के सम्बन्ध में अवगत कराया गया कि विपणन की बहुत ही सम्भावनाएं है, कृषकों को सलाह दिया कि वे अपने आलू अन्य राज्यों उड़ीसा, आन्ध्र प्रदेश आदि में भेजकर उपयुक्त दर प्राप्त कर सकते हैं। वर्तमान की दरों से घबराने की जरूरत नहीं है, विगत वर्षों की तुलना में इस वर्ष भी अच्छे मूल्य मिलने की सम्भावनाएं है तथा उपस्थित कृषक व शीतगृह स्वामियों एवं उद्यामियों से विचार-विमर्श करने को कहा। भारतीय किसान यूनियन के प्रतिनिधि राम बरन वर्मा द्वारा आलू के साथ-साथ मेंथा, आलू एवं टमाटर जनपद में बहुतायत मात्रा में पैदा होता है, जिसके भण्डारण हेतु कोल्ड स्टोरेज नहीं है, जिसके जवाब में मंत्री द्वारा खाद्य प्रसंस्करण नीति के माध्यम से 35 प्रतिशत के अनुदान प्राप्त करते हुए इकाई की स्थापना हेतु आगे आने का आवाहन किया, साथ ही मण्डी परिषद में कोल्ड रूम लगाये जाने की प्रक्रिया जल्द पूर्ण किये जाने के निर्देश दिये। साथ ही अवगत कराया कि शीतगृह स्वामियों से कोल्ड स्टोरेज में शीतगृह में आलू भण्डारण में अवशेष स्थान का उपयोग टमाटर के भण्डारण में कराये जाने के सुझाव दिये।

## चलती स्कूल बस की फर्श टूटी, बच्ची नीचे गिरी

### आगरा में पहिए के नीचे कुचलकर मौत, दादी मां रोते-रोते हुई बेहाश

**बच्ची के ऊपर से बस का पहिया निकल गया, उसकी मौत हो गई।**

तमसा संकेत, एजेंसी



नैना, मृतक छात्रा

आगरा। अलीगढ़ जैसा हादसा आज आगरा में हो गया है। यहां पर कबाड़ स्कूल बस में बैठी छात्रा फर्श टूटने से नीचे जा गिरी। पहिया उसके ऊपर से निकल गया। बच्चों ने शोर मचाया। इसके बाद बस रोकी। छात्रा को अस्पताल ले जा गया, लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। छात्रा की मौत की सूचना पर दादी और मां बेसुध हो गई। रोते-रोते दोनों बेहोश हो गई। परिजनों ने स्कूल पर आरोप लगाया है।

घटना थाना एत्मादपुर क्षेत्र के नगला लाले की है। थाना एत्मादपुर क्षेत्र के नगला लाले निवासी ब्रह्मजीत की 9 वर्षीय पुत्री नैना आरबीएस स्कूल एत्मादपुर में कक्षा एक में पढ़ती है। परिजनों ने बताया- रोज की तरह नैना बस से स्कूल गई थी। दोपहर में छुट्टी के बाद बस से वापस लौट रही थी।

परिजनों का आरोप है कि स्कूल बस बेहद खराब हालत में थी। अंदर का फर्श गला हुआ था। उस पर लकड़ी का तख्ता डाला हुआ था। बस के चलते समय तख्ता हट गया और नैना सीट से नीचे सड़क पर जा गिरी। उसके ऊपर से पहिया निकल गया।

बस में बैठे बच्चों ने शोर मचाया, इसके बाद चालक ने बस रोकी। खून से लथपथ नैना सड़क पर पड़ी थी। बच्ची के चाचा योगेश ने बताया- मेरी भतीजी पढ़कर आ रही थी। बस का फर्श टूट गया। वह नीचे गिर गई। जिससे उसकी मौत हो गई। इसकी बड़ी बहन परी भी उसी स्कूल में कक्षा 5 में पढ़ती है। जब वह घर पहुंची, तब उसने बताया कि नैना का एक्सीडेंट हो गया है। इसके बाद हम लोगों ने स्कूल फोन किया। उन लोगों ने बताया हादसा हुआ है। जब हम लोग अस्पताल पहुंचे, बच्ची की मौत हो चुकी थी।

एत्मादपुर थाना प्रभारी आलोक कुमार ने बताया- दुर्घटना में बच्ची की मौत की सूचना मिली थी। परिजनों ने तहरीर दी है। शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया गया है। FIR दर्ज कर आवश्यक कार्रवाई की जा रही है।



परिजनों ने स्कूल पर आरोप लगाया है।

### परिजनों ने लगाया स्कूल पर आरोप

मृतका के पिता ब्रह्मजीत ने स्कूल प्रबंधन पर हादसे के बाद जानकारी न देने का आरोप लगाया है। उन्होंने पुलिस को बताया- काफी देर तक जब बच्ची घर नहीं आई तो उन्होंने स्कूल में संपर्क किया। तब उन्हें बताया गया कि बच्ची का एक्सीडेंट हो गया है। बच्ची को इलाज के लिए गोयल हॉस्पिटल में भर्ती कराया है। जब तक परिजन हॉस्पिटल पहुंचे तब तक बच्ची की मौत हो चुकी थी। छात्रा के परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है। उन्होंने स्कूल प्रबंधन पर आरोप लगाए हैं।

**दादी और मां हुई बेहोश**

छात्रा नैना की मौत की सूचना पर दादी पांचों देवी और मां सोनम बेसुध हो गई। रोते-रोते दोनों बेहोश हो गई। लोगों ने उन्हें ढांढस बंधाया। दादी रोते-रोते कह रही थी कि सुबह कहकर गई थी कि स्कूल से आने के बाद साथ में खेलूंगी।

**निर्माण : अति विशिष्ट शंकराचार्य द्वार से 3 वाहनों के काफिले के साथ पहुंचा, हनुमानगढ़ी की सीढ़ियां नहीं चढ़ सका**

# आसाराम ने रामलला का वीआईपी दर्शन किया

तमसा संकेत, एजेंसी





अयोध्या। अयोध्या पहुंचे नाबालिग से रेप केस में सजायफ्ता आसाराम ने बुधवार को रामलला का दर्शन किया। 3 वाहनों का काफिला आदि शंकराचार्य द्वार से राम मंदिर के अंदर पहुंचा। उसे विशिष्ट मेहमान की तरह रामलला का दर्शन कराया गया। हनुमानगढ़ी की सीढ़ियां अधिक होने के कारण वे वहां दर्शन करने नहीं जा सका। राममंदिर निर्माण के प्रभारी गोपाल जी ने आसराम को राम मंदिर के बारे में बताया। मंदिर निर्माण की जानकारी दी। आसाराम ने करीब 10 मिनट तक रामलला का दर्शन किया। इस दौरान रामलला की मोहिनी सूरत को अपलक निहारता रहा। मंदिर के सोने के दरवाजों और दीवारों पर उकेरी गई कलाकृतियों सहित मंदिर की भव्यता को निहारा। करीब 30 मिनट तक राममंदिर में बिताने के लक्ष्मण किला वापस आ गया। अयोध्या के बाद उसका अगला पड़ाव क्या होगा, इसकी जानकारी देने से सेवादार बच रहे हैं। आसाराम को जिस आदि शंकराचार्य गेट से अंदर जाने की अनुमति मिली है, उससे केवल वीआईपी ही जाते हैं। प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री इसी गेट से जाते हैं। बाकी श्रद्धालुओं को दूसरे गेट से एंट्री मिलती है। बिना राम मंदिर ट्रस्ट पुलिस और प्रशासन की अनुमति के कोई भी वहां वहां प्रवेश नहीं करता है। आसाराम के साथ 6 लोग दर्शन करने पहुंचे। आसाराम को राजस्थान हाईकोर्ट ने 29 अक्टूबर को 6 महीने की जमानत दी थी। इसके आधार पर 6 नवंबर को आसाराम को गुजरात हाई कोर्ट से भी 6 महीने की अंतरिम जमानत मिल गई थी।

> अयोध्या में आसाराम ने कहा- भारत में कई ऐसे तीर्थ स्थान हैं, जहां प्राण त्यागने या जाने मात्र से मनुष्य का कल्याण होता है। शास्त्रों में सात मोक्षदायी स्थान बताए गए हैं। इनमें अयोध्या, मथुरा, माया (हरिद्वार), काशी, कांची, अवंतिका और पुरी हैं।

### सरयू तट पर 300 मीटर तक पैदल घूमा

आसाराम मंगलवार दोपहर 3 बजे झुनकी घाट से सद्गुरु कुटी तक पैदल घूमा। फिर कार से लक्ष्मण किला गया। यहां पर आराम किया। शाम करीब 6 बजे लक्ष्मण किला से बाहर निकला। यहां से सरयू तट पहुंचा। करीब 300 मीटर तक पैदल घूमा। इस दौरान उसके अनुयायियों ने उनके पैर छुए। मानव शरीर में वात, कफ और पित्त तीन दोष होते हैं और तीर्थ स्थलों पर जाने से इन दोषों का प्रभाव कम होता है। शास्त्रों में अयोध्या को पहला स्थान है। मथुरा में रहने वाला व्यक्ति चाहे साधु के वेश में रहा हो, लेकिन साधु का दायित्व न निभाया हो, फिर भी वहां मृत्यु होने पर उसे नरक नहीं जाना पड़ता है।



### जमानत पर 6 महीने के लिए जेल से बाहर

दरअसल आसाराम मंगलवार शाम को ही अयोध्या पहुंचा है। वह सरयू तट पर घूमा। इस दौरान तमाम लोग उसके सामने हाथ जोड़ते नजर आए। इसी कड़ी में बुधवार की सुबह रामलला का दर्शन किया।

## हमारा आंगन, हमारे बच्चे उत्सव सम्पन्न, उत्कृष्ट बच्चों व शिक्षकों का हुआ सम्मान

### शिक्षक बच्चों के लिए होते है रोल मॉडल रु एमएलसी अंगद कुमार सिंह

तमसा संकेत, संवाददाता



बाराबंकी। जनपद स्तरीय हमारा आंगनदृहमारे बच्चे उत्सव कार्यक्रम का आयोजन ब्लॉक संसाधन केंद्र बंकी (बड़ेल) में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि सदस्य विधान परिषद अंगद कुमार सिंह ने किया। विशिष्ट अतिथि जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी ने कविता, कहानी एवं भाषण प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले बच्चों को सम्मानित कर उनका उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम में बेसिक शिक्षा विभाग में उत्कृष्ट कार्य करने वाले 15 विकास खंडों एवं नगर क्षेत्र के नोडल शिक्षक प्री-प्राइमरी, नोडल संकुल शिक्षक, ईसीसी एजुकेटर, नोडल शिक्षामित्र, नोडल आंगनबाड़ी कार्यकर्त्री तथा आईसीडी-एस मुख्य सेविकाओं को भी सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत कंपोजिट विद्यालय बड़ेल के बच्चों द्वारा प्रस्तुत सरस्वती वंदना एवं स्वागत गीत से हुई। मुख्य अतिथि अंगद कुमार सिंह ने इंस्पायर अवार्ड में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले बच्चों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि बेसिक शिक्षकों और आंगनबाड़ी कार्यकर्त्रियों के सहयोग से ही बच्चों की मजबूत नींव तैयार होती है। उन्होंने कहा कि शिक्षक बच्चों के लिए रोल मॉडल होते हैं तथा अभिभावकों के संस्कारों का प्रभाव बच्चों के व्यक्तित्व पर पड़ता है। शिक्षक सौभाग्यशाली होता है क्योंकि वह नन्हे-मुन्ने बच्चों के भविष्य का निर्माण करता है। उन्होंने अपने छात्र जीवन के संस्मरण साझा करते हुए परिषदीय विद्यालयों में ओपन जिम की व्यवस्था किए जाने की बात कही। विशिष्ट अतिथि जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि जनपद के परिषदीय शिक्षकों के मार्गदर्शन में बच्चों को आगे बढ़ने के बेहतर अवसर मिल रहे हैं। उन्होंने आगामी शैक्षणिक सत्र से विद्यालयों की प्रार्थना सभा में पब्लिक स्पीकिंग को बढ़ावा देने पर जोर दिया, ताकि बच्चे बिना झिझक अपने विचारों को मंच पर व्यक्त कर सकें। उन्होंने कहा कि जब किसी कार्य को जुनून के साथ किया जाता है तो सफलता अवश्य मिलती है। साथ ही ग्राम प्रधानों से विद्यालयों में कायाकल्प योजना के अंतर्गत कराए गए कार्यों को अनुकरणीय बताते हुए सहयोग जारी रखने की अपील की।

## गाड़ी के शीशे टूटे, लॉरेंस गैंग से मिल चुकी धमकी, सपना चौधरी पर एफआईआर से चर्चा में आए थे

# गुरुग्राम के भीमसेना प्रमुख पर फायरिंग

**गोलीबारी**

तमस संकेत, एजेंसी

गुरुग्राम । गुरुग्राम में रहने वाले भीमसेना प्रमुख और संविधान सुरक्षा पार्टी (एसएसपी) के सुप्रीमो नवाब सतपाल तंवर पर देर रात बदमाशों ने फायरिंग कर दी। वे गुरुग्राम से उत्तर प्रदेश के देवबंद गए थे। जहां उनकी कार पर हमला हुआ, जिससे कार के शीशे टूट गए। गोलीबारी के बाद सतपाल चोटिल होने के बाद बेहोश हो गए।

घटना के तुरंत बाद उन्हें देवबंद के शिफा अस्पताल ले जाया गया, जहां उनकी जांच की गई। उसके बाद सरकारी अस्पताल में पुलिस ने उनका मेडिकल कराया। उनके हाथ और गले पर कांच लगने के निशान लगे हैं। हालांकि, उन्हें गोली नहीं लगी। उधर, भीमसेना के समर्थकों ने देवबंद अस्पताल के बाहर रात में जुटना शुरू हो गए और कार्रवाई की मांग कर रहे हैं। बता दें कि सतपाल तंवर हरियाणवी सिंगर सपना चौधरी के विवादित गाने को लेकर FIR करवाने पर चर्चा में आए थे। वहीं, उन्हें गैंगस्टर लॉरेंस के गैंग की तरफ से भी धमकियां मिल चुकी हैं। शादी समारोह में गए थेः सतपाल तंवर अपने परिवार के साथ यूपी के देवबंद स्थित गुनारसा में एक शादी में शामिल होने आए थे। उन्हें हरियाणा पुलिस की तरफ से एक गनमैन की सुरक्षा मिली हुई है, लेकिन उस समय सुरक्षाकर्मी उनके साथ नहीं था।



गुरुग्राम के रहने वाले भीमसेना प्रमुख सतपाल तंवर की गाड़ी पर लगी गोली के निशान दिखाती उनकी पत्नी और कार में घायल पड़े सतपाल।

> भीमसेना और संविधान सुरक्षा पार्टी के कार्यकर्ताओं ने घटना पर गहरा आक्रोश जताया है। सोशल मीडिया पर पोस्ट करते हुए कार्यकर्ताओं ने कहा कि यदि सतपाल तंवर को कुछ हुआ, तो उत्तर प्रदेश में धरना प्रदर्शन किया जाएगा। उन्होंने हमलावरों को पकड़ने और उनके खिलाफ तत्काल सख्त कार्रवाई की मांग की है।

### सतपाल तंवर की कार पर लगी गोली का निशान

सतपाल तंवर पिछले कुछ वर्षों से विभिन्न सामाजिक मुद्दों पर सक्रिय रहे हैं और कई बार विवादों में भी घिरे हैं। वो सपना चौधरी पर एफआईआर करने के बाद सुर्खियों में आए थे। 9 साल पहले के केस में उन्होंने आरोप लगाया था कि सपना ने जो रागिनी गाई थी, उसमें दलितों को टारगेट बनाया गया था। दलितों को न्याय दिलाने के लिए उन्होंने सपना के खिलाफ मामला दर्ज कराया।



सतपाल तंवर की कार पर लगी गोली का निशान।

### लॉरेंस बिश्नोई से मिल चुकी धमकी

सतपाल को कई बार लॉरेंस बिश्नोई गैंग से भी धमकियां मिल चुकी हैं। हालांकि, अभी हुए हमले के पीछे किसी संगठित गिरोह या व्यक्ति का नाम सामने नहीं आया है। फॉरेंसिक टीम ने कार के शीशे और आसपास के इलाके से सबूत जुटाए हैं। यूपी पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज की जांच शुरू कर दी है और संदिग्धों की तलाश में छापेमारी कर रही है।

## भाकियू अन्नदाता ने बलदेव थाना प्रभारी को किया सम्मानित

तमसा संकेत, संवाददाता



मथुरा। विश्व प्रसिद्ध दाऊजी हुरंगा को शांतिपूर्ण एवं सकुशल सम्पन्न कराने पर भारतीय किसान यूनियन अन्नदाता द्वारा बलदेव थाना प्रभारी पुष्पेंद्र को सम्मानित किया गया। प्रदेश अध्यक्ष भूरा पहलवान, जिलाध्यक्ष जीतू जोशी, जिला उपाध्यक्ष वीरपाल सिंह गंधार ने इस अवसर पर उन्हें श्री दाऊजी महाराज की ओढ़नी, माला एवं खाटूश्याम बाबा की चित्रपट भेंट कर सम्मानित किया। संगठन के प्रदेश अध्यक्ष भूरा पहलवान ने पुलिस प्रशासन की कार्यप्रणाली की सराहना करते हुए कहा कि थाना प्रभारी पुष्पेंद्र के नेतृत्व में इस वर्ष दाऊजी हुरंगा का आयोजन अत्यंत व्यवस्थित और शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न हुआ। इस दौरान देश-विदेश से लाखों श्रद्धालु बलदेव पहुंचे और पूरे क्षेत्र में प्रेम, उत्साह और उल्लास के साथ होली के रंगों का आनंद लिया। पुलिस प्रशासन की मुस्तैदी के चलते श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा या भय का सामना नहीं करना पड़ा। उन्होंने कहा कि थाना प्रभारी पुष्पेंद्र ने पदभार संभालने के बाद क्षेत्र में सक्रिय दलालों पर सख्ती करते हुए उनकी गतिविधियों पर रोक लगाई है। साथ ही अवैध मिट्टी खनन की दलाली करने वाले तथाकथित फर्जी मीडिया कर्मियों पर भी कड़ा रुख अपनाया है, जिससे क्षेत्र की जनता में ईमानदार पुलिस के प्रति सम्मान और विश्वास बढ़ा है। प्रदेश अध्यक्ष भूरा पहलवान ने बताया कि भारतीय किसान यूनियन अन्नदाता किसानों और क्षेत्रवासियों की ओर से यह सम्मान इसलिए दिया गया है, ताकि ईमानदारी और निष्ठा से कार्य करने वाले अधिकारियों का मनोबल और अधिक बढ़ाया जा सके।

**फास्ट न्यूज**

### 'हमने बेटे को देश की रक्षा के लिए समर्पित किया'

आगरा । ISI के लिए जासूसी करने के आरोप में पकड़े गए नौसेना के जवान आदर्श कुमार उर्फ लकी के पिता बलवीर सिंह चाहर बुधवार को दोपहर बाद मीडिया के सामने आए। उन्होंने कहा-हमने तो अपने बेटे को देश की रक्षा के लिए समर्पित किया था, अब किसी के तहत उसे फंसाया जा रहा है। मेरा बेटा निर्दोष है, निष्पक्षता से इसकी जांच होनी चाहिए।

### रंगदारी नहीं दी तो कार से 80 मीटर घसीटा

कानपुर । कानपुर में होली में हुई कमाई की रंगदारी नहीं देने पर रेस्टोरेंट मालिक को कार से करीब 80 मीटर तक घसीटा गया। इस दौरान वह लगातार चिल्लाता रहा। शोर सुनकर रेस्टोरेंट के कर्मचारी बाहर निकले और कार का पीछा किया। तब कार ड्राइवर रेस्टोरेंट मालिक को सड़क पर छोड़कर भाग गया। घटना की सूचना मिलने पर रेस्टोरेंट मालिक के घरवाले मौके पर पहुंचे और पुलिस को सूचना दी। इसके बाद घायल रेस्टोरेंट संचालक को प्राइवेट अस्पताल में भर्ती कराया गया। रेस्टोरेंट मालिक ने गुजैनी थाने में शिकायत दी है। इसके आधार पर पुलिस ने केस दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी है।

### हनीमून मनाकर दुबई से लौटा नौसैनिक गिरफ्तार

आगरा । यूपी ATS ने आगरा से एक पाकिस्तानी जासूस को गिरफ्तार किया है। वह भारतीय नौसेना यानी नेवी में लांस नायक है। पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी ISI के लिए जासूसी कर रहा था। उसने ISI एजेंट को देश के युद्धपोतों की तस्वीरें और डिटेल्स भेजी हैं। ATS ने मंगलवार को आरोपी आदर्श कुमार उर्फ लकी को आगरा में उसके गांव कागारौल थाने के गांव चीतपुर से दबोचा।

## बलदेव में हुआ भागवत कथा शुभारंभ कलशयात्रा में उमड़ा जनसैलाब



तमसा संकेत, संवाददाता

मथुरा। बलदेव में श्री मद्भागवत कथा का शुभारंभ कलश यात्रा के साथ हुआ। भागवत जी का पूजन बालयोगी जी महाराज ने किया।रीढ़ा स्थित विनय अग्रवाल के बाड़े से कलश यात्रा शुभारंभ हुई जो कि खंदौली रोड,कैलाश मार्ग,शिवरतन बाजार,परिक्रमा मार्ग,मोती बाजार, रीढ़ा मार्गों से गुजरी।151 कलशों के साथ निकली यात्रा का जगह जगह नगरवासियों ने भव्य स्वागत किया।

इस अवसर पर भागवत प्रवक्ता आचार्य मनीष गर्गाचार्य,परीक्षित श्याम सुन्दर अग्रवाल,चेयरमैन डॉ मुरारी लाल अग्रवाल,थाना प्रभारी पुष्पेंद्र सिंह,विनय अग्रवाल,सुजीत वर्मा,देव अग्रवाल,रवेंद्र सिंह, डॉ. जगदीश पाठक,लेखराज सिंह,अजीत पहलवान, बंटी पहलवान,पवन गोयल,बसंत लाल, राजा,सतेंद्र पहलवान,मुकुट चौधरी,बलदेव अग्रवाल, करन अग्रवाल, दाऊ गोयल,गोस्वामी शिवम पांडेय,संजीव अग्रवाल,धर्मेंद्र उपाध्याय, गीता रावत,सुधा वर्मा,सुमन,बेबी गोयल,प्रीति सिंह आदि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

## मुंह छिपाते नजर आए, हरदोई में लोन पास कराने के लिए 45 हजार मांगे थे

# बसपा के पूर्व जिलाध्यक्ष रिश्वत लेते गिरफ्तार

तमसा संकेत, एजेंसी

हरदोई । हरदोई में बसपा के पूर्व जिलाध्यक्ष सुरेश चौधरी को 45 हजार रुपए रिश्वत लेते सीबीआई की एंटी करप्शन टीम ने गिरफ्तार किया । वह बैंक से 5 लाख का लोन पास कराने के लिए महिला से रिश्वत मांग रहे थे। महिला की शिकायत पर एंटी करप्शन टीम ने बसपा नेता को ट्रैप में फंसाने का प्लान बनाया।

मंगलवार को महिला को पैसे लेकर उनके दफ्तर भेजा। बसपा नेता ने जैसे ही रुपए पकड़े, टीम पहुंच गई और उन्हें गिरफ्तार कर लिया। इसके बाद टीम ने उनसे करीब 7 घंटे पूछताछ की और लखनऊ लेकर रवाना हो गई। इस दौरान बसपा नेता अपने हाथों से मुंह छिपाते नजर आए। बसपा नेता ने कहा कि राजनीतिक साजिश के तहत उन्हें बदनाम करने के लिए फंसाया गया है। वे जुलाई 2020 से 2022 के विधानसभा चुनाव तक हरदोई के बसपा जिलाध्यक्ष पद पर रहे। बाद में चुनाव में बेहतर प्रदर्शन न होने के कारण उन्हें जिलाध्यक्ष पद से हटा दिया गया था।



ये तस्वीर बसपा के पूर्व जिलाध्यक्ष सुरेश चौधरी की है। जिन्हें एंटी करप्शन टीम ने गिरफ्तार किया है।

बसपा नेता को एंटी करप्शन टीम लखनऊ लेकर जाने लगी तो वह मुंह छिपाते नजर आए।

बसपा नेता को एंटी करप्शन टीम लखनऊ लेकर जाने लगी तो वह मुंह छिपाते नजर आए।

बघौली थाना क्षेत्र के अछरामऊ गांव की रहने वाली महिला सीमा देवी के मुताबिक, उन्होंने मुख्यमंत्री युवा उद्यमी रोजगार योजना के तहत 5 लाख रुपए के लोन के लिए बैंक ऑफ बड़ौदा में आवेदन किया। उन्हें सुगसुगी गांव के रहने वाले बसपा के पूर्व जिलाध्यक्ष सुरेश चौधरी से संपर्क करने के लिए कहा गया।

सुरेश चौधरी बैंक का बीसी (बिजनेस कॉरेस्पॉन्डेंट) केंद्र संचालित करते हैं। वे रिकवरी एजेंट भी हैं। महिला का आरोप है कि बसपा नेता ने उनसे 50 हजार रुपए की रिश्वत मांगी। उन्होंने बातचीत और रिश्वत मांगने के सबूत जुटाकर एंटी करप्शन से शिकायत की थी।



### बसपा नेता से 7 घंटे पूछताछ, बैंक मैनेजर फरार

एंटी करप्शन टीम बसपा नेता को कछौना रेलवे स्टेशन के गार्ड रूम ले गई। यहां करीब सात घंटे तक उनसे पूछताछ की गई। नेता के दफ्तर से कुछ महत्वपूर्ण दस्तावेज और लेन-देन से जुड़े कागजात जब्त किए गए। बसपा नेता की गिरफ्तारी की सूचना मिलते ही बैंक ऑफ बड़ौदा की कछौना शाखा का मैनेजर फरार हो गया। टीम उसकी तलाश में जुटी हुई है।

## शाहजहांपुर में कार काटकर निकाले गए शव, होंडा सिटी खरीदने जा रहे थे

# अर्टिगा को मारी टक्कर 2 भाइयों-दोस्त की मौत

तमसा संकेत, एजेंसी

शाहजहांपुर । शाहजहांपुर में तेज रफ्तार बस ने आर्टिगा कार को टक्कर मार दी। हादसे में कार सवार युवक, उसके फुफेरे भाई और एक दोस्त की मौके पर ही मौत हो गई। दो लोग गंभीर रूप से घायल हैं। टक्कर इतनी भीषण थी कि बस सड़क के किनारे गड्ढे पर लटक गई। जबकि कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई।

हादसे के बाद कार सवारों के शव गाड़ी के अंदर ही फंस गए। मौके पर मौजूद लोगों ने तुरंत पुलिस को सूचना दी। स्थानीय लोगों की मदद से दो शवों और घायलों को बाहर निकाल लिया गया, लेकिन एक शव बुरी तरह फंसा होने के कारण नहीं निकल सका। इसके बाद गैस कटर से कार का दरवाजा काटकर शव को बाहर निकाला गया।

बुधवार को यह हादसा जलालाबाद–फर्रुखाबाद हाईवे पर हुआ। हादसे की वजह धुंध और गलत तरीके से ओवरटेक बताई जा रही। पुलिस के अनुसार कार आगरा नंबर की है, जबकि उसमें सवार लोग लखीमपुर के अलग-अलग इलाकों के रहने वाले बताए जा रहे हैं। मृतकों की पहचान अरुण, ऋषभ और संजय के रूप में हुई है। अरुण की 20 अप्रैल को शादी तय थी। दोनों घायलों को फर्रुखाबाद रेफर कर दिया गया है। बुधवार को अरुण अपनी अर्टिगा कार से भाई अनिल, ममेरे भाई संजय, भांजे गौरव और संजय के दोस्त ऋषभ के साथ इटावा जा रहे थे। परिजन के मुताबिक, बुधवार सुबह चार बजे सभी अर्टिगा से इटावा के लिए निकले।





### 20 अप्रैल को थी अरुण की शादी

मूड़ा भाई गांव के रहने वाले अरुण (25) खेती किसानी करते हैं। वह सात भाई-बहनों में छठे नंबर पर थे। परिजन के अनुसार, 20 अप्रैल को अरुण की शादी थी। जबकि मूड़ा खालसा गांव के रहने वाले संजय के परिवार में पत्नी पिंकी, 5 साल का बेटा अवजीत के अलावा भाई शैलेंद्र और बहन कल्पना है। मृतक ऋषभ, चार भाई बहनों में दूसरे नंबर पर था।

शाहजहांपुर में जलालाबाद–फर्रुखाबाद हाईवे पर सुगसुगी गांव के पास जैसे ही वे लोग पहुंचे। फर्रुखाबाद की ओर से आ रही एक रोडवेज बस ने आगे चल रही कार को ओवरटेक किया। चूंकि, धुंध अधिक थी इसलिए तेज स्पीड बस ने ओवरटेक के चक्कर में सामने से आ रही अर्टिंगा को नहीं देखा। देखते ही देखते बस सीधे अर्टिंगा से जा भिड़ी।



रास्ते पर जाम लगने के कारण क्रेन से आर्टिगा कार को हटाया गया।

> लखीमपुर खीरी के हैदराबाद थानाक्षेत्र के मूड़ा भाई गांव के रहने वाले अरुण के भाई अनिल को एक सेकेंड हैंड कार खरीदनी थी। बताया जा रहा कि इटावा में एक होंडा सिटी कार की जानकारी उनको हुई।

ठोकर की वजह से अर्टिगा के परखच्चे उड़ गए। अनियंत्रित बस सड़क किनारे गड्ढे पर जाकर लटक गई। टक्कर की तेज आवाज सुनकर आसपास के लोग दौड़े पहुंचे।

## 14 मार्च को पंजाबी सिंगर मनिंदर बुट्टर की लाइव परफॉर्मेंस

तमसा संकेत, संवाददाता

साहिबाबाद। औद्योगिक क्षेत्र साइट-4 स्थित इंद्रप्रस्थ इंजीनियरिंग कॉलेज में 13 और 14 मार्च को दो दिवसीय वार्षिकोत्सव 'उद्भव-2026' का भव्य आयोजन किया जाएगा। इस संबंध में आयोजित प्रेस वार्ता में डीन स्टूडेंट वेलफेयर एवं फेस्ट की संयोजक प्रो. डॉ. मीनाक्षी शर्मा ने बताया कि महोत्सव में कॉलेज के छात्र तकनीकी, प्रबंधन, सांस्कृतिक, साहित्यिक, फाइन आर्ट और फन एक्टिविटीज से जुड़े करीब 50 विभिन्न इवेंट्स में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे।

उन्होंने बताया कि महोत्सव के पहले दिन उद्घाटन समारोह के साथ संगीतमय गायन, बैटल ऑफ बैंड्स, राजनीति पर संवाद, थीम आधारित फैशन शो और डीजे नाइट का आयोजन किया जाएगा। दूसरे दिन नुक्कड़ नाटक, ग्रुप डांस प्रतियोगिता और विजेताओं का सम्मान समारोह आयोजित होगा।



इंद्रप्रस्थ इंजीनियरिंग कॉलेज में वार्षिकोत्सव 'उद्भव-2026' 13 मार्च से

महोत्सव का मुख्य आकर्षण 14 मार्च को शाम 7 बजे प्रसिद्ध पंजाबी सिंगर मनिंदर बुट्टर की लाइव परफॉर्मेंस होगी। उनके लोकप्रिय गानों में 'सखियाँ', 'पानी दी गल', 'लारे', 'तेरी मेरी लड़ाई', 'जमीला', 'विवाह', 'इक तेरा', 'यारी', 'सॉरी' और 'गल्ल गोरीए' शामिल हैं, जो युवाओं के बीच खासे लोकप्रिय हैं। उनकी प्रस्तुति छात्रों और आगंतुकों के लिए यादगार अनुभव साबित होगी।

## पृष्ठ 01 का शेष...

### स्पीकर बिरला के ...

फिर भी विपक्ष के नेता कहते हैं कि हमें बोलने नहीं दिया जाता। जब बोलने का मौका आता है तो वे जर्मनी में होते हैं, इंग्लैंड में होते हैं।

शाह ने कहा- एक तो वे बोलना नहीं चाहते हैं। जब बोलना चाहते हैं तो नियम के अनुसार नहीं बोलना चाहते हैं। ये सदन नियम से चलेगा। स्पीकर को नियमों के उल्लघंन पर रोकने और टोकने का अधिकार है। ये सदन मेला नहीं है, जो नियम से नहीं चलेंगे, उसका माइक बंद ही होगा।

### शाह ने बताया- विपक्ष...

ये सदन में गंभीरता की बात करती हैं। मोरल ग्राउंड के आधार पर ओम बिरला ने दो-दो बार प्रस्ताव सुधारने का मौका दिया।

### राहुल ने कहा- पीएम ...

ये हाउस देश के लोगों को दर्शाता है। यह पूरे देश को दर्शाता है। जब हम बोलते हैं हम बोलने से रोका जाता है।

राहुल ने कहा कि आखिरी बार बोलते हुए मैंने प्रधानमंत्री की ओर से कॉम्प्रोमाइज का मुद्दा उठाया था। सदन देश का प्रतिनिधित्व करता है। पहली बार विपक्ष के नेता को नहीं बोलने दिया गया। पीएम कॉम्प्रोमाइज्ड हैं।

राहुल के इतना बोलने पर रविशंकर प्रसाद ने कहा- नेवर...नेवर। पीएम मोदी का भारत कभी कॉम्प्रोमाइज्ड नहीं होगा। इनको बेसिक समझदारी भी नहीं है। स्पीकर ने कई बार चेयर घेरी गई, कागज फेंके गए, लेकिन वह मुस्कराते रहे।

### देशभर में एलपीजी...

8 साल में पहला मौका है जब राम रसोई बंद की गई है।

अब भारत का 70% कच्चा तेल उन रास्तों से आ रहा है जो स्ट्रेट ऑफ होर्मुज के बाहर हैं। पहले यह आंकड़ा 55% था। हमने खरीद में विविधता लाकर अपनी सप्लाई सुरक्षित कर ली है।

गैस कंपनियों ने नए स्रोतों से एलएनजी (LNG) के कार्गो सुरक्षित किए हैं। मंत्रालय के मुताबिक, दो बड़े एलएनजी जहाज अगले एक-दो दिन में भारत पहुंचने वाले हैं।

### घरेलू सिलेंडर की...

पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय की संयुक्त सचिव सुजाता शर्मा ने मीडिया ब्रीफिंग में बताया कि देश में एलपीजी की डिलीवरी साइकल अभी भी 2.5 दिन ही बना हुआ है।

### कांग्रेस के युवराज...

जो व्यक्ति अपने छोटे दायरे में सिमटा हो, उसे देश का विकास कभी नहीं दिखेगा। PM ने कहा- खाड़ी और पश्चिम एशिया में जो कुछ हो रहा है, उसे लेकर लोगों का चिंतित होना स्वाभाविक है, लेकिन आज देश में BJP की सरकार है। जब भी हमारा कोई देशवासी मुसीबत में फंसा है, हमने उसकी सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए अपनी पूरी ताकत लगा दी है। वहीं तमिलनाडु में रैली में पीएम ने कहा कि वेस्ट एशिया ने सभी पर असर डाला है। हम इंडिया फर्स्ट की पॉलिसी पर भरोसा करते हैं। पैनिक होने की और अफवाहों पर ध्यान देने की कोई जरूरत नहीं है।

### मुख्य चुनाव आयुक्त ...

यह पहली बार है जब मुख्य चुनाव आयुक्त को हटाने के लिए ऐसा नोटिस दिया जा रहा है।

विपक्ष का आरोप है कि CEC कई मौकों पर सत्तारूढ़ भाजपा को फायदा पहुंचाने में मदद कर रहे हैं, खासकर स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन (SIR) नाम की मतदाता सूची की समीक्षा प्रक्रिया को लेकर। विपक्ष का कहना है कि यह प्रक्रिया केंद्र की सरकार को फायदा पहुंचाने के लिए की जा रही है।

विशेष रूप से पश्चिम बंगाल में इस प्रक्रिया को लेकर चिंता जताई गई है। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने आरोप लगाया है कि चुनाव आयोग असली मतदाताओं के नाम वोटर लिस्ट से हटा रहा है।

मुख्य चुनाव आयुक्त को उसी तरीके से हटाया जा सकता है जैसे सुप्रीम कोर्ट के जज को हटाया जाता है। अन्य चुनाव आयुक्तों को हटाने के लिए मुख्य चुनाव आयुक्त की सिफारिश जरूरी होती है।

जजेज़ (इन्क्वायरी) एक्ट 1968 के अनुसार, अगर दोनों सदनों में एक ही दिन नोटिस दिया जाता है, तो जांच समिति तभी बनेगी जब दोनों सदनों में प्रस्ताव स्वीकार कर लिया जाएगा। इसके बाद लोकसभा स्पीकर और राज्यसभा चेयरमैन मिलकर एक संयुक्त जांच समिति बनाएंगे।

### सुप्रीम कोर्ट ने पहली...

पैसिव यूथेनेशिया का मतलब होता है कि किसी गंभीर रूप से बीमार मरीज को जिंदा रखने के लिए जो बाहरी लाइफ सपोर्ट या इलाज दिया जा रहा है, उसे रोक दिया जाए या हटा लिया जाए, ताकि मरीज की प्राकृतिक रूप से मौत हो सके।

सुप्रीम कोर्ट ने यह फैसला हरीश की मां निर्मला राणा और पिता अशोक राणा की इच्छामृत्यु देने की अपील पर सुनाया।

फैसले पर पिता अशोक ने कहा हम इसके लिए लंबे समय से लड़ रहे थे। कौन से माता-पिता अपने बेटे के लिए ऐसा चाहेंगे। पिछले 3 साल से हम यह मामला लड़ रहे थे। अब उसे एम्स ले जाया जाएगा। वह पंजाब यूनिवर्सिटी में टॉपर हुआ करता था।

जस्टिस पारदीवाला ने फैसला सुनाते वक्त अमेरिकी धर्मगुरु हेनरी वार्ड बीचर के शब्दों का हवाला देते हुए कहा, 'ईश्वर मनुष्य से यह नहीं पूछते कि वह जीवन स्वीकार करता है या नहीं, उसे जीवन लेना ही पड़ता है।'

### हरीश हॉस्टल की...

इसमें मरीज पूरी तरह से फीडिंग ट्यूब यानी खाने-पीने की नली और वेंटिलेटर सपोर्ट पर निर्भर रहता है। इसमें रिकवरी की कोई गुंजाइश नहीं होती। 13 साल से बिस्तर पर पड़े होने की वजह से हरीश के शरीर पर बेडसोर्स यानी गहरे घाव बन गए हैं। उनकी हालत लगातार खराब होती जा रही है।

यह स्थिति हरीश के लिए बहुत दर्दनाक है। परिवार के लिए उन्हें ऐसे देखना मानसिक रूप से बेहद कठिन हो गया है। वेंटिलेटर, दवाइयों, नर्सिंग और देखभाल पर कई साल से इतना खर्च हो चुका है कि परिवार आर्थिक रूप से टूट चुका है।

### गुजरात आ रहे ...

बताया गया है कि तीन लापता क्रू सदस्य उस समय इंजन रूम में ड्यूटी पर थे। कैप्टन के आदेश पर बाकी क्रू ने जहाज छोड़ दिया और लाइफबोट में सवार हो गए। ओमान की नौसेना ने 20 क्रू मेंबर को बचाकर खसाब शहर पहुंचाया।

मिडिल-ईस्ट में जारी जंग के बीच होर्मुज स्ट्रेट में थाईलैंड के एक कार्गो जहाज पर हमला हुआ है। ओमान के पास चल रहे इस जहाज को प्रोजेक्टाइल से निशाना बनाया गया, जिसके बाद थाई नौसेना ने बचाव अभियान शुरू किया।

अधिकारियों के मुताबिक थाई झंडे वाला बल्क कैरियर मयूरी नारी ओमान के उत्तर में करीब 11 नॉटिकल मील (करीब 18 किमी) दूर यात्रा कर रहा था, तभी उस पर हमला हुआ।

थाई मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार जहाज पर मौजूद 20 क्रू मेंबर को बचा लिया गया है, जबकि तीन लोग अभी भी जहाज पर मौजूद बताए जा रहे हैं। रॉयल थाई नेवी ने कहा कि वह अंतरराष्ट्रीय एजेंसियों के साथ मिलकर जहाज और क्रू की मदद कर रही है।

मिडिल-ईस्ट में बढ़ते तनाव के बीच ईरान ने खाड़ी देशों की ओर मिसाइल और ड्रोन दागे हैं। संयुक्त अरब अमीरात (UAE) और कतर ने कहा कि उनके एयर डिफेंस सिस्टम इन हमलों को इंटरसेप्ट करने में लगे हैं।

### ईरान ने इराक के...

कोमाला पार्टी के अधिकारी अली रंजदर ने हमले के लिए ईरान को जिम्मेदार ठहराया है। हालांकि इस मामले में ईरान की ओर से कोई आधिकारिक टिप्पणी सामने नहीं आई है।

ईरान पहले भी इराक के कुर्दिस्तान क्षेत्र में सक्रिय कुर्द सशस्त्र संगठनों को निशाना बनाता रहा है।

## लग गया था कि संजू बेहतर करेगा, आंकड़े नहीं, अंतरात्मा की आवाज पर चलता हूं

# भारत सिर्फ घरेलू पिचों पर 200+ रन नहीं बनाता : गौतम गंभीर

नई दिल्ली, एजेंसी

टी-20 वर्ल्ड कप 2026 में भारत की जीत के बाद हेड कोच गौतम गंभीर ने कई मुद्दों पर बात की। न्यूज एजेंसी ANI से बातचीत में उन्होंने भारतीय पिचों पर उठे सवालों का जवाब देते हुए कहा कि टी-20 बैटर्स का खेल है और भारत ने विदेशों में भी 200 से ज्यादा स्कोर बनाया है। भारत ने ऑस्ट्रेलिया, साउथ अफ्रीका में भी ऐसा स्कोर बनाया है। गंभीर ने अपनी कार्यशैली पर बात करते हुए कहा कि वह फैसले लेते समय डेटा से ज्यादा अपनी समझ और अंतरात्मा की आवाज पर भरोसा




करते हैं। उन्होंने संजू सैमसन को लगातार मौका देने की वजह, अपनी नियुक्ति और टीम के भविष्य पर भी चर्चा की। साथ ही पूर्व क्रिकेटर कीर्ति आजाद के ट्रॉफी को मंदिर ले जाने पर दिए बयान पर कड़ी आपत्ति जताई। उन्होंने यह भी कहा कि

*गंभीर ने कोलंबो में पाकिस्तान के खिलाफ मैच का उदाहरण देते हुए कहा कि भारत ने वहां करीब 180 रन बनाए थे, जबकि बाकी टीमें उसी पिच पर करीब 140 रन तक ही पहुंच सकीं, लेकिन तब किसी ने पिच पर सवाल नहीं उठाए। टी-20 मैच में दर्शक बड़े स्कोर देखना चाहते हैं। यही वजह है कि ऑस्ट्रेलिया, इंग्लैंड, न्यूजीलैंड और साउथ अफ्रीका में भी हाई स्कोरिंग मैच आम हो गए हैं।*

ICC टूर्नामेंट में पिचों की जिम्मेदारी इंटरनेशन क्रिकेट काउंसिल की होती है, BCCI की नहीं। उन्होंने यह भी कहा कि जरूरत पड़ने पर मैं वीवीएस लक्ष्मण और अजीत अगरकर जैसे अनुभवी लोगों से क्रिकेट पर चर्चा करता हूं।

### 'भारत में विकेट तैयार करने का आरोप गलत'

टी-20 वर्ल्ड कप के दौरान भारतीय पिचों को लेकर उठे सवालों पर टीम इंडिया के हेड कोच ने कहा कि भारत अपने फायदे के लिए पिच तैयार करता है, यह आरोप गलत है और अक्सर ऐसे बयान विवाद और टीआरपी के लिए दिए जाते हैं। गंभीर के मुताबिक टी-20 क्रिकेट अब बैटर्स का खेल बन चुका है और दुनियाभर में बड़े स्कोर बन रहे हैं। भारत ने ऑस्ट्रेलिया और साउथ अफ्रीका जैसे देशों में भी 200 से ज्यादा रन बनाए हैं, इसलिए इसे सिर्फ घरेलू पिचों से जोड़ना सही नहीं है।

टूर्नामेंट में 321 रन बनाकर विराट कोहली (2014) का रिकॉर्ड तोड़ दिया। वह प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट रहे। उन्होंने वेस्टइंडीज के खिलाफ करो या मरो मैच में नाबाद 97 रन और उसके बाद सेमीफाइनल में 89 और फाइनल में 89 की पारी खेली थी। महेंद्र सिंह धोनी ने जीत के बाद गंभीर की फोटो पर कमेंट किया था, 'आप पर मुस्कान अच्छी लगती है।' इस पर मुस्कुराते हुए गंभीर ने कहा, 'धोनी का पोस्ट करना अच्छी बात है। लेकिन जब आप डगआउट में होते हैं तो इतना कुछ दांव पर लगा होता है कि आप चाहकर भी हंस नहीं सकते। भारत में हारना कोई विकल्प नहीं है, इसलिए दबाव बहुत ज्यादा रहता है।'

### 'डेटा नहीं, अपनी समझ पर भरोसा करता हूं'

'कोच के तौर पर फैसले लेते समय मैं डेटा से ज्यादा अपनी समझ पर भरोसा करता हूं। हर कोच की टीम को लेकर अपनी अलग सोच और नजरिया होता है।' गंभीर ने कहा कि अगर मुझे लगता है कि कोई फैसला टीम के लिए सही है तो उस पर कायम रहता हूं और गलत साबित होने पर जिम्मेदारी भी स्वीकारता हूं। टीम का खेल, व्यवहार और माहौल मेरी अपनी सोच और विजन का हिस्सा है, जबकि भविष्य में आने वाला कोच अपनी सोच के साथ टीम को आगे बढ़ाएगा।

### संजू सैमसन पर बोले- फॉर्म अस्थायी है

न्यूजीलैंड के खिलाफ घरेलू सीरीज में खराब प्रदर्शन के बावजूद संजू सैमसन को वर्ल्ड कप टीम में बनाए रखने पर गंभीर ने कहा, 'मैंने उन्हें इसलिए रखा, क्योंकि मुझे पता था कि संजू टीम के लिए बहुत कुछ कर सकते हैं। न्यूजीलैंड सीरीज में उनका दौर खराब था।

## भारत विमेंस फुटबॉल एशियन कप से बाहर

सिडनी। भारत विमेंस फुटबॉल एशियन कप से बाहर हो गया है। मंगलवार को एशियन फुटबॉल कॉन्फेडरेशन (AFC) के आखिरी ग्रुप मैच में भारत को चाइनीज ताइपे के खिलाफ 1-3 से हार का सामना करना पड़ा। इसके साथ ही टीम का टूर्नामेंट में सफर समाप्त हो गया।

इस मैच में जीत भारत के लिए बेहद जरूरी थी, क्योंकि अगले दौर में पहुंचने के लिए उसे कम से कम दो गोल के अंतर से जीत दर्ज करनी थी। मुकाबले के दौरान भारतीय कप्तान स्वीटी देवी और गोलकीपर पंथोई चोटिल हो गईं, जिन्हें इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराना पड़ा। सिडनी में खेले गए इस मुकाबले में भारत ने लंबे समय तक गेंद पर नियंत्रण रखा और कई मौके भी बनाए, लेकिन अंतिम हिस्से में टीम गोल करने में नाकाम रही। इसी वजह से टीम को हार झेलनी पड़ी और टूर्नामेंट से बाहर होना पड़ा।

# वर्ल्ड कप फाइनल में अभिषेक शर्मा की फिफ्टी

### बासित अली बोले- काश ऐसे 2-3 खिलाड़ी पाकिस्तान में होते

मुंबई, एजेंसी

पाकिस्तान के पूर्व क्रिकेटर बासित अली ने भारतीय युवा ओपनर अभिषेक शर्मा पर की गई टिप्पणी को लेकर मोहम्मद आमिर की आलोचना की। उन्होंने कहा कि आमिर को ऐसे बयान देने से बचना चाहिए। आमिर ने टी-20 वर्ल्ड कप के दौरान खराब फॉर्म के बाद अभिषेक को स्लॉगर कहा था। टी-20 वर्ल्ड कप 2026 के फाइनल में अभिषेक ने शानदार वापसी की।

न्यूजीलैंड के खिलाफ अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में खेले गए फाइनल में उन्होंने तेज अर्धशतक लगाकर भारत को तेज शुरुआत दिलाई। इसके बाद भारत ने न्यूजीलैंड को 96 रन से हराकर तीसरी बार टी-20 वर्ल्ड कप का




खिताब जीता। हालांकि टूर्नामेंट की शुरुआत अभिषेक के लिए अच्छी नहीं रही थी।

बाएं हाथ के इस ओपनर ने शुरुआती तीन मैचों में लगातार तीन बार शून्य पर आउट होकर निराश किया था। इसी दौरान आमिर ने उनकी आलोचना करते हुए उन्हें स्लॉगर कहा था। पूर्व क्रिकेटर बासित अली ने एक टीवी शो के दौरान कहा, कि अगर किसी खिलाड़ी ने तीन बार शून्य भी बनाया हो तो इससे उसकी क्लास खत्म नहीं हो जाती। फॉर्म अस्थायी होती है, लेकिन क्लास हमेशा रहती है। उन्होंने कहा कि अभिषेक जैसे खिलाड़ी को इस तरह के नाम देना ठीक नहीं है और काश पाकिस्तान की टीम में भी ऐसे दो तीन खिलाड़ी होते। खिताबी जीत के बाद अभिषेक शर्मा भावुक नजर आए थे। उन्होंने कहा था, 'ईमानदारी से कहूं तो एक समय मुझे खुद पर शक होने लगा था क्योंकि यह मेरे लिए आसान टूर्नामेंट नहीं था। मैंने पहले कभी ऐसा अनुभव नहीं किया था, यह मेरा पहला वर्ल्ड कप था। अभिषेक ने बताया कि मुश्किल समय में टीम के माहौल ने उन्हें टूटने नहीं दिया।

### फीफा चीफ बोले- ट्रम्प मंजूरी देंगे, जंग के कारण टीम और फैंस पर ट्रैवल बैन लगाया था

# फुटबॉल वर्ल्ड कप के लिए अमेरिका जाएगी ईरानी टीम

**2022 के फीफा वर्ल्ड कप में ईरान और अमेरिका के बीच मुकाबला खेला गया था, जिसे अमेरिका ने 1-0 से जीता था।**

नई दिल्ली, एजेंसी

ईरान की फुटबॉल टीम अमेरिका जाकर वर्ल्डकप में हिस्सा लेगी। FIFA के अध्यक्ष जियानी इन्फैन्टिनो ने इसकी पुष्टि की है। इन्फैन्टिनो ने बताया कि उन्हें अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने भरोसा दिलाया है कि ईरान की नेशनल टीम को 2026 फुटबॉल वर्ल्ड कप खेलने अमेरिका आने दिया जाएगा। इस बार फीफा वर्ल्ड कप 11 जून से 19 जुलाई तक अमेरिका, कनाडा और मेक्सिको



की संयुक्त मेजबानी में हो रहा है। अमेरिका-ईरान के बीच जारी युद्ध के कारण ईरान पर ट्रैवल और वीजा बैन के बाद टीम की भागीदारी को लेकर सवाल उठ रहे थे। इस मसले पर फीफा ने कहा है कि टूर्नामेंट को टालना संभव नहीं है। फीफा के वर्ल्ड कप चीफ ऑपरेटिंग ऑफिसर हाइमो शिर्गी ने कहा कि स्थिति पर लगातार नजर रखी जा रही है।

### क्या कहते हैं फीफा के नियम?

फीफा नियमों के मुताबिक यदि मेजबान देश किसी टीम को प्रवेश देने से इनकार करता है तो उसकी मेजबानी भी छीनी जा सकती है।

तीन साल पहले इंडोनेशिया ने अंडर-20 वर्ल्ड कप में इजराइल टीम को अनुमति देने से इनकार किया था, जिसके बाद फीफा ने टूर्नामेंट इंडोनेशिया से लेकर अर्जेंटीना को दे दिया था।

### ईरानी फुटबॉल प्रेसिडेंट ने कहा था- हमारा वर्ल्ड कप खेलना मुश्किल

9 दिन पहले ईरानी फुटबॉल फेडरेशन के प्रेसिडेंट मेहदी ताज ने कहा था कि मौजूदा हालातों में नेशनल टीम का अमेरिका जाकर फुटबॉल खेलना बेहद मुश्किल है। उन्होंने कहा था- 'इस हमले के बाद हमसे यह उम्मीद नहीं की जा सकती कि हम आशा और उत्साह के साथ वर्ल्ड कप की ओर देखें।'

इतना ही नहीं, ट्रम्प सरकार ने ईरानी फैंस को देश में एंट्री देने से मना कर दिया था। लेकिन वर्ल्ड कप तय समय पर ही होगा। उम्मीद है कि क्वालिफाई करने वाली सभी टीमें इसमें हिस्सा लेंगी।



**इन्फैन्टिनो ने एक्स पोस्ट पर कहा- मैंने मंगलवार रात ट्रम्प से वर्ल्ड कप की तैयारियों पर चर्चा की। हमने ईरान की स्थिति और उसकी टीम की भागीदारी पर भी बात हुई।**

**ट्रम्प ने मुझे भरोसा दिलाया है कि ईरान को वर्ल्ड कप में खेलने के लिए अमेरिका आने दिया जाएगा। 21 जून को बेल्जियम और ईरान को ग्रुप' में बेल्जियम, मिस्र और न्यूजीलैंड के साथ रखा गया है।**

## मनोरंजन

### साई पल्लवी-जुनैद खान की सुकून भरी लव स्टोरी की झलक, 1 मई 2026 को सिनेमाघरों में आएगी फिल्म

# 'एक दिन' का ट्रेलर रिलीज



मुंबई, एजेंसी

Aamir Khan Productions की आने वाली फिल्म Ek Din का ट्रेलर रिलीज कर दिया गया है। ट्रेलर में Junaid Khan और Sai Pallavi की नई जोड़ी एक भावनात्मक और सुकून भरी प्रेम कहानी लेकर आती नजर आ रही है। ट्रेलर में जुनैद खान 'फॉर्च्यून बेल' यानी किस्मत की घंटी का जिक्र करते हैं। उनका कहना है कि अगर इस घंटी को सच्चे दिल से बजाया जाए तो प्यार की मुराद पूरी हो सकती है। इसी दौरान वह साई पल्लवी के किरदार मीरा को देखते हैं और मन ही मन यह दुआ करते हैं कि काश वह उनकी हो जाएं, चाहे सिर्फ एक दिन के लिए ही क्यों न हो। Sunil Pandey के



निर्देशन में बनी इस फिल्म को Aamir Khan, Mansoor Khan और Aparna Purohit ने प्रोड्यूस किया है। फिल्म 1 मई 2026 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

### साई पल्लवी की पहली हिंदी फिल्म

फिल्म 'एक दिन' Sai Pallavi की पहली हिंदी फिल्म है। साउथ सिनेमा में अपनी दमदार एक्टिंग के लिए मशहूर साई पल्लवी को हिंदी दर्शक कितना पसंद करेंगे, यह देखना दिलचस्प होगा। फिल्म के जरिए Aamir Khan और फिल्ममेकर Mansoor Khan लंबे समय बाद साथ काम कर रहे हैं। दोनों पहले Qayamat Se Qayamat Tak, Jo Jeeta Wohi Sikandar, Akele Hum Akele Tum और Jaane Tu... Ya Jaane Na जैसी यादगार फिल्मों से जुड़े रहे हैं।



### फ्रेश केमिस्ट्री ने जीता दिल

ट्रेलर में दोनों कलाकारों की केमिस्ट्री काफी नैचुरल और फ्रेश नजर आती है। जुनैद खान एक मासूम और झिझकने वाले युवक के किरदार में दिखाई देते हैं, जबकि साई पल्लवी आत्मविश्वासी और शांत स्वभाव की लड़की के रूप में नजर आती हैं। दोनों के स्वभाव का अंतर कहानी को और दिलचस्प बनाता है। इससे पहले फिल्म का टाइटल ट्रैक भी रिलीज किया जा चुका है, जिसे Arijit Singh के होमटाउन में शूट किया गया है। गाने को दर्शकों का अच्छा रिस्पॉन्स मिला और अरिजीत सिंह की आवाज ने इसमें भावनात्मक गहराई जोड़ दी।

# अदा शर्मा के पास 1 महीने से नहीं कोई काम

### वीडियो जारी कर सुनाई आपबीती, कहा- प्रोड्यूसर ने डेट्स बदलने के लिए मैनेजर को गाली दी

मुंबई, एजेंसी

द केरला स्टोरी और 1920 जैसी बेहतरीन फिल्मों में नजर आ चुकीं एक्ट्रेस अदा शर्मा को पिछले 1 महीने से कोई काम नहीं मिल रहा है। एक्ट्रेस ने एक वीडियो जारी कर बताया है कि किस तरह एक प्रोड्यूसर ने उन्हें डेट्स के लिए परेशान किया और उनका पूरा शेड्यूल डिस्टर्ब कर दिया। जब एक्ट्रेस ने जिद पर दूसरी फिल्मों का शेड्यूल बदलकर डेट्स दीं, तो वो प्रोड्यूसर कमिटमेंट से मुकर गया। उन्होंने ये भी कहा कि कुछ डायरेक्टर बहुत बदतमीज होते हैं। अदा शर्मा ने हाल ही में ऑफिशियल सोशल मीडिया अकाउंट से एक वीडियो जारी कर कहा, 'मैं तीन फिल्में शूट कर रही हूं। एक टाइम था, जब मेरे पास



काम नहीं था। पहली फिल्म की डेट्स बार-बार चेंज होकर, बाकी की दो फिल्मों से क्लैश हो रही थी। मेरी पहली फिल्म के प्रोड्यूसर ने मेरी मैनेजर से कहा कि वही डेट्स चाहिए। गालियां दीं। मैं वो गालियां बताकर अपनी फीड खराब नहीं करूंगी।' आगे अदा ने कहा, 'उन्होंने (प्रोड्यूसर ने) कहा कि कैसे भी करके यही डेट्स चाहिए। मेरी मैनेजर ने उसे पूछा कि क्या पक्का यही डेट्स चाहिए, तो उन्होंने कहा कि हां, यही चाहिए, बदल नहीं सकते।

# मॉडल ने पति पर लगाए लव जिहाद के आरोप

### प्रताड़ना से तंग आकर हिंदू संगठनों की मदद से दोबारा हिंदू बनीं

मुंबई, एजेंसी

मिस इंडिया अर्थ 2019 रह चुकीं पॉपुलर मॉडल सयाली सुर्वे ने पति पर जबरदस्ती धर्म परिवर्तन करवाने और शारीरिक-मानसिक शोषण करने के कई गंभीर आरोप लगाए हैं। मॉडल ने प्रेस कॉन्फ्रेंस के जरिए इन सभी आरोपों का खुलासा किया है। वो पिछले 10 सालों से इस स्थिति में थीं, हालांकि अब उन्होंने हिंदू संगठनों की मदद से पति से छुटकारा पाते हुए दोबारा हिंदू धर्म अपना लिया है। इसके लिए उन्होंने हवन और शुद्धिकरण करवाया है। प्रेस कॉन्फ्रेंस में सयाली ने बताया कि उन्होंने लंबे समय तक आतिफ तासे के साथ रिलेशनशिप में रहने के बाद साल 2019 में उनसे शादी की थी। सयाली का परिवार इस रिश्ते के खिलाफ था, इसके बावजूद वो परिवार के खिलाफ गईं और इस्लाम कबूल



कर शादी की। धर्म बदलकर उनका नाम अतीजा कर दिया गया था। वीडियो में उन्होंने कहा कि उनका पति आतिफ जबरदस्ती और दबाव बनाकर उनसे स्ट्रिक्ट इस्लामिक चीजें करवाता था। वो उनका शोषण भी करता था। हिंदू संगठनों की मदद से सयाली अब दोबारा हिंदू बन चुकी हैं। इसके बाद उन्होंने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस भी की, जिसमें उन्होंने बताया कि उनकी लव मैरिज हुई थी। शादी के लिए उन्हें धर्म बदलना पड़ा, जिसके बाद उनका निकाह हुआ।

# धुरंधर 2 से क्लैश का इंडस्ट्री में डर

### टॉक्सिक के बाद अदिवी शेष की डकैत की भी रिलीज टली, 19 मार्च की जगह 10 अप्रैल को आएगी

मुबंई, एजेंसी

रणवीर सिंह स्टारर मोस्ट अवेटेड फिल्म धुरंधरः द रिवेंज 19 मार्च को रिलीज होने के लिए शेड्यूल है। पहले केजीएफ स्टार यश की फिल्म टॉक्सिक भी 19 मार्च को ही रिलीज होनी थी, लेकिन रिलीज से 2 हफ्ते पहले ही मेकर्स ने इसे पोस्टपोन कर दिया है। इसके बाद अब अदिवी शेष की फिल्म डकैल भी पोस्टपोन हो चुकी है।

रिलीज डेट टाले जाने के बावजूद फिल्म को क्लैश से राहत नहीं मिली है। अब इस फिल्म का क्लैश धुरंधर 2 से नहीं बल्कि अक्षय कुमार स्टारर हॉरर कॉमेडी फिल्म भूत बंगला से होगा। उनके प्रोजेक्ट से हटने के बाद मृणाल ठाकुर ने उन्हें रिप्लेस किया था। मेकर्स की मानें तो इजरायल, अमेरिका और ईरान में चल रही जंग के चलते इसकी रिलीज टाली जा रही है। मेकर्स चाहते हैं। फिल्म डकैत में पहले श्रुति हासन लीड रोल निभाने वाली थीं, हालांकि क्रिएटिव डिफरेंस के चलते उन्होंने फिल्म छोड़ दी।




### यश की टॉक्सिक की भी रिलीज टली

केजीएफ स्टार यश और कियारा आडवाणी की मोस्ट अवेटेड फिल्म टॉक्सिक पहले 19 मार्च को रिलीज की जाने वाली थी, हालांकि रिलीज से ठीक पहले मेकर्स ने इसे पोस्टपोन कर दिया है। हालांकि इसका कारण क्लैश नहीं बताया गया। मेकर्स की मानें तो इजरायल, अमेरिका और ईरान में चल रही जंग के चलते इसकी रिलीज टाली जा रही है। मेकर्स चाहते हैं। कि फिल्म को वर्ल्डवाइड बड़े स्कैल में रिलीज किया जाए

*एक्टर अदिवी शेष ने रिलीज डेट बदले जाने की घोषणा सोशल मीडिया के जरिए की है। उन्होंने फिल्म का नया पोस्टर जारी किया है, जिसमें रिलीज डेट 19 मार्च नहीं 10 अप्रैल लिखी है। इसके साथ एक्टर ने कैप्शन में लिखा, गोल्डफिश 10 अप्रैल को, वर्ल्डवाइड सिनेमाघरों में।*



### श्रुति हासन को किया था मृणाल ठाकुर ने रिप्लेस

फिल्म डकैत में पहले श्रुति हासन लीड रोल निभाने वाली थीं, हालांकि क्रिएटिव डिफरेंस के चलते उन्होंने फिल्म छोड़ दी।

## इसमें अलग-अलग समुदायों में शादी को बढ़ावा, बच्चों को कम्युनिस्ट पार्टी से प्रेम सिखाने की बात

# चीन में 56 जातीय समूहों को एकजुट करने नया कानून

**तैयारी**

**बीजिंग, एजेंसी**

चीन में जिनपिंग सरकार एक नए कानून को मंजूरी देने की तैयारी कर रही है, जिसमें अलग-अलग जातीय समूहों (एथनिक ग्रुप्स) को एक ही राष्ट्रीय पहचान दी जाएगी। बीबीसी की रिपोर्ट के मुताबिक इस कानून का नाम 'लॉ ऑन प्रोमोटिंग एथनिक यूनिटी एंड प्रोग्रेस' है। चीन में हान, उइगुर, तिब्बती, मंगोल जैसे 56 जातीय समूह हैं। चीन की सरकार पर लंबे समय से आरोप लगते रहे हैं कि वह देश के जातीय अल्पसंख्यकों (एथनिक माइनॉरिटी) को दबाने



वाली नीतियां अपनाती है और उन्हें जबरन बहुसंख्यक हान चीनी संस्कृति में घुलने-मिलने के लिए मजबूर करती है। रिपोर्ट के मुताबिक अब चीन की संसद के सालाना सत्र में एक नया कानून पास होने वाला है। एक्सपर्ट्स और ह्यूमन राइट एक्टिविस्ट का कहना है कि यह कानून अल्पसंख्यकों के अधिकारों तथा उनकी संस्कृति के लिए खतरा बढ़ाएगा। हालांकि चीन सरकार का कहना है कि यह कानून देश में लोगों के बीच एकता बढ़ाने और देश को आधुनिक बनाने के लिए जरूरी है।

### जिनपिंग की नीति को मजबूत करेगा नया कानून

चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग पहले भी कई बार धर्म के 'चीनीकरण' की बात कर चुके हैं। इसका मतलब है कि धार्मिक परंपराएं और प्रथाएं भी कम्युनिस्ट पार्टी के हिसाब से चीनी संस्कृति और मूल्यों के अनुरूप होनी चाहिए। एक्सपर्ट्स मानते हैं कि नया कानून इसी नीति को और मजबूत करेगा। पेनसिल्वेनिया यूनिवर्सिटी के एरन ग्लासरमैन के मुताबिक, मंदारिन को बढ़ावा देने और अल्पसंख्यकों की पहचान तथा धार्मिक अभिव्यक्ति पर नियंत्रण जैसी नीतियां पहले भी लागू थीं। अब चीन सरकार इन नीतियों को सिर्फ नीति नहीं बल्कि कानून का रूप दे रही है।



### नए कानून के कुछ मुख्य बातें

- मंदारिन को ज्यादा अहमियत दी जाएगी। दूसरी भाषाओं का दर्जा घटेगा।
- अलग-अलग जातीय समूहों के बीच शादी को प्रोत्साहन मिलेगा और ऐसी शादी रोकने की कोशिशों को गलत माना जाएगा।
- माता-पिता को बच्चों को यह सिखाना होगा कि वे चीनी कम्युनिस्ट पार्टी से प्रेम करें।
- अगर कोई व्यक्ति, संगठन या गतिविधि ऐसी बात कहे या करे जिससे अलग-अलग जातीय समुदायों के बीच झगड़ा, नफरत या अलग होने की मांग बढ़े, तो उस पर रोक लगाई जाएगी।

### 'नए कानून से कम्युनिस्ट पार्टी की पकड़ और मजबूत होगी'

नेशनल पीपुल्स कांग्रेस के प्रवक्ता लू छिनजियांग ने कहा कि एथिनिक यूनिटी कानून से जातीय मामलों में कम्युनिस्ट पार्टी की पकड़ और मजबूत होगी। इससे अलग-अलग समुदायों को देश के विकास से बेहतर तरीके से जोड़ा जा सकेगा। चीन की सरकार लंबे समय से यह कहती रही है कि हान समुदाय बाकी समुदायों से आगे है। एक्सपर्ट्स का कहना है कि इसी सोच के कारण कई बार स्थानीय अधिकारी यह मानकर काम करते हैं कि अब सभी लोगों को मंदारिन भाषा बोलनी चाहिए और पारंपरिक रीति-रिवाजों को ज्यादा महत्व देने की जरूरत नहीं है। कुछ मामलों में मुसलमानों को जबरन सूअर का मांस खाने के लिए मजबूर करने या फैक्ट्रियों में हलाल खाना उपलब्ध न कराने जैसी शिकायतें भी सामने आई थीं। इसलिए संभव है कि नया कानून पूरे देश में एक जैसे नियम लागू करने की कोशिश हो।

# कजाकिस्तान में युवक को बंधक बनाया

**करनाल से घूमने गया था, हाथ-पैर टेप से बांधे**

**घरौंडा, एजेंसी**

हरियाणा में करनाल के रहने वाले एक युवक को कजाकिस्तान के अल्माटी शहर में बंधक बना लिया गया। परिवार का आरोप है कि उन्होंने इंस्टाग्राम पर एक विज्ञापन देखकर जालंधर के एक एजेंट से संपर्क किया था। 22 लाख में बेटे को कनाडा भेजने की बात तय हुई थी। 28 फरवरी को उनका बेटा और एक अन्य युवक कनाडा के लिए रवाना हुए। आरोप है कि एजेंट कनाडा ले जाने के बजाए दोनों युवकों को कजाकिस्तान ले गए और वहां एक होटल में बंधक बना लिया। उन्होंने उनके हाथ और मुंह टेप से बांध दिए और मारपीट की। उन्होंने युवक की कमर पर ब्लेड से भी वार किए। मारपीट के वीडियो बनाकर 20 लाख रुपए की डिमांड की। परिवार ने डर से 10 लाख रुपए भी भेज दिए। घरौंडा थाना



पुलिस ने युवक के पिता की शिकायत पर 4 लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। सदरपुर गांव के रहने वाले बलकार ने घरौंडा पुलिस को दी शिकायत में बताया कि मेरा बेटा निखिल कनाडा घूमने के लिए जाना चाहता था। उसने इंस्टाग्राम पर विदेश भेजने का एक विज्ञापन देखा था। इस विज्ञापन में राय इमिग्रेशन, गांव मियानी, जालंधर का पता और मोबाइल नंबर दिए गए थे। उन्होंने इमिग्रेशन के नंबर पर संपर्क किया, जहां उनकी बात मनप्रीत नाम के व्यक्ति से हुई। बाद में मनप्रीत ने उन्हें जश्न नामक व्यक्ति से मिलवाया।

# ईरान जंग से थाईलैंड में लिफ्ट के इस्तेमाल पर रोक

## पाकिस्तान में मंत्रियों की विदेश यात्राओं पर पाबंदी

**इस्लामाबाद/ढाका, एजेंसी**

ईरान जंग का असर अब एशिया के कई देशों में दिखाई देने लगा है। तेल और गैस की सप्लाई प्रभावित होने के कारण कम से कम 9 एशियाई देशों में ऊर्जा संकट गहराने लगा है। हालात ऐसे हैं कि अलग-अलग देशों को ईंधन बचाने और ऊर्जा संकट से निपटने के लिए सख्त कदम उठाने पड़े हैं। थाईलैंड ने सरकारी दफ्तरों में लिफ्ट के इस्तेमाल पर रोक लगा दी है और कर्मचारियों को सीढ़ियों का इस्तेमाल करने के निर्देश दिए हैं। साथ ही कर्मचारियों को सूट-टाई जैसे औपचारिक कपड़े पहनने से भी मना किया गया है, ताकि एयर कंडीशनर के इस्तेमाल को कम किया जा सके। दूसरी ओर पाकिस्तान में खर्च कम



करने के लिए मंत्रियों की सैलरी और विदेश यात्राओं पर रोक लगा दी गई है, साथ ही सरकारी खर्च और ईंधन उपयोग में कटौती के फैसले लिए गए हैं। दरअसल ईरान और अमेरिका-इजराइल के बीच जंग की वजह से होर्मुज स्ट्रेट बंद है, इसके चलते तेल की सप्लाई ठप्प हो गई है। होर्मुज स्ट्रेट दुनिया का बहुत अहम समुद्री रास्ता है। हर साल दुनिया के करीब 20% तेल की सप्लाई इसी रास्ते से गुजरती है। थाईलैंड में सरकार ने ऊर्जा बचाने के लिए सरकारी कर्मचारियों को वर्क फ्रॉम होम करने और दफ्तरों में लिफ्ट की जगह सीढ़ियों का इस्तेमाल करने के निर्देश दिए हैं। सरकार के प्रवक्ता के मुताबिक जिन अधिकारियों को सीधे जनता की सेवा देनी होती है, उन्हें इस नियम से छूट दी गई है। थाईलैंड के प्रधानमंत्री अनुतिन चार्नवीराकुल ने सरकारी कर्मचारियों को ऊर्जा बचाने के लिए जरूरी कदम लागू करने को कहा है। सरकार ने विदेश यात्राओं को अस्थायी रूप से रोक दिया है। ऊर्जा बचत के लिए एयर कंडीशनर का तापमान 26 से 27 डिग्री सेल्सियस के बीच रखने का निर्देश दिया गया है। अधिकारियों को सूट-टाई जैसे औपचारिक कपड़ों की जगह शॉर्ट स्लीव शर्ट पहनने की सलाह दी गई है।

### लैपटॉप-डेस्कटॉप इस साल 35% तक महंगे होंगे

नई दिल्ली। देश में अगले कुछ महीनों में लैपटॉप और डेस्कटॉप खरीदना महंगा पड़ सकता है। प्रोसेसर और ग्राफिक्स कार्ड (GPU) जैसे प्रमुख कंपोनेंट्स के दाम बढ़ने से इस साल लैपटॉप-डेक्सटॉप की कीमतों में 35% तक के उछाल की संभावना है।

मार्केट एक्सपर्ट्स का मानना है कि कीमतों में इस बढ़ोतरी की वजह से इस साल कंप्यूटर बाजार की ग्रोथ में 8% तक की कमी आ सकती है। मनीकंट्रोल की एक रिपोर्ट में इस बात की जानकारी दी गई है।

IDC इंडिया के सीनियर मार्केट एनालिस्ट भरत शेनॉय के मुताबिक, रैम (RAM) की कीमतें पहले ही 2.5 से 3 गुना तक बढ़ चुकी हैं। इससे लैपटॉप और डेस्कटॉप की कीमतों में अब तक 10-12% की बढ़ोतरी हो चुकी है। मार्च के महीने में ही 8-10% की एक और बढ़ोतरी होने की उम्मीद है।

## नोज गियर टूटा, थाइलैंड में हार्ड लैंडिंग, 133 लोग सवार थे

# एअर इंडिया एक्सप्रेस फ्लाइट का लैंडिंग के दौरान पहिया निकला

**बैंकॉक, एजेंसी**

थाईलैंड में एअर इंडिया एक्सप्रेस की फ्लाइट बुधवार दोपहर लैंडिंग के दौरान हादसे का शिकार हो गई। विमान के रनवे पर उतरते ही उसका नोज गियर टूट गया और आगे का पहिया अलग हो गया। फ्लाइट हैदराबाद से फुकेट जा रही थी। थाई अखबार द नेशन के मुताबिक घटना के बाद कुछ समय के लिए रनवे बंद करना पड़ा, हालांकि विमान में सवार सभी 133 यात्री सुरक्षित बाहर निकाल लिए गए और किसी के घायल होने की खबर नहीं है। यह फ्लाइट तय समय से पहले फुकेट पहुंच गई थी। विमान का निर्धारित लैंडिंग का समय सुबह 11:40 था, लेकिन यह 11:24 बजे ही उतर



गया। बताया जा रहा है कि विमान की लैंडिंग काफी तेज हुई, जिसकी वजह से उसके आगे वाले लैंडिंग गियर को नुकसान पहुंचा। पहिया अलग हो जाने की वजह से विमान तुरंत रनवे से हटाया नहीं जा सका। एयरपोर्ट के मुताबिक एयर इंडिया एक्सप्रेस की फ्लाइट AXB938 हैदराबाद से फुकेट आई थी। यह विमान बोइंग 737-800 था।

### 6 बजे तक फुकेट एयरपोर्ट का रनवे बंद

प्रारंभिक जांच में पता चला कि विमान की लैंडिंग काफी तेज हुई थी, जिससे नोज लैंडिंग गियर को नुकसान पहुंचा और विमान रनवे से हट नहीं सका।

फुकेट इंटरनेशनल एयरपोर्ट ने दोपहर 12:08 बजे से शाम 6 बजे तक रनवे बंद रहने की सूचना जारी की। साथ ही एयरपोर्ट प्रशासन ने संबंधित एजेंसियों के साथ मिलकर स्थिति संभाली और सभी सुरक्षा नियमों का पालन किया। एयरपोर्ट ने प्रभावित यात्रियों से कहा है कि वे एयरपोर्ट आने से पहले अपनी एयरलाइन से संपर्क कर फ्लाइट की स्थिति और यात्रा से जुड़ी जानकारी जरूर जांच लें, ताकि किसी तरह की परेशानी से बचा जा सके।

> एयरपोर्ट अधिकारियों ने स्थिति को जल्दी काबू में कर लिया। विमान में सात क्रू सदस्य, 131 यात्री और दो बच्चे सवार थे। इस घटना के बाद फुकेट इंटरनेशनल एयरपोर्ट ने रनवे को अस्थायी रूप से बंद कर दिया ताकि विमान को हटाया जा सके और रनवे की सुरक्षा जांच की जा सके।

**फास्ट न्यूज**

### लोग पालतू कुत्ते-बिल्ली छोड़कर भाग रहे

तेल अवीव/तेहरान। मिडिल ईस्ट में बढ़ते इजराइल-ईरान तनाव के बीच संयुक्त अरब अमीरात (UAE) में लोग देश छोड़ने की तैयारी में अपने पालतू कुत्तों, बिल्लियों और दूसरे जानवरों को सड़कों या शेल्टर में छोड़ रहे हैं। रेस्क्यू संगठनों के अनुसार, लोग जानवरों को बिना खाना-पानी के भीषण गर्मी में रास्ते में पोल से बांध कर छोड़ रहे हैं। एनिमल वेलफेयर वर्कर्स का कहना है।

### चीन समेत पड़ोसी देशों के लिए भारत में निवेश आसान

नई दिल्ली। केंद्र सरकार ने चीन समेत भारत के साथ बॉर्डर शेयर करने वाले यानी पड़ोसी देशों से आने वाले फॉरेन डायरेक्ट इन्वेस्टमेंट (FDI) के नियमों में ढील दी है। PM मोदी की अध्यक्षता में मंगलवार (10 मार्च) को हुई कैबिनेट मीटिंग में प्रेस नोट 3 यानी FDI पॉलिसी के नियमों में बदलाव को मंजूरी दी गई। नए नियमों के तहत अब उन निवेश प्रस्तावों को ऑटोमैटिक मंजूरी मिल जाएगी, जिनमें पड़ोसी देश के निवेशक की हिस्सेदारी 10% से कम हो और उसका कंपनी पर कोई कंट्रोल न हो। सरकार के इस फैसले का सबसे बड़ा असर भारतीय स्टार्टअप्स और डीप टेक सेक्टर पर पड़ेगा।

### दावा-सैटेलाइट से अमेरिकी लोकेशन ट्रैक कर रहा था चीन

बीजिंग। 28 फरवरी को ईरान पर पहली मिसाइल चलने से पहले ही चीनी सोशल मीडिया पर संकेत मिलने लगे थे कि अमेरिका बड़ा हमला करने की तैयारी कर रहा है। इंटरनेट पर अमेरिकी सैन्य तैयारियों से जुड़ी सैटेलाइट तस्वीरें तेजी से फैलने लगी थीं। रेगिस्तानी एयरफील्ड पर उतरते ट्रांसपोर्ट प्लेन और भूमध्यसागर में किसी विमानवाहक पोत के डेक पर तैनात फाइटर जेट दिखाई दे रहे थे। इन तस्वीरों की खास बात यह थी।

# रूस से 3 करोड़ बैरल कच्चा तेल खरीदेगा भारत

## रिलायंस-आईओसी ने बुकिंग की, ईरान जंग के बीच सप्लाई बंद होने के बाद फैसला

**नई दिल्ली, एजेंसी**

ईरान-इजराइल में जारी जंग के बीच स्ट्रेट ऑफ हॉर्मुज रूट बंद हो गया है। ऐसे में कच्चे तेल की सप्लाई बंद होने के बाद भारत करीब 3 करोड़ बैरल कच्चा तेल रूस से खरीदेगा। यह दावा ब्लूमबर्ग की रिपोर्ट में किया गया है। रिपोर्ट में बताया कि इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन (IOC) और रिलायंस इंडस्ट्रीज जैसी कंपनियों ने रूस से तेल के एग्रीमेंट किए हैं। हाल ही में अमेरिका ने समुद्र में फंसे रूसी तेल के शिपमेंट्स खरीदने के लिए भारत को 30 दिन (3 अप्रैल तक) की छूट देने का दावा किया था। हालांकि, इस पर भारतीय अधिकारी कह चुके हैं कि भारत तेल खरीदने के लिए किसी भी देश की इजाजत पर निर्भर नहीं है। रिपोर्ट के अनुसार, अमेरिका और इजरायल के ईरान पर हमलों

> शिपिंग डेटा से पता चला है कि रूसी जहाज 'मायलो' और 'सारा' जैसे कई बड़े तेल टैंकर, जो पहले सिंगापुर की ओर जा रहे थे, उन्होंने अब भारत के बंदरगाहों की तरफ अपना रास्ता मोड़ लिया है। अमेरिकी छूट मिलने के तुरंत बाद इन जहाजों के डेस्टीनेशन बदल दिए गए। रूस ने इस बार यूराल्स, एरढ्ड और वरान्डे जैसे ग्रेड का तेल ऑफर किया है।



के बाद 'स्ट्रेट ऑफ हॉर्मुज' के जरिए होने वाली तेल की सप्लाई प्रभावित हुई है। ऐसे में भारतीय रिफाइनर्स ने उन रूसी जहाजों को सुरक्षित किया है जो पहले से ही एशियाई समुद्र में मौजूद थे, लेकिन उन्हें खरीदार नहीं मिल रहे थे। ट्रेडर्स का कहना है कि इंडियन ऑयल ने करीब 1 करोड़ बैरल और रिलायंस ने भी कम से कम 1 करोड़ बैरल तेल खरीदा है। बाकी बचा हुआ तेल अन्य भारतीय रिफाइनिंग कंपनियों ने लिया है।

### ईरान ने भरोसा दिया: होर्मुज से कार्गो मूवमेंट जल्द शुरू होगा

सरकार ने ये संकेत भी दिए हैं कि होर्मुज रूट के पास जहाजों की आवाजाही जल्द ही शुरू हो सकती है।

**ईरान का रुख:** सूत्रों के मुताबिक, ईरान ने वादा किया है कि वह अपने पड़ोसी देशों को तब तक निशाना नहीं बनाएगा, जब तक कि उनके इलाके से ईरान पर हमला न हो।

**ग्लोबल ऑफर:** भारत के लिए अच्छी बात यह है कि दुनिया के कई अन्य देश भी उसे तेल और LNG सप्लाई करने में दिलचस्पी दिखा रहे हैं। अधिकारियों का कहना है कि भारत के पास अभी LNG का सरप्लस स्टॉक मौजूद है।

### सऊदी और इराक से घटाकर फिर रूस पर फोकस

पिछले कुछ महीनों में भारत ने रूस से तेल की खरीद कम कर दी थी और इसकी जगह सऊदी अरब और इराक से ज्यादा तेल लेना शुरू किया था। आंकड़ों के मुताबिक, फरवरी में रूस से आयात घटकर 10.6 लाख बैरल प्रति दिन रह गया था, जो कि 2024 के मध्य में 20 लाख बैरल प्रति दिन से ज्यादा था।



### जरूरत का 70% कच्चा तेल अब दूसरे रास्तों से आएगा

ईरान ने 'स्ट्रेट ऑफ होर्मुज' को ब्लॉक कर दिया है, जहां से दुनिया की 20% तेल सप्लाई होती है। वहीं, भारत अपनी जरूरत का 50% कच्चा तेल और 54% एलएनजी इसी रास्ते से मंगाता है, लेकिन वर्तमान हालात को देखते हुए भारत ने अपनी रणनीति बदल ली है और इस विवादित रास्ते पर निर्भरता कम कर दी है। वहीं, भारतीय कंपनियां जल्द से जल्द अपना स्टॉक भरना चाहती हैं।

### रास्ते में ही जहाजों ने भारत की ओर मोड़ा रुख

नया रूट: पहले भारत अपनी जरूरत का 60% कच्चा तेल होर्मुज के अलावा अन्य रास्तों से मंगाता था, जिसे अब बढ़ाकर 70% कर दिया गया है। इससे खाड़ी देशों में छिड़ी जंग का असर भारत की सप्लाई चेन पर कम पड़ेगा।

### सेंसेक्स 1342 अंक गिरकर 76,864 पर बंद

मुंबई। अमेरिका-इजराइल और ईरान के कारण शेयर बाजार में आज यानी 11 मार्च को गिरावट रही। सेंसेक्स 1342 अंक (1.72%) की गिरावट के साथ 76,864 के स्तर पर बंद हुआ। वहीं निफ्टी में भी 395 अंक (1.63%) की गिरावट रही, ये 23,867 पर बंद हुआ। आज बैंकिंग, ऑटो और IT शेयर्स में ज्यादा गिरावट रही। इंडिगो ने स्टॉक एक्सचेंज को दी जानकारी में बताया, कंपनी के बोर्ड ऑफ डायरेक्टर्स की आज हुई मीटिंग में CEO पीटर एलबर्स के इस्तीफे को स्वीकार कर लिया गया है। उन्हें आज बिजनेस ऑवर्स खत्म होने के बाद जिम्मेदारी से मुक्त कर दिया गया है। उनकी जगह राहुल भाटिया कंपनी के मामलों का मैनेजमेंट देखेंगे। राहुल भाटिया को लिखे अपने इस्तीफे में पीटर एलबर्स ने पद छोड़ने के पीछे निजी कारणों का हवाला दिया है। उन्होंने कंपनी से अपना नोटिस पीरियड खत्म करने की भी अपील की ताकि वे तत्काल प्रभाव से पद मुक्त हो सकें।

## गिरावट : निफ्टी भी 300 पॉइंट टूटा, बैंकिंग और ऑटो शेयर्स में सबसे ज्यादा बिकवाली

# सेंसेक्स 1200 अंक गिरकर 77,000 पर कारोबार कर रहा

**मुंबई, एजेंसी**

अमेरिका-इजराइल और ईरान के कारण शेयर बाजार में आज यानी 11 मार्च को गिरावट है। सेंसेक्स में 1200 अंक (1.58%) से ज्यादा की गिरावट के साथ 77,000 के स्तर पर कारोबार कर रहा है। वहीं निफ्टी में भी करीब 300 अंक (1.33%) की गिरावट है, ये 23,900 पर कारोबार कर रहा है। आज बैंकिंग, ऑटो और FMCG शेयर्स में ज्यादा गिरावट है। साउथ कोरिया का कोस्पी इंडेक्स 3.50% चढ़कर 5,724 के स्तर पर कारोबार कर रहा है। जापान का निक्केई 1,351 अंक या 2.50% चढ़कर 55,599 के स्तर पर कारोबार कर रहा है। हॉन्गकॉन्ग का हैंगसेंग इंडेक्स 5 अंक या 0.015% चढ़कर 25,963 पर कारोबार कर रहा है। चीन का शंघाई कंपोजिट इंडेक्स 2 अंक या 0.053% ऊपर 4,125 परकारोबार कर रहा है। डाउ जोन्स 34 अंक (0.07%)




गिरकर 47,706 के स्तर पर बंद हुआ। टेक बेस्ड इंडेक्स नैस्डैक कंपोजिट 0.005% बढ़कर 22,697 पर बंद हुआ। S&P 500 इंडेक्स 14 अंक (0.21%) गिरकर 6,781 पर बंद हुआ।

### सोना 500 रुपए महंगा हुआ, चांदी 2000 रुपए गिरी

सोने के दाम में आज बढ़त है। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन (IBJA) के अनुसार, 10 ग्राम 24 कैरेट सोना 500 रुपए बढ़कर 1.61 लाख रुपए पर पहुंच गया है। वहीं एक किलो चांदी 2 हजार रुपए गिरकर 2.71 लाख रुपए पर आ गई है।

### 10 मार्च को एफआईआई ने ₹4,672 करोड़ के शेयर्स बेचे

- एक दिन पहले विदेशी निवेशकों (FIIs) ने कैश सेगमेंट में 4,672 करोड़ के शेयर बेचे। घरेलू निवेशकों (DIIs) ने 6,333 करोड़ की नेट खरीदारी की।
- मार्च महीने में विदेशी निवेशकों ने अब तक 32,849 करोड़ के शेयर्स बेचे। वहीं घरेलू निवेशकों ने इस दौरान 48,134 करोड़ की नेट खरीदारी की है।
- फरवरी महीने में विदेशी निवेशकों ने 6,640 करोड़ के शेयर्स बेचे हैं। वहीं घरेलू निवेशकों ने इस दौरान 38,423 करोड़ की नेट खरीदारी की थी।

### बाजार गिरने की 2 मुख्य वजहें

- ईरान-इजराइल युद्ध से सप्लाई चेन बिगड़ने का डर।
- कच्चे तेल के दाम बढ़ने से भारत का इंपोर्ट बिल और महंगाई बढ़ेगी।

### कल बाजार में रही थी तेजी

इससे पहले कल यानी 10 मार्च को शेयर बाजार में तेजी रही थी। सेंसेक्स 640 अंक (0.82%) की तेजी के साथ 78,205 के स्तर पर बंद हुआ था। वहीं निफ्टी में भी करीब 233 अंक (0.97%) की तेजी रही, ये 24,262 पर बंद हुआ था। ग्लोबल मार्केट में कच्चे तेल की कीमतों में गिरावट आई हैं। ब्रेंट क्रूड करीब 0.25% गिरकर 88 डॉलर प्रति बैरल पर आ गया। अमेरिकी तेल (WTI) भी 83 डॉलर

तमसा संकेत
tamsa.news@gmail.com

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक विद्यादेवी द्वारा कृष्णा डाइनेस्टी प्रिंटिंग प्रेस म0 न0 195 सेक्टर 6-बी, वृन्दावन योजना, रायबरेली रोड लखनऊ- 226 029 (उ0प्र0) से मुद्रित कराकर तमसा संकेत भवन शहजादपुर, अकबरपुर जनपद अम्बेडकरनगर (उत्तर प्रदेश) (पिन कोड-224122) से प्रकाशित

सम्पादक : विद्यादेवी

समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा

समाचार पत्र में प्रकिाशत लेख, राजनीतिक विश्लेषण, लेखकों के अपने विचार हैं। सम्पादक का इन विचारों से सहमत होना आवश्यक नहीं हैं।
मो0- 9415799533
R.N.I. NO. 64107/96